राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 178
लखनऊ, शनिवार 28 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





10 दिन बाद भी नहीं हुआ ट्रेनों का ठहराव तो होगा आंदोलन 10

जर्मनी प्रवास से लौटे उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने का दोहराया संकल्प 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,61,830/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,48,360/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,21,410/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### समीर वानखेड़े के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2021 के कॉर्डेलिया क्रूज मादक पदार्थ मामले के संबंध में आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ शुक्रवार को अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (सीएटी) के उस आदेश के खिलाफ केंद्र की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें इस मामले में वानखेड़े के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को रद्द कर दिया गया था।

### कूचबिहार एयरपोर्ट पर फिर थमी उड़ान सेवा

**कूचबिहार।** कूचबिहार एयरपोर्ट पर विमान सेवा को लेकर एक बार फिर अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। सप्ताह में एक दिन उड़ान भरने की घोषणा के बावजूद 19 फरवरी के बाद 26 फरवरी को भी विमान नहीं उतरा। 12 फरवरी को सेवा दोबारा शुरू होने के दिन ही आखिरी बार विमान उतरा था। इसके बाद लगातार दो सप्ताह तक उड़ान नहीं आने से शहर में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### राहुल गांधी पर दोहरी नागरिकता, एफआईआर याचिका खारिज

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में राहुल गांधी के खिलाफदोहरी नागरिकता के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की याचिका खारिज करने वाले एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। यह याचिका कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर ने दाखिल की है। याची एस विग्नेश शिशिर ने पहले एमपी-एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफभारतीय न्याय संहिता, शासकीय गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने की अर्जी दी थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि राहुल गांधी दो देशों की नागरिकता रखते हैं। एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस अर्जी को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि नागरिकता से संबंधित मामलों को लेकर याची द्वारा पूर्व में भी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में तथ्य प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इसी आदेश को अब हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। आज हाईकोर्ट में याची की ओर से बहस पूरी कर ली गई। याची ने न्यायालय को बताया कि राहुल गांधी के पास दो देशों की नागरिकता और दो पासपोर्ट हैं, और वे स्वयं को ब्रिटेन का नागरिक भी मानते हैं। याची की बहस के बाद, राज्य सरकार ने बहस के लिए न्यायालय से समय मांगा। न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने इसे स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 मार्च की तारीख तय की है।

### वायु सेना ने दिखाई ऑपरेशन सिंदूर की झलक

**जैसलमेर।** भारतीय वायु सेना ने राजस्थान के जैसलमेर जिले में पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में वायु शक्ति अभ्यास के दौरान शुक्रवार को अपनी मारक क्षमता, सटीक प्रहार और एकीकृत युद्ध कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। राफेल लड़ाकू विमान ने सुपरसोनिक बूम के साथ शुरुआत की, जिससे पूरी रेंज थर्रा उठी। सुखोई-30 एमकेआई ने दुश्मन के रनवे और ठिकानों पर 44 बम गिराए। मिग-29 ने टैंक काफिले को नष्ट किया, जबकि जगुआर ने सुदर्शन फॉर्मेशन में लक्ष्य पर सटीक हमला किया। वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपने पहले शक्ति प्रदर्शन में मिराज-2000, हॉक और अन्य विमानों से रॉकेट, लेजर गाइडेड बम और मिसाइल गिराकर दुश्मन के नकली ठिकानों जैसे रडार, बंकर, एम्यूनिशन डंप, हवाई पट्टी और पेट्रोल पंप को ध्वस्त किया। कुल 18 नकली लक्ष्यों को बर्बाद किया गया। हेलीकॉप्टरों में अपाचे, प्रचंड (एलसीएच), चिनूक, एमआई-17 और चेतक शामिल रहे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रचंड हेलीकॉप्टर में भरी उड़ान

**एजेंसी, जैसलमेर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में सह-पायलट के तौर में उड़ान भर कर इतिहास रच दिया है। द्रौपदी मुर्मू स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में सह-पायलट बनकर उड़ान भरने वाली पहली राष्ट्रपति हैं। एलसीएच प्रचंड ने जैसलमेर स्थित भारतीय वायु सेना (आईएएफ) स्टेशन से उड़ान भरी। उड़ान से पहले कैप्टन ने राष्ट्रपति को जानकारी दी। जैतून के हरे रंग की वर्दी और हेलमेट पहने हुए उन्होंने प्रस्थान करने से पहले कॉकपिट से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान कॉकपिट से राष्ट्र के नाम संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक सशक्त प्रतीक है। इस समय मैं जैसलमेर जिले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मैं हमारे वीर सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। आपको मेरा सादर सलाम। जय हिंद, जय भारत। यह उड़ान लगभग 25 मिनट तक चली।



**भारत-पाक सीमा पर सह-पायलट बन रचा इतिहास**

हेलीकॉप्टर पोखरण फायरिंग रेंज के ऊपर से गुजरा, जहां भारतीय वायुसेना शाम को 'वायु शक्ति' नामक अग्नि शक्ति प्रदर्शन आयोजित करेगी। राष्ट्रपति मुर्मू दिन-दुशाला-रात्रि प्रदर्शन का भी अवलोकन करेंगी। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने राष्ट्रपति का जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पर स्वागत किया। आज की इस उड़ान के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आक्रमण हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बन गई हैं।

**उच्च-स्तरीय सहभागिता की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि**

यह राष्ट्रपति द्वारा अग्रिम मोर्चे के सैन्य प्लेटफॉर्म के साथ उच्च-स्तरीय सहभागिता की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने पिछले वर्ष अक्टूबर में अंबाला वायुसेना स्टेशन पर राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी, जिससे वह भारतीय वायुसेना के दो अलग-अलग लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बनीं। अप्रैल 2023 में उन्होंने असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में लगभग 30 मिनट की उड़ान भरी थी। इस दौरान उन्होंने ब्रहमपुत्र और तेजपुर घाटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए हिमालय का दृश्य भी देखा। एलसीएच 'प्रचंड' भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने निर्मित किया है। उन्नत एवियोनिक्स, स्टील्थ विशेषताओं, नाइट-अटैक क्षमता और एयर-टू-ग्राउंड व एयर-टू-एयर मिसाइलों, रॉकेट तथा 20 मिमी गन सहित शक्तिशाली हथियारों से लैस एलसीएच भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाता है।

## होली पर योगी सरकार का तोहफा, सभी कर्मचारियों का वेतन जारी करने के निर्देश

**तीन मार्च को छुट्टी का ऐलान**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि होली से पहले सभी सरकारी कर्मचारियों का वेतन जारी कर दिया जाए और उन्होंने चेतावनी दी कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सिंगापुर और जापान की चार दिवसीय यात्रा से लौटने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने प्रशासन को कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि होली से पहले सभी सरकारी कर्मचारियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों के अनुसार, उन्होंने अनुबंधित कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों और स्वच्छता कर्मियों का वेतन भी त्योहार से पहले जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 28 फरवरी 2026 (शनिवार) को कार्यदिवस घोषित किया। अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों को तीन मार्च 2026 को अवकाश दिया जाएगा। साथ ही, दो, तीन और चार मार्च को होली के अवकाश रहेंगे।

# केजरीवाल, सिसोदिया समेत 23 आरोपी बरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ साथ अन्य 21 आरोपियों को बरी करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) के जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ विभागीय जांच कराने का आदेश दिया।

राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने इस मामले में जिन सभी 23 आरोपियों को बरी किया है उनमें तेलंगाना से पूर्व सांसद के. कविता, विजय नायर, समीर महेंद्रू शामिल हैं। यह मामला 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा था। इस नीति को तत्कालीन केजरीवाल सरकार ने अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद वापस ले लिया था। इस आदेश के बाद श्री केजरीवाल ने न्यायपालिका में विश्वास व्यक्त किया और इस मामले को अपनी पार्टी को कमजोर करने के उद्देश्य से रची गई एक राजनीतिक साजिश करार दिया। श्री सिसोदिया ने कहा कि फैसले ने संविधान और कानून के शासन में उनके विश्वास को पुनः पुख्ता किया है। अदालत ने श्री सिसोदिया की भूमिका के बारे में कहा कि ऐसा कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है जो यह दिखाए कि उन्होंने 2021-22 की आबकारी नीति बनाने या लागू करने में गैरकानूनी तरीके से प्रभाव डाला था। अदालत ने कथित अनियमितताओं संबंधी कोई भी बरामदगी नहीं होने का भी उल्लेख किया।



**सीबीआई को कोर्ट ने लगाई फटकार**

फैसला आने के बाद सीबीआई ने कहा कि उसकी जांच के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को अदालत ने या तो नजरअंदाज किया या पर्याप्त महत्व नहीं दिया। एजेंसी ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष सीबीआई प्रथम दृष्टया मामला साबित नहीं कर सका है। अदालत ने कहा कि सीबीआई का आरोप पत्र बहुत विस्तृत था लेकिन उसमें गंभीर खामियां भी थीं। आरोपपत्र में लगाये गये आरोप, गवाहों के बयानों या रिकॉर्ड पर मौजूद पर्याप्त सबूतों से साबित नहीं हो सके हैं। अदालत ने यह भी कहा कि श्री सिसोदिया के खिलाफ कोई प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता है और श्री केजरीवाल को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया। अदालत ने जांच में कमियों को लेकर जांच एजेंसी को फटकार भी लगायी।

उसने श्री केजरीवाल के संबंध में कहा कि उनके मामले में ठोस सामग्री का अभाव था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी सबूतों के बिना एक संवैधानिक पदाधिकारी पर साजिश का आरोप लगाना स्थापित कानूनी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता है। मामले का केंद्र बिंदु रही आबकारी नीति दिल्ली सरकार ने आबकारी कारोबार में सुधार और राजस्व बढ़ाने के मकसद से पेश की थी। इसमें अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों ने आरोप लगाया था कि इस नीति से चुनिंदा निजी कंपनियों को अनुचित लाभ मिला था। गौरतलब है कि श्री सिसोदिया 2023 में अपनी गिरफ्तारी के बाद लगभग 530 दिनों तक हिरासत में रहे, जबकि श्री केजरीवाल को जून 2024 में सीबीआई ने तब गिरफ्तार किया गया था, जब वे एक संबंधित मामले में पहले से ही ईडी की हिरासत में थे। उन्हें बाद में सितंबर 2024 में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिल गयी थी।

# राष्ट्रीय बजट अल्पकालिक व्यापार दस्तावेज नहीं, नीतिगत रोडमैप : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बजट का आकलन उसके प्रत्यक्ष लाभ या प्रभाव से नहीं बल्कि इसमें निहित नीतिगत प्रयासों से होना चाहिए। असल में राष्ट्रीय बजट कोई अल्पकालिक व्यापार दस्तावेज़ नहीं होता है। यह एक नीतिगत रोडमैप होता है। ऐसे में बजट की प्रभावशीलता का आंकलन ठोस पैरामीटर्स पर किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री आज वीडियो कांफ्रेंसिंग से बजट बाद वेबिनार- विकसित भारत के लिए टेक्नोलॉजी, सुधार और फाइनेंस÷ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट को ढांचागत सुविधाओं के विस्तार, धन प्रवाह, जीवन जीने में आसानी, पारदर्शिता के साथ शासन और लोगों के लिए नए-नए अवसर बनाने की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश रिफोर्म एक्सप्रेस पर सवार है। इस प्रवाह को बनाए रखने के लिए हमें नीतिगत मंशा और उससे हासिल उपलब्धि पर भी फोकस करना है।



**बजट की प्रभावशीलता का आंकलन ठोस पैरामीटर्स पर किया जाना चाहिए**

उन्होंने कहा कि हमें एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स का व्यापक उपयोग कर पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ानी ही होगी और साथ ही शिकायत निवारण प्रणालियों से प्रभाव की निरंतर निगरानी भी करनी होगी।

प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को सरकार के ढांचागत सुविधाओं में निवेश का लभा उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में ढांचागत सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट 2 लाख करोड़ से बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया है। इतने बड़े पैमाने पर सरकारी निवेश निजी क्षेत्र के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है कि उद्योग और वित्तीय संस्थान भी नई ऊर्जा के साथ आगे आएं। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि परियोजनाओं की मंजूरी और मूल्यांकन प्रक्रिया को मजबूत करना जरूरी है, ताकि समय और पैसा बर्बाद न हो। लागत-लाभ और पूरी अवधि की लागत पर ध्यान देना चाहिए। बॉन्ड बाजार में सुधार कर दीर्घकालीन विकास, स्थिरता और विदेशी निवेश बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए भरोसा, तरलता, नए साधन और बेहतर जोखिम प्रबंधन जरूरी हैं। उन्होंने सभी हितधारकों से बजट के नए अवसरों का लाभ उठाने और मिलकर बेहतर परिणाम देने की अपील की।

**तमिलनाडु में बड़ी राजनीतिक घटना**

### पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम डीएमके में हुए शामिल



**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ है। अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के शीर्ष पद पर रहे ओ. पन्नीरसेल्वम ने पार्टी छोड़ दी है। पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम ने सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कडगम (डीएमके) में शामिल हो गए हैं। दरअसल, राज्य में पिछले कुछ दिनों से एआईएडीएमके के खेमें में खलबली सी मची थी। पार्टी के पूर्व प्रमुख ओ. पन्नीरसेल्वम पिछले कुछ दिनों से डीएमके के समर्थन में बयान दे रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम के नाराजगी झलक रही थी। शुक्रवार को ओ पन्नीरसेल्वम ने राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में डीएमके की सदस्यता ग्रहण कर ली।

## अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर उच्च न्यायालय ने अगले आदेश तक लगाई रोक

**एजेंसी, प्रयागराज।**

उच्च न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट में दर्ज एफआईआर मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को फिलहाल राहत मिल गई है। शुक्रवार को न्यायालय ने अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद अपना आदेश रिजर्व कर लिया है, लेकिन आदेश आने तक उनकी गिरफ्तार पर रोक लगा दी है।

दरअसल, पॉस्को एक्ट में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी। शुक्रवार को उनकी याचिका पर सुनवाई हुई और उच्च न्यायालय ने अविमुक्तेश्वरानंद की अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए आदेश को सुरक्षित कर लिया है।



गौरतलब है कि आशुतोष ब्रह्मचारी की अर्जी पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के आदेश के अनुपालन मेंअविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बीते रविवार झूंसी थाने में पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज़ किया गया है। झूंसी पुलिस मुकदमा दर्ज़ होने के बाद इस मामले में पूछताछ कर चुकी है। पीड़ितों के बयान और मेडिकल भी हो चुका है।

### न्यायालय ने जयदीप सेंगर के स्वास्थ्य का परीक्षण करने का दिया निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को निर्देश दिया है कि वह उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की जेल की अपनी सजा को चिकित्सकीय आधार पर निलंबित करने का आग्रह कर रहे जयदीप सेंगर के स्वास्थ्य के परीक्षण के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन करें। भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप सेंगर (50) ने मुंह के कैंसर के चौथा चरण और संभावित पुनरावृत्ति के कारण राहत का आग्रह किया। कुलदीप सेंगर को नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किए जाने का दोषी ठहराया गया था। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रवींद्र डुडेजा की पीठ ने टिप्पणी की कि जयदीप सेंगर की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र चिकित्सकीय परीक्षण आवश्यक है।

## शाइन सिटी घोटाले का मुख्य आरोपित राशिद नसीम यूएई में गिरफ्तार




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शाइन सिटी घोटाले मामले के फरार मुख्य आरोपित राशिद नसीम को सयुंक्त अरब अमीरात (यूएई) में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर हुई है।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यूपी में निवेश धोखाधड़ी और धन शोधन के मामले में भगोड़े राशिद नसीम के खिलाफ लखनऊ समेत कई जिलों में मुकदमें दर्ज हैं। उस पर आरोप है कि उसने निवेश के नाम पर लोगों से लुभावने रिटर्न का वादा कर करोड़ों की ठगी की है। पुलिस का शिकंजा कसता देख 2019 में राशिद नसीम देश छोड़कर दुबई फरार हो गया था। अब ईडी-ईओडब्ल्यू के के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर दुबई पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

उल्लेखनीय है कि लखनऊ स्थित विशेष धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट ने पिछले वर्ष अप्रैल माह में शाइन सिटी के प्रमोटर राशिद को आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओए) के तहत अपराधी घोषित किया था।

### क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन, खेल जगत में शोक की लहर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में शुक्रवार सुबह 4.36 बजे निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे और लिवर कैंसर से पीड़ित थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया के मुताबिक पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए चेन्नई से रिंकू सिंह टीम कैंप छोड़कर घर लौट गए हैं। देवजीत सैकिया ने रिंकू सिंह के पिता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बोर्ड इस कठिन समय में रिंकू और उनके परिवार के साथ खड़ा है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में कहा कि क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं रिंकू सिंह और उनके समस्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह अपार दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# तेज भूकंप से फिर कांपा पूरा बंगाल कोलकाता समेत कई जिलों में दहशत

**एजेंसी, कोलकाता।**

शुक्रवार दोपहर एक बार फिर तेज भूकंप के झटकों से समूचा बंगाल दहल उठा। दोपहर करीब 1:20 बजे कोलकाता और आसपास के जिलों में जोरदार झटके महसूस किए गए। अचानक आए भूकंप से दहशत फैल गई और लोग घरों व दफ्तरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। लोगों का कहना है कि इस तरह का तीव्र कंपन उन्होंने पहले कभी महसूस नहीं किया था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.9 से 5 के बीच रही। वहीं, कई मोबाइल अलर्ट में इसकी तीव्रता पांच बताई गई। ऊंची इमारतों में रहने वाले लोगों ने तेज झटकों का अनुभव किया। भूकंप का असर लगभग एक मिनट तक महसूस किया गया।



सूत्रों के मुताबिक, यह भूकंप सिर्फ बंगाल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी इसके झटके महसूस किए गए। कोलकाता में रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.6 दर्ज की गई, जबकि बांग्लादेश में इसकी तीव्रता 5.5 रिकॉर्ड की गई है। प्रारंभिक तौर पर भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के खुलना क्षेत्र में होने की बात सामने आ रही है।

पश्चिम बंगाल में नदिया, हुगली, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा सुंदरबन समेत कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए।

हालांकि, खबर लिखे जाने तक कहीं से भी जान-माल के नुकसान की आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। भूकंप के बाद कुछ समय तक लोगों में भय का माहौल बना रहा और कई इलाकों में लोग एहतियातन खुले स्थानों पर खड़े नजर आए।

**उपलब्धि** — एंटी-सबमरीन वॉरफेयर की क्षमताओं में और इजाफा

# आईएनएस अंजदीप नौसेना में शामिल

**भारत ने आत्मनिर्भर भारत व रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में उठाया एक और बड़ा कदम**

**एजेंसी, चेन्नई।**

भारतीय नौसेना ने अपनी पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) क्षमताओं को मजबूत करने के हिस्से के तौर पर चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर आईएनएस अंजदीप को औपचारिक तौर पर शामिल किया।

इस युद्धपोत का उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है। आठ-पनडुब्बी रोधी युद्ध जलपोत (एएसडब्लयू-एसडब्ल्यूसी) परियोजना का तीसरा युद्धपोत है।



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने इस युद्धपोत को चेन्नई बंदरगाह पर पूर्वी नौसेना कमान में आधिकारिक तौर पर शामिल किया। भारतीय नौसेना ने इसके साथ अपनी स्वदेशी पनडुब्बी-रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाया। इस उन्नत युद्धपोत को नौसेना में शामिल कर भारत ने आत्मनिर्भर भारत और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी ने स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन और निर्माण का शानदार उदाहरण पेश किया है।

भारतीय नौसेना ने कहा कि इस समारोह ने रक्षा में आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में देश की तेज तरक्की को दिखाया क्योंकि एएसडब्लयू-एसडब्ल्यूसी परियोजना ने देसी युद्धपोत डिजाइन और निर्माण का शानदार उदाहरण पेश किया है।

उल्लेखीय है कि अत्याधुनिक जलपोत अंजदीप को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता ने विकसित किया है। इसे खास तौर पर देश की सुरक्षा के लिए जरूरी तटीय और उथले पानी, तटीय लड़ाई के माहौल की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# ज्योति ने प्रोफेसर बनकर किया जिले का नाम रोशन



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक आचार्य, भूगोल (असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योग्राफी) का परिणाम जारी किया गया, जिसमें 24वीं रैंक प्राप्त कर ज्योति पाण्डेय ने जिले का मान बढ़ाया। दतौली मनकापुर निवासी पंडित बच्चन लाल पांडेय की पुत्री ज्योति पांडेय ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर जिले का नाम रोशन किया है। इनके पिता जी मनकापुर स्थित आईटीआई के हनुमान मंदिर पर मुख्य पुजारी हैं। ज्योति का चयन होने पर क्षेत्र व जिला वासियो में खुशी की लहर है। ज्योति के चयन पर पूर्व प्रत्याशी राहुल शुक्ला, उमंग मिश्रा, राम देव मिश्रा, लाल मुन्ना पांडेय, राम दीन प्रधान, शिव कुमार, नीरज व गोण्डा के अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष संगमलाल द्विवेदी, आलोक मिश्रा, महेश तिवारी, बलराम बाबु शुक्ला, संदीप तिवारी, रमेश चौबे, करुणानिधान, अंकित, आशुतोष पाठक, प्रमोद तिवारी, सहित दर्जनों लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# सीबीए में होली चौपाल आयोजित अधिवक्ताओं ने उड़ाए अबीर गुलाल



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को सिविल बार एसोसिएशन में शिव मन्दिर पर होली चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे एकता अखंडता और सौहार्द का पर्व होली के गीत से पूरा सभागार गुंजायमान रहा। सभी अधिवक्ता एक दूसरे को अबीर लगाकर फूल की वर्षा कर होली की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन विजय प्रकाश त्रिपाठी, महामंत्री गौरी शंकर चतुर्वेदी, महामंत्री डीबीए सुनील कुमार पांडे, पूर्व अध्यक्ष राम बुझारत दूवेदी, पूर्व मंत्री मनोज मिश्रा, राजकुमार दूवेदी, संदीप तिवारी, मिर्त्युजय त्रिपाठी, राजेंद्र पांडेय, सुनील ओझा, जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला, राम आशीष त्रिपाठी, पवन पाठक, संतोष ओझा, कृष्ण मुरारी मिश्रा, संदीप पांडेय, विवेक ओझा, चन्द्रमाणि तिवारी, रुपेश मिश्रा, अवध बिहारी शरण पांडेय, महेंद्र मोहन मिश्रा, संत बक्श मिश्रा, शिवम् सिंह रैकवार, ग्रीस तिवारी, आदित्य तिवारी, प्रमोद चौबे, मोहित तिवारी, पूर्व मंत्री प्रदीप पांडेय, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्रा, घनश्याम पांडेय, बृजेश पांडेय प्रमोद ओझा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, वैभव पति त्रिपाठी, हिमांशु ओझा, महेश शुक्ला, महेश तिवारी, बलराम बाबु शुक्ला, आलोक मिश्रा, सैकड़ो सैकड़ो अधिवक्ता होली मिलन समारोह में मौजूद रहे।

# रंग बिरंगी अबीर गुलाल के साथ निकली सतरंगी निशान शोभायात्रा

- पहली बार बाबा श्याम को चढ़ा सूरजगढ़ का निशान



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।** एक दिवसीय कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को सुबह भव्य निशान शोभा यात्रा धूमधाम से रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से निकाली गई जो अग्रसेन चौराहे से होते हुए साहबगंज नूरामल मंदिर होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी से वापस घूमकर श्री श्याम मंदिर में बाबा खाटूश्याम जी के चरणों में निशान अर्पित कर दर्शन कर आर्शीवाद लिया। गोन्डा में पहली बार राजस्थान प्रांत में स्थित सूरजगढ से निशान गोन्डा के निशान शोभायात्रा में चल रहा था.निशान शोभायात्रा में श्याम प्रेमी .... मोर छड़ी को झाड़ों तू लगवा कर देख ले ....डोरी खींच के निशान,...,हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं ... हम तो बाबा को निशान चढ़ावा गा ....आदि भजनों पर श्याम प्रेमी खूब झूमे। निशान शोभायात्रा में जनपद के आसपास जनपदों से श्याम प्रेमी शामिल हुए।निशान शोभायात्रा में भक्त जगह-जगह पर बाबा का दर्शन कर आरती उतार कर आर्शीवाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

# उन्नतिशील गन्ना प्रजातियां बोएं किसान बंधु : महाप्रबंधक

- बजाज चीनी मिल कुन्दरखी ने निकाली कृषक जागरूकता रैली



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल लिमिटेड कुन्दरखी के महाप्रबंधक ए.के. सिंह के निर्देशन में बसंतकालीन गन्ना बुवाई में अस्वीकृत अज्ञात गन्ना प्रजातियों की बुवाई नही करने के लिए एवं किसानों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से वृहद जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह व महाप्रबंधक ए.के. सिंह ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषक जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील प्रजातियों जैसे को. 0118, 15023, को. लख. 14201, 16202, कोशा. 18231, 17231 तथा जलप्लावित क्षेत्र के लिए 94184, को. 98014, 13231 आदि की बुवाई के लिए प्रेरित करना है। महाप्रबंधक ने समय से बुवाई कर पेड़ी गन्ने का अच्छा प्रबंधन करके अधिक लाभ प्राप्त करने की अपील किया। साथ आर.एमडी. एवं मलचर के प्रयोग पर जोर दिया व फ़सल स्वस्थ की दशा मे द्वितीय पेडी रखने जोर दिया। इकाई प्रमुख श्री सिंह ने रैली में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बसंतकालीन गन्ना बुवाई के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने रैली के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया। रैली में गन्ना विभाग के प्रतिभागियों ने वाहनों पर झंडी लगाकर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण किया। रैली चीनी मिल गेट से निकल कर कहोबा, विद्यानगर, मलारी, महादेवा, इंद्रापुर, सालपुर, जोगापुर, खिरई खिरवा, खिरिया, मझगवां व तुर्काडीहा आदि ग्रामसभा होते हुए बंधवा सेंटर पहुंची, जहां किसान गोष्ठी आयोजित हुई। इसके उपरांत रैली डुमरिहाडीह, तरबगंज व दर्जीकुआं होते हुए वापस चीनी मिल गेट पर पहुंच कर समाप्त हुई। किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए दिए जाने वाले अनुदान के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने कृषकों से उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों को बोने की सलाह दिया तथा अस्वीकृत अज्ञात गन्ना प्रजातियों की बुवाई नही करने पर जोर दिया। महाप्रबंधक ए.के. सिंह ने किसानों को बताया कि गन्ना सर्वेक्षण के दौरान गन्ने का जमाव न होने अथवा छोटी अवस्था में ठीक पहचान न होने अथवा मिश्रित गन्ना होने के कारण गन्ना प्रजाति को अंकित करने में त्रुटिया रही हैं, अपने सुपरवाइजर से मिलकर उसे अभी ठीक करा लें।

## देवीपाटन आयुक्त व जिला अधिकारी से शिकायत कर तालाब पर कब्जा हटवाने की किया मांग

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिला अधिकारी व देवीपाटन आयुक्त व मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र देकर कहा की गांव में तालाब पर बनाये गये मकान एवं अतिक्रमण की गई जमीन को खाली कराये जाने के सम्बन्ध में। ग्राम पंचायत मोकलपुर विकास खण्ड झंझरी ग्राम पंचायत के बीच में स्थित तालाब गाटा संख्या-599 क्षेत्रफल 0.5220 एवं गाटा संख्या-595 क्षेत्रफल 0.850 जिसमें ग्राम का बरसात का पानी गिरता है तथा निकटतम घर के नालियों एवं सड़क का पानी भी इसी तालाब में गिरता है और अधिक पानी हो जाने पर इसी तालाब के रास्ते नदी में चला जाता है। परन्तु कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तालाब पर मकान बना लिया गया है और सामने पाटकर बगल से निकलती पक्की सडक का पुल जो ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग गोण्डा द्वारा सड़क पर हो रहे ।

# 21.3 किलो गांजा बरामद, तस्कर मौके से फरार

- सीमा पर नशे के सिंडिकेट पर सर्जिकल स्ट्राइक

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



भारत-नेपाल सीमा पर नशे के काले कारोबार के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने जोरदार प्रहार करते हुए तस्करी के नेटवर्क की कमर तोड़ दी। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 59वीं वाहिनी ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) लखनऊ और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन चलाकर 21.3 किलोग्राम गांजा जब्त किया। 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के नेतृत्व में बुधवार को चलाए गए इस तेज-तर्रार अभियान में खुफिया इनपुट मिलते ही टीम ने मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपिया में दबिश दी। सूचना थी कि घर को नशे के अवैध भंडार में बदल दिया गया है। संयुक्त टीम ने दोपहर करीब 3:15 बजे चारों ओर से घेराबंदी कर छापा मारा। कार्रवाई की आहट मिलते ही आरोपी चंद्र प्रकाश फरार हो गया, लेकिन सुरक्षाबलों ने घर की बारीकी से तलाशी ली। एसएसबी के स्वान दस्ते के प्रशिक्षित डॉग 'रॉक' ने एक कमरे में रखे पीले बोरे पर सटीक इशारा किया। बोरा खोलते ही छह प्लास्टिक पैकेट बरामद हुए, जिनसे गांजे की तीखी गंध उठ रही थी। वजन में कुल 21.3 किलोग्राम सूखा गांजा निकला। एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बरामद मादक पदार्थ को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मोतीपुर थाने को सौंप दिया गया है। फरार तस्कर की तलाश में लगातार दबिशें दी जा रही हैं और एजेंसियां पूरे नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने के लिए बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही हैं। सीमा पर बढ़ती सख्ती से नशे के सौदागरों में खलबली मची हुई है।

## खबरें एक नजर में

### महिला को पड़ोसियों ने खींचकर पीटा

**जमीन को लेकर हुआ था विवाद**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र स्थित बदरौली गांव में शुक्रवार सुबह घर के सामने सफाई कर रही एक महिला पर उसके पड़ोसियों ने हमला कर दिया। इस दौरान पुरुष और महिलाओं ने उसे जमकर पीटा। पीड़िता ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बदरौली गांव निवासी शिवशंकर पांडे की पत्नी ममता पांडे सुबह अपने घर के सामने साफ-सफाई कर रही थीं। तभी अचानक कुछ पड़ोसियों ने उन पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब तक परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचते, हमलावरों ने ममता की पिटाई कर दी। पीड़िता ने कैसरगंज थाने में कृष्ण गोपाल पांडे, श्रवण कुमार, मनोज और प्रवेश पांडे के खिलाफ तहरीर दी है। कैसरगंज थाना प्रभारी राजेश शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मारपीट में शामिल एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पीड़ित शिवशंकर पांडे ने बताया कि उनकी अपनी जमीन पर किए जा रहे निर्माण कार्य को विपक्षियों ने रुकवा दिया था। उन्होंने आशंका जताई कि यदि स्थानीय तहसील प्रशासन ने इस विवाद का शीघ्र समाधान नहीं किया, तो आने वाले समय में कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** युवा राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शहर के पीपल तिराहे के पास स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री का पुतला जलाया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कार्यकर्ताओं से पुतला छीनकर बुझाने का प्रयास किया। यह प्रदर्शन एआई समिट के दौरान कांग्रेस नेता उदयभान चिब की गिरफ्तारी के विरोध में किया गया था।जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि मौजूदा सरकार तानाशाही कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। इस प्रदर्शन में पार्टी के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रमजान का पहला अशरा मुकम्मल, दूसरे अशरे की शुरुआत, मगफिरत का दौर

**उतरौला (बलरामपुर)।** रमजान का पहला अशरा मुकम्मल हो रहा है और ग्यारहवें रोजे से दूसरे अशरे का आगाज हो रहा है। रमजान में कुल तीन अशरे होते हैं - पहला अशरा रहमत (दया) का, दूसरा अशरा मगफिरत (माफी) का और तीसरा अशरा जहन्नम से आजादी का। मौलाना व कारी सिराज अहमद ने बताया कि रमजान के ये तीनों अशरे मिलकर इसे रूहानी और पवित्र बनाते हैं। इसमें इबादत, रोजा और कुरआन की तिलावत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। अल्लाह की विशेष दया और बरकतें बंदों पर नाजिल होती हैं। आखिरी अशरे में लैलतुल कद्र (हजार महीनों से बेहतर रात) आती है, जिस रात को जागकर मोमिन अल्लाह की इबादत करते हैं। इसी अशरे में मस्जिदों में एतिकाफ बैठते हैं। मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने रमजान के पहले अशरे को रहमत, दूसरे अशरे को मगफिरत और तीसरे अशरे को नरक से मुक्ति पाने वाला महीना बताया है। इन दिनों अधिक से अधिक इबादत, कुरआन की तिलावत और गरीबों की मदद करनी चाहिए।

**एत्तेकाफ क्या है-** एत्तेकाफ इस्लाम धर्म की एक आध्यात्मिक साधना है जिसमे व्यक्ति रमजान के अंतिम दस दिनों में 20रमजान की शाम चांद दिखने तक के लिए खुद को मस्जिद में एकांतवास (अलग)कर लेता है इसका उद्देश्य सांसारिक कार्यो से दूर रहकर अल्लाह की इबादत करना है, कुरान की तिलावत करना एंव शब-ए-कद्र की तलाश मे संपूर्ण समय व्यतीत करना है,

**महत्व-** इसे रूहानी (आध्यात्मिक )सुकून और अल्लाह के करीब आने का एक पवित्र जरिया माना जाता है।

## कैसरगंज सांसद आवास के बाहर तालाब में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव, क्षेत्र में हड़कंप



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब विश्नोहरपुर गांव के रजवनपुरवा निवासी एक युवक का शव कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह के आवास के बाहर स्थित तालाब में संदिग्ध अवस्था में उतराता मिला। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान झगरू (40) पुत्र दरबारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह बीते तीन दिनों से लापता था। घर से निकलने के बाद वह वापस नहीं लौटा, जिसके बाद परिवारजन उसकी तलाश में जुटे थे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने सांसद आवास के बाहर स्थित बड़े तालाब में एक शव उतराता देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। नवाबगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त कराई। पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना नवाबगंज पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में मृतक के शराब सेवन का आदी होने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

# 2 करोड़ की सड़क या कमीशन का कॉरिडोर ?

- उर्रा-खालेपुरवा में जांच के बीच अधिकारियों की चुप्पी ने बढ़ाए शक

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



मोतीपुर क्षेत्र के उर्रा-खालेपुरवा मार्ग पर बनी करीब 2 करोड़ रुपये की सड़क अब विकास नहीं, बल्कि गंभीर अनियमितताओं के आरोपों का केंद्र बन गई है। दो वर्ष पहले बने इस मार्ग को लेकर शुरुआत से ही गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे। शिकायतें शासन तक पहुंचीं, टीम गठित हुई, और बृहस्पतिवार को जांच के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एक बाई एक डामर-रोड़ी का सैंपल अलग भरा गया। जी-2, जी-3 और जी-4 का 50/50 अनुपात में सैंपल लिया गया। पूरी प्रक्रिया तकनीकी तौर पर की गई, लेकिन असली सवाल तब उठा जब मीडिया ने जवाब चाहा– और मौके पर मौजूद अधिकारियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मौके पर प्रदीप कुमार वर्मा (पीडब्ल्यूडी अभियंता, बहराइच) के साथ एई अंकित और एई अनुपमा भी मौजूद रहे। जब उनसे सवाल किए गए, तो स्पष्ट कहा गया कि वे 'वर्जन देने के लिए अधिकृत नहीं हैं।' यह जवाब अपने आप में कई आशंकाओं को जन्म देता है। यदि सब कुछ मानकों के अनुरूप हुआ है, तो पारदर्शिता से परहेज़ क्यों? और यदि गड़बड़ी नहीं है, तो तथ्य सार्वजनिक करने में संकोच कैसा? स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र की कई सड़कें एक-दो वर्ष के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। कहीं डामर की परत पतली, कहीं गुणवत्ता नियंत्रण पर सवाल। आरोप यह भी हैं कि निर्माण कार्यों में निगरानी तंत्र कमजोर पड़ जाता है और परिणामस्वरूप जनता को अधूरी या कमजोर सड़कें मिलती हैं। सबसे बड़ा सवाल अब यही है– क्या यह जांच वास्तविक जवाबदेही तय करेगी, या फिर फाइलों में सिमटकर रह जाएगी? क्या 2 करोड़ की लागत से बनी सड़क की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच होगी? जनता अब केवल औपचारिक निरीक्षण नहीं, ठोस कार्रवाई और स्पष्ट रिपोर्ट चाहती है। यदि निर्माण में मानकों से समझौता हुआ है, तो जिम्मेदारी तय होना ही लोकतांत्रिक जवाबदेही की कसौटी।

# पुलिस कस्टडी में मेडिकल संचालक की मौत

- छेड़छाड़ के आरोप में युवक को किया था गिरफ्तार
- थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस हिरासत में एक मेडिकल स्टोर संचालक की मौत हो गई। नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में उन्हें रामगांव थाना पुलिस ने हिरासत में लिया था। इस मामले में उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। देहात कोतवाल को मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। मृतक की पहचान 55 वर्षीय राकेश चंद्र श्रीवास्तव उर्फ गोपाल के रूप में हुई है, जो रामगांव थाना क्षेत्र के गोविंदपुर चौराहे पर मेडिकल स्टोर चलाते थे। गुरुवार शाम करीब छह बजे थानाध्यक्ष गुरुसेन सिंह और सिपाही पवन सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी उन्हें दुकान से पकड़कर थाने ले गए थे। परिजनों का आरोप है कि जब वे जानकारी के लिए थाने पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें भगा दिया। करीब तीन घंटे बाद रात नौ बजे थाना प्रभारी ने परिजनों को गोपाल की तबियत खराब होने की सूचना दी। जब मृतक का बेटा और भतीजा आयुष थाने पहुंचे, तो गोपाल बेसुध पड़े थे। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। भतीजे आयुष ने बताया कि चाचा को उसी हालत में पुलिस कर्मी जीप से लाकर घर पर छोड़ चले गए । उनकी सांसे नहीं चल रही थी । हम लोग उन्हें लेकर जिला अस्पताल इमर्जेंसी पहुंचे तो वहां पर तैनात चिकित्सक शिवम ने बताया कि इनकी मौत हो चुकी है। जैसे ही इस बात की सूचना इलाके में पहुंची तो लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई । सभी ने थाने में मारपीट के दौरान उनकी मौत की बात कही। सूचना पर देर रात पुलिस क्षेत्राधिकारी पवन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । उन्होंने बताया कि मृतक के खिलाफ इलाके के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था । इसी को लेकर पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया था। तबियत खराब होने पर परिजनों के साथ उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया था। परिजनों के आरोप पर थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों पर मॉब लीचिंग की धारा 103/2 में मुकदमा दर्जकर किया गया है। देहात कोतवाल दद्दन सिंह पूरे मामले की जांच करेंगे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## गन्ना भुगतान में देरी से नाराज किसान, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**उतरौला (बलरामपुर)।** इटई मैदा स्थित बजाज चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों के बकाया भुगतान में देरी किए जाने से नाराज किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि मिल प्रबंधन द्वारा अब तक केवल लगभग दस दिन के गन्ने का ही भुगतान किया गया है, जबकि शेष राशि लंबे समय से बकाया है। ज्ञापन में बताया गया कि गन्ना किसानों ने अपनी उपज नियमानुसार चीनी मिल को आपूर्ति की, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं किया गया। इससे किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की बैठक संपन्न

- योजनाओं की प्रगति व बजट व्यय की हुई गहन समीक्षा



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों को योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**सीएम डैशबोर्ड के बिंदुओं पर विशेष समीक्षा**

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है, अतः सभी विभाग अपने-अपने प्रगति सूचकांकों में सुधार लाएं। उन्होंने पोर्टल पर समय से एवं शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग सुनिश्चित किए जाने , जिन योजनाओं की रैंकिंग कम है, उनमें सुधारात्मक कार्यवाही कर प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष स्वयं प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि डाटा की शुद्धता और पारदर्शिता सर्वोपरि है। गलत अथवा विलंबित प्रविष्टि की स्थिति में संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

**बजट व्यय की समीक्षा, शत-प्रतिशत उपयोग पर जोर**

बैठक के द्वितीय चरण में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के चालू वित्तीय वर्ष के बजट की विस्तृत समीक्षा की गई।

## जरवल में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** प्राथमिक विद्यालय तपेसिपाह परिसर में आयोजित स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य सेवाओं और जनजागरूकता का संगम देखने को मिला। मेले का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरवल के अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया। यह आयोजन स्वास्थ्य विभाग, मोबियस फाउंडेशन और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक कुरीति है, बल्कि यह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा भी है। कम उम्र में विवाह और गर्भधारण से एनीमिया, कुपोषण और प्रसव जटिलताओं का जोखिम बढ़ जाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और बाल विवाह जैसी प्रथाओं को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें। स्वास्थ्य मेले में कुल 578 लाभार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 447 लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ लिया। 227 लोगों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। नेत्र जांच शिविर में 46 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 30 में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए और 6 लाभार्थियों ने ऑपरेशन के लिए सहमति दी। मेले में परिवार नियोजन सेवाओं पर विशेष जोर दिया गया। 74 लोगों को परिवार नियोजन संबंधी परामर्श दिया गया, जबकि 16 लाभार्थियों ने अस्थायी साधनों का उपयोग शुरू किया। सामुदायिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और 22 परिवार नियोजन लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 32 नए आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। किशोरियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी परामर्श प्रदान करते हुए 33 सैनिटरी पैड वितरित किए गए। मेले में 63 बच्चों ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्साह बढ़ाया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष राना ने परिवार नियोजन सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ और सशक्त परिवार के निर्माण में नियोजित मातृत्व की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि अस्थायी एवं स्थायी दोनों प्रकार के साधन सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। दंपतियों को सही समय पर परामर्श और सेवाएं मिलें, इसके लिए सीएचसी पर परिवार नियोजन परामर्श केंद्र की स्थापना भी की गई है। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत कुमार (नेत्र सर्जन), जनपदीय एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. निर्मेश श्रीवास्तव, आरबीएसके मैनेजर गोविंद रावत, मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार तथा पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से वरुण शर्मा, डॉ. शोभा और हिना मेहरोत्रा व ग्राम प्रधान उमेश प्रताप गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### हाइवे पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे जा घुसा ऑटो, दो सवारियां गम्भीर रूप से घायल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाईवे पर खड़ी गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से ऑटो घुस जाने से ऑटो की दो सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने दोनों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे हाइवे स्थित अग्रवाल ढाबा के पास सड़क पर खड़ी गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से मीरानपुर कटरा की ओर से सवारियां भरा ऑटो जा घुसा। जिसमें मीरानपुर कटरा के मुहल्ला बाजार निवासी शिवम मौर्या और तिलहर के मुहल्ला उम्मरपुर निवासी अहमद अली गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलो को सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### गलत फोटो खींचने के विरोध में पीटा

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बैग में बैठे ग्रामीण का गलत ढंग से फोटो खींचने का विरोध क्या किया की तीन ग्रामीणों ने उसे पीट दिया। पीड़ित की ओर से उक्त तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव धीमर गोटिया निवासी रामदास पुत्र पूरनलाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह अपने बाग में बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के ही महेंद्र, जितेंद्र व बृजेश पुत्रगण भगवान दास उसकी गलत फोटो खींचने लगे। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### डिस्ट्रिक्टशंसी में लोएस्ट 50 बूथों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ

**तिलहर-शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशों के हवाले से एसडीएम सदानंद सरोज ने कहा है कि शनिवार (आज) सुबह 9 बजे सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में लोएस्ट पचास बूथ के बूथ लेवल ऑफिसर और सुपरवाइजर और वहां के कोटेदार के साथ एक बैठक करेंगे। और एक एक की समीक्षा करके एक मार्च की सायंकाल पांच बजे तक उक्त सभी को सौ प्रतिशत लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी समाप्त करने का निर्देश देंगे। और स्वयं भी कराएंगे। ऐसे सभी ग्रामों के जो भी लेखपाल और कोटेदार होंगे उनकी जिम्मेदारी सौ प्रतिशत बूथ लेवल ऑफिसर से कराने की होगी।

### स्कूलों में बच्चों ने खेला रंग

**रोजा, शाहजहांपुर।** तिथि के भ्रम के कारण होली में 2 तारीख की रात में आग लगाई जाएगी। 1 तारीख को संडे है कल लास्ट डे आफ महीना है। इसलिए कई स्कूलों में आज बच्चों ने आपस में रंग लगाया और होली का त्यौहार बनाया। स्कूल के स्टाफ में भी टीचरों ने आपस में एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर होली की खुशियां प्रकट की। वहीं कुछ स्कूलों में जहां पेपर चल रहे हैं कल रंग खेला जाएगा। बच्चों में रंग खेलने की खुशी अलग ही दिखाई देती है। कुछ स्कूल के टीचरों ने भी बच्चों के साथ रंग खेल कर खुशियां प्रकट के बच्चों को पता था। आज होली की छुट्टी बोल दी जाएगी। इसलिए बच्चे सुबह से ही अपनी स्कूल की वर्दी में ना जाकर प्राइवेट कपड़ों में स्कूल गया और स्कूलों में छुट्टी होने के बाद जमकर रंग खेल एक दूसरे को होली की बधाई दी। अब 6 तारीख को स्कूल खुलेंगे।

### कोहरे के कारण निरस्त ट्रेनों का संचालन पुनः शुरू

**रोजा, शाहजहांपुर।** कोहरे के कारण 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक जो ट्रेनें निरस्त थी। कल से पटरी पर दौड़ने लगेगी। रोजा जंक्शन बरेली पैसेंजर शाहजहांपुर जंक्शन सीतापुर पैसेंजर शाहजहांपुर जंक्शन बालामऊ पैसेंजर शाहजहांपुर जंक्शन लखनऊ पैसेंजर मेमो बरेली जंक्शन रोजा जंक्शन पैसेंजर सीतापुर जंक्शन शाहजहांपुर जंक्शन पैसेंजर लखनऊ शाहजहांपुर जंक्शन पैसेंजर मेमू ट्रेन कोहरे के कारण 1 दिसंबर से निरस्त चल रही थी। रेल प्रशासन ने पुनः चलाने का फैसला लिया है। होली के अवसर पर मध्य बरगी और गरीब लोगों को अपने आसपास चित परिचित लोगों के यहां जाने के लिए आसानी रहेगी। वहीं हफ्ते में दो दिन त्रिवेणी एक्सप्रेस निरस्त रहती थी। जनता एक्सप्रेस हफ्ते में दो दिन निरस्त रहती थी। सभी ट्रेन प्रतिदिन चला करेंगे। मुख्य वनिज निरीक्षक श्रीकांत ठाकुर ने यह जानकारी दी।

### कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला मोजमपुर कस्बा में कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध निर्माण और रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत पर सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त ने एसडीएम तिलहर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी सुबहान अली पुत्र मोहसिन अली आदि ने 26 फरबरी को सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त रोहित कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि गाटा संख्या-58 रकबा करीब एक एकड़ में दर्ज वक्फ संख्या-1423 कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा दीवार तोड़कर कब्जा करने और अवैध निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि कब्रिस्तान तक आने-जाने के पुराने रास्ते का आवागमन बाधित कर दिया गया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार 24 फरवरी को कुछ व्यक्तियों ने कब्रिस्तान की दीवार और गेट को नुकसान पहुंचाया तथा निर्माण कार्य शुरू करने की कोशिश की। मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों और तिलहर पुलिस को वक्फ संपत्ति की पैमाइश कराने तक निर्माण रुकवाने के निर्देश दिए हैं।

### अतंरराष्ट्रीय सेमिनार में जीएफ कालेज ने लहराया परचम



**शाहजहांपुर।** अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में जीएफ कॉलेज वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं ने राजकीय डिग्री कॉलेज पिहानी में विकसित भारत 2047 समावेशी विकास, सततता और वैश्विक नेतृत्व की राहें विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में परचम लहराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक शशि कपूर रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूटान से प्रो प्राण कुमार कौल, नेपाल से प्रो संजीव बाबू एवं गणेश पोडियल तथा रोहिलखंड यूनिवर्सिटी के डॉ. सौरभ वर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर जीएफ कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ पुनीत मनीषी के नेतृत्व में वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। सेमिनार के विभिन्न तकनीकी सत्रों में विद्यार्थियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेस्ट पेपर अवार्ड अपने नाम किया। जिससे जी एफ कॉलेज का गौरव बढ़ा, साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में भी छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रौशन किया। महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब हमारे युवा समावेशी सोच, सतत विकास की भावना और वैश्विक दृष्टिकोण को अपनाएंगे। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण का आधार है। आप सभी ने अपने शोध और प्रस्तुतीकरण से यह सिद्ध किया है कि नई पीढ़ी में देश को आगे ले जाने की क्षमता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर शोध, नवाचार और समाजोपयोगी कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सेमिनार में जसनप्रीत कौर, गुलअफशा खान, अलीमा, अलकमा, गौरव सिंह भंडारी, हुमा नाज व इरम ने बेस्ट पेपर अवार्ड जीता साथ पोस्टर प्रतियोगिता में निशा, महक, अजय सिंह भंडारी ने प्रथम पुरस्कार जीता साथ ही सेमिनार में डॉ पुनीत मनीषी को तकनीकी सत्र में को-चेयरपर्सन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तनवीर आलम, डॉ. सैयद साहब हुसैन, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अनमोल सक्सेना ने बधाई दी।

# 'विश्व शांति के लिए एक क्रांति बन चुका है हार्टफुलनेस मेडीटेशन'

- रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के चौथे चरण का समापन, ध्यान और शांति पर हुआ संवाद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में चल रहे बसंत उत्सव के चौथे चरण का आज समापन हो गया। समापन अवसर पर मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, प्रशिक्षक माधो गोपाल अग्रवाल तथा मिशन की वर्किंग कमेटी के सदस्य संजय सहगल मीडिया से रूबरू हुए।

आश्रम के मेडीटेशन हाल में आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम सचिव उमाशंकर बाजपेई ने अब तक संपन्न हुए चारों चरणों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि 12 फरवरी से शुरू हुआ यह आध्यात्मिक महाकुंभ 2 मार्च तक चलेगा अब तक चार चरणों में भारत के विभिन्न प्रांतों और विश्व के 74 देशों के लगभग 25 हजार अभ्यासी शामिल हुए हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने रामचंद्र मिशन की कार्यप्रणाली, पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहज मार्ग और हार्टफुलनेस मेडीटेशन एक ही पद्धति है। श्री बाजपेई ने बताया कि शाहजहांपुर की छोटी सी गली से निकल कर सहज मार्ग विश्व के 160 देशो में पहुंच चुका है। शहीदों की धरा शाहजहांपुर से शुरू हुआ यह आध्यात्मिक आंदोलन विश्व शांति के लिए एक क्रांति बन चुका है। प्रशिक्षक



माधो गोपाल अग्रवाल ने कहा कि

बाबूजी महाराज ने 1976 में शाहजहांपुर में मिशन के पहले आश्रम की स्थापना की थी इस वर्ष हम आश्रम की पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर पांच चरणों में बसंत उत्सव मना रहे हैं इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य साधकों को ध्यान, आत्मचिंतन और आंतरिक शांति के मार्ग पर प्रेरित करना है। चारों चरणों में देश-विदेश से बड़ी संख्या में अभ्यासी आश्रम पहुंचे और सामूहिक ध्यान सत्रों में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन आता है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में वर्किंग कमेटी के सदस्य एटलांटा यूएसए से आये संजय सहगल ने ध्यान और मन की शांति के वैज्ञानिक व व्यावहारिक पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि हृदय-केंद्रित ध्यान पद्धति से व्यक्ति के विचारों में संतुलन आता है और भावनात्मक स्थिरता विकसित होती है। उन्होंने कहा कि सहज मार्ग साधना पद्धति किसी भी धर्म या वर्ग विशेष तक सीमित नहीं, बल्कि मानव मात्र के कल्याण के लिए है। उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल ने कहा कि मिशन का उद्देश्य केवल ध्यान सिखाना नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को व्यवहार में उतारना है। सेवा, संयम और सद्भाव के माध्यम से समाज में सकारात्मक वातावरण बनाना भी मिशन की प्राथमिकता है।

मीडिया संवाद के दौरान पत्रकारों ने ध्यान से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए और कई ने मन की शांति व तनावमुक्त जीवन को लेकर जिज्ञासाएं प्रकट कीं। मिशन के पदाधिकारियों ने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ बताया कि नियमित साधना से न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रेस से मिलिए कार्यक्रम का संचालन कान्हा से आये विक्रम ने किया। अंत में मीडिया प्रभारी सुयश सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस दौरान मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, एके गर्ग, राज गोपाल अग्रवाल लोकेश आदि मौजूद रहे।

## होली पर घर लौट रहे दो दोस्तों को पिकअप ने रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के खाईखेड़ा चौराहा पर गुरुवार शाम एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा जीवन और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। यह घटना शाहजहांपुर के जलालाबाद क्षेत्र में हुई एक हृदयविदारक कहानी है, जहाँ काम से घर लौट रहे दो दोस्तों के साथ यह अनहोनी हो गई। बता दे कि याकूबपुर निवासी सोनू तिवारी और अमन तिवारी बरेली में एक पुल निर्माण कार्य में मजदूरी करते थे। गुरुवार शाम को वे अपना काम खत्म कर बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वे जलालाबाद के खाईखेड़ा चौराहा पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। यह पिकअप जलालाबाद से सामान लादकर कटरा की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमन तिवारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, सोनू तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद पिकअप चालक मौके पर रुकने के बजाय वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर सोनू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल सोनू तिवारी को इलाज के लिए सीएचसी नगरिया में भर्ती कराया गया है। पुलिस फिलहाल फरार पिकअप चालक की तलाश कर रही है।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन, दी गई बधाइयां

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग ने प्रेम उल्लास व रंगों के त्योहार होली को बहुत ही धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि शिखा जैन ब डॉक्टर निवेदिता मलिक ने कार्यक्रम में पहुंचकर सभी को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी और खूब मस्ती की संरक्षक मीरा सेठ व शोभा सेठ, नीता भदोरिया नीतू कुमरा नैना आनंद ब सरोज सिंह ने दोनों के बैच लगाकर व चुनरी पहना कर उनका स्वागत किया। संस्थापक डॉक्टर नमिता सिंह के आवास पर होली मिलन का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वहां सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सभी ने ठंडाई व गुजिया का आनंद लिया। कार्यक्रम संयोजक साक्षी सिंह सपना सिंह, सुनीता सिंह, मीरा सक्सेना, तृप्ति सक्सेना , रचना अवस्थी काजल ने



कार्यक्रम को बहुत ही अच्छे ढंग से संपन्न कराया विमी सैनी, रितु, कुमुद, तानिया गुप्ता अलका वर्मा ममता वर्मा के साथ सभी सदस्यों ने ग्रुप में होली के गीतों पर खूब नृत्य किया। अध्यक्ष स्तुति गुप्ता ने बताया की होली प्रेम ब रंगो का त्यौहार है हमारी विग ने एक दूसरे के साथ मिलकर खूब मस्ती की और होली की शुभकामनाएं दी सचिव सुनीता सिंह ने बहुत सारे गेम्स खिलाएं कोषाध्यक्ष शुभा शर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी आज की कार्यक्रम के लिए सोनी गौर ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में मीनू गुप्ता इंदू सिंह उर्मिला शर्मा संगीता यादव मोहिनी यादव सुमन भदोरिया पूजा सिंह सोनी मिश्रा रितु सिंह अनीता सिंह शिवानी सिंह नेहा कौर लक्ष्मी गुप्ता तूलिका बाजपेई अर्चना अग्रवाल आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर निकाली गई रैली

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आर्य महिला डिग्री कॉलेज शाहजहांपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एवं द्वितीय इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर के सप्तम दिवस का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाएं अपने अपने कार्य क्षेत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानू दुबे एवं ऋतु शर्मा के निर्देशन में नशा मुक्त भारत अभियान पर एक रैली लेकर गई। शिविर के द्वितीय सत्र में समापन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवम माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई डॉ रानू दुबे एवम कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई ऋतु शर्मा के द्वारा मुख्य अतिथि गौरव शुक्ला (जिला प्रोबेशन), शिल्पी गुप्ता (भाजापा महानगर अध्यक्ष) एवं गायत्री दीक्षित (आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश लखनऊ की वरिष्ठ उपप्रधान का स्वागत पुष्पगुच्छ एवम स्मृति चिन्ह देकर किया गया। स्वयंसेविकाओं ने सरस्वती वंदना, गणेश वन्दना, एवं मां दुर्गा भवानी की भक्तिमय




प्रस्तुति दी। एन एस एस लक्ष्य गीत, के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। स्वयंसेविकाओं ने देश भक्ति गीत,कल्चरल प्रोग्रामस, महाभारत थीम पर नारी सुरक्षा का संदेश देते हुए ग्रुप डांस, मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक, बेटी जरूरी हैं, अंत मे होली नृत्य द्वारा सुंदर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानू दुबे ने स्वयंसेविकाओं को अपने आशीर्वचन देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य प्रेषित किया एवम सात दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की।कार्यक्रम अधिकारी ऋतु शर्मा एवं डॉ रानू दुबे ने सम्मान समारोह में शामिल हुए पत्रकार बंधुओ को पुष्पगुच्छ एवम स्मृति चिन्ह भेंट किए। शिविर समापन समारोह में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओ एवम वालंटियर्स को शील्ड भेंट की गई। अंत मे कार्यक्रम अधिकारी ऋतु शर्मा द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में सभी सम्मानित शिक्षकगण एवं पूरे कॉलेज परिवार उपस्थित रहा।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप

- हरदोई की विधवा महिला ने लगाया खुटार के युवक पर आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** जनपद हरदोई के थाना पाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक विधवा महिला ने थाना पाली जनपद हरदोई में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि खुटार क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने उसके साथ पति की मौत के बाद करीब 7 बर्ष तक शारीरिक संबंध बनाये गंधर्व विवाह किया और अब अपनाने से मना कर रहा है। महिला का आरोप है कि युवक ने उसके साथ विवाह किया जिसके बाद उसे पत्नी बनाकर उसके साथ 7 बर्ष तक शारीरिक संबंध बनाए और अब युवक उसे रखने से मुकर रहा है। बताया जा रहा है कि महिला के पति का युवक मित्र था जिसकी मृत्यु के बाद युवक उसके घर आने जाने लगा और महिला को अपनाने की बात की। लेकिन अब युवक मुकर गया और दूसरी शादी करना चाहता है। पीड़ित महिला ने शारीरिक शोषण करने व शारीरिक संबंध बनाए जाने के संबंध में पाली थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी थाना पाली जनपद हरदोई का कहना है कि लिव इन रिलेशनशिप का मामला है जांच चल रही है सुलह केंद्र जाने की सलाह दी गई थी आरोपी बाहर है कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम ने ईवीएम वीवी पैट गोदाम का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम कंपाउंड स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयरहाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सफाई एवं सुरक्षा के दृष्टिगत तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव और अभिलेखों की गहन समीक्षा की। वेयरहाउस की व्यवस्था में सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरण एवं तैनात सुरक्षा बल की स्थिति का जाएजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न



हो। निरीक्षण के क्रम में ईवीएम से संबंधित रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## टी.बी मुक्त भारत बनाना लक्ष्यः नीलम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उड़ान एक उम्मीद संस्था ने भावलखेड़ा स्थित सामुदायिक केंद्र में टीबी मुक्त समाज का अपना प्रथम कैम्प आयोजित किया। जहां पर आस-पास के मरीज़ एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के समुदाय को जागरूकता का संदेश दिया। अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने कहा कि उनकी संस्था का उद्येशय पोलियो रहित प्रदेश की भाँति टी.बी मुक्त प्रदेश बनाने का है। जिसके तहत आज से संस्था ने अपना प्रथम कैम्प आयोजित किया और अब हर माह इसी तरह का कैम्प लगाया जायेगा। जिसमे मरीजों की जाँच एवं उपचार की भी व्यवस्था थी लगभग 200 मरीज़ों का डॉ प्रदीप चौरसिया ने जाँच की एवं दवाइयाँ दी। जिन मरीज़ों में




लक्षण पाये गये उनकी जांच एवं एक्सरे भी किया गया तथा संस्था ने दस मरीज़ों को गोद लेकर पोषण पोटली भी वितरित की। इस कैम्प में सीएमओ डॉ विवेक कुमार मिश्रा एवं भावलखेड़ा सामुदायिक केंद्र के एमओआईसी समीर कुमार का विशेष सहयोग रहा। कैम्प में संस्था की उपाध्यक्ष रेखा मोदी, सचिव सोनिया गुप्ता, महामंत्री शैली गुप्ता एवं सहसचिव रश्मी गुप्ता के अतरिक्त टीबी कॉर्डिनेटर आरती सिंह, डीपीसी सिद्धार्थ गुप्ता, टीबी एस.वी आज़ाद कुमार उपस्थित रहे।

## आलू की मंदी से नहीं निकल रही फसल की लागत, किसानों ने किया आलू की खेती से तौबा

- दो वर्ष से लगातार घाटा उठा रहे आलू उत्पादक किसान

**शैलेन्द्र पाण्डेय दीपक**

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** होली का त्यौहार रबी फसलों के तैयार होने की खुशी में मनाया जाता है। किंतु रबी फसलों में सबसे पहले तैयार होने वाली नगदी फसलों में अभी तक सरसों तैयार नहीं हुई है। वहीं आलू की मंदी से किसानों की कमर टूट गई है। आलू की फसल में किसानों की लागत तक नहीं निकल पा रही है। जिससे लघु और सीमांत किसानों को होली का त्यौहार खुशियां लाने के बजाय दुश्वारियां लेकर आ रहा है। इस समय रबी की नकदी फसलों में किसानों के पास आलू की फसल ही तैयार है। जबकि सरसों की फसल को तैयार होने में अभी 10 से 15 दिन लग जाएंगे। आलू का मंडी भाव इस समय दो सौ से ढाई सौ रुपए प्रति कट्टा (55 किलोग्राम) चल रहा है। जिसमें किसानों की लागत तक नहीं निकल पा रही है। आलू की इस मंदी से किसान खून के आंसू रो रहे हैं। आलू किसानों के घाटे की कहानी,उन्हीं की जुबानी। आलू उत्पादक किसान नूर मोहम्मद कहते हैं कि एक बीघा आलू की लागत छेह से सात हजार रुपए तक आती है। तब एक बीघा खेत में 40 से 50 पैकेट आलू निकलता है। इस समय आलू का मंडी भाव दो से ढाई सौ रुपए प्रति







पैकेट (55 किलोग्राम) है। इसमें भी भाड़ा,पल्लेदारी और आढ़ती की कमीशन काटकर किसान के हाथ में बमुश्किल डेढ़ सौ रुपए प्रति कट्टा का रेट आ रहा है। जिससे आलू उत्पादक किसानों को घाटा ही घाटा है। क्षेत्र के ग्राम मौजमपुर निवासी किसान बैजनाथ कहते हैं कि दस बीघा आलू की फसल की थी। पैदावार तो अच्छी हुई,किंतु मंदी के कारण आलू खेत में ही लगा हुआ है।व्यापारी डेढ़ सौ रुपए प्रति कट्टा आलू मांग रहे हैं। जिसमें लगत तक नहीं निकल पा रही है। ऐसे में होली का त्यौहार कैसे मनाएं। जबकि बच्चे होली के त्यौहार पर नए कपड़े और जूते की मांग कर रहे हैं। बच्चों की मांग पूरी नहीं करने पर उन्हें रोना आ रहा है। कस्बे के उन्नतशील किसान प्रेमशंकर पाण्डेय का कहना है कि आलू बीज और उर्वरकों की मंहगाई और काला बाजारी से किसानों का खेती से मोहभंग हो रहा है। पिछले वर्ष भी आलू में बड़ा घाटा हुआ था। सोचा इस साल अधिक आलू की फसल करके पिछले वर्ष का घाटा पूरा कर लेंगे। सो खुद और बटाई पर करीब 15 बीघा आलू की फसल की। आलू की अच्छी पैदावार भी हुई। किंतु मंडी में आलू के गिरते भाव से भारी घाटा हो रहा है। खेत में ही लगे आलू के ढेर गर्मी पड़ते ही सड़ांध फैल जाएगी। तब लागत मूल्य से भी कम मूल्य में आलू बेचना उनकी मजबूरी होगी। गंगा की बाढ़ क्षेत्र के ग्राम कटैला नगला निवासी रामशंकर दीक्षित ने भी आलू की खेती से तोबा कर ली है। बाढ़ में खरीफ फसल नष्ट हो जाने से सोचा कि आलू की नगदी फसल करके बाढ़ से हुए नुकसान की कुछ भरपाई कर लेंगे। किंतु आलू ने भी धोखा दे दिया। आठ बीघा आलू के खेत में करीब तीन सौ पैकेट आलू निकला। किंतु मंडी में आलू की मंदी ने सभी अरमानों पर पानी फेर दिया है। दो साल से आलू की खेती में घाटा पड़ने से अब आलू की खेती करना ही छोड़ना पड़ेगा।

# भीषण गर्मी से निपटने को प्रशासन मुस्तैद

**डीएम ने सिटी हीट एक्शन प्लान रूपरेखा की तैयार**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में जनपद में हीटवेव लू प्रबंधन हेतु बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत सिटी हीट एक्शन प्लान को विकसित, क्रियान्वित और उसकी सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना रहा।डीएम ने स्पष्ट किया कि जनपद को लू के प्रकोप से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। डीएम द्वारा दिए गए प्रमुख निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद के संवेदनशील समूहों को चिह्नित करते हुए हाइड्रोलॉजिस्ट के डेटा के आधार पर लोकेशन-वाइज प्लान तैयार किया जाए। ऐसे स्थानों का चिन्हांकन हो




जहां वृक्षारोपण संभव है। ट्रैफिक सिग्नल पर राहगीरों के लिए ग्रीन शेड लगाए जाएं। समस्त पेट्रोल पंप, होटल और सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो। साथ ही गैर-सरकारी संस्थानों के साथ समन्वय कर प्याऊ लगवाने के निर्देश दिए गए। दिहाड़ी मजदूरों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं। पशुशालाओं के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर पशुओं को लू से बचाने के पुख्ता इंतजाम हों। जनपद के सभी 12 सीएचसी का ऑडिट किया जाए। समस्त अस्पतालों में 15 बेड का समर्पित हीटवेव वार्ड और हेल्प डेस्क संचालित होगा। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को भी बैठक में शामिल किया गया है। स्कूलों में नियमित अंतराल पर वाटर बेल बजाई जाएगी ताकि बच्चे पानी पी सकें। हर स्कूल में पेयजल हेतु दो घड़े अनिवार्य रूप से रखे जाएंगे, जिनकी जिम्मेदारी रसोइयों की होगी। स्वास्थ्य विभाग स्कूलों के लिए विशेष मेडिकल किट तैयार करेगा। भीषण गर्मी के दौरान बच्चों को टाईन पहनने की छूट दी गई है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों पर यात्री शेड में पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। नगर निगम रिक्शा चालकों व आमजन के लिए 10-15 स्थानों पर छायादार टेंट और पानी का प्रबंध करेगा। प्रमुख कॉलोनियों में नागरिकों को अपनी छतों पर किचन गार्डन व सब्जी उगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि स्थानीय तापमान कम रहे। इसके लिए जनपद स्तर पर विशिष्ट आईई0सी सामग्री (बैनर-पोस्टर) तैयार की जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि ग्रीष्म ऋतु के आगमन से पूर्व जनपद का प्रत्येक विभाग पूरी तरह तैयार रहे, ताकि हीटवेव के कारण जन-हानि या पशु-हानि को शून्य रखा जा सके। बैठक में नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी (वित्त), डिप्टी सी.एम.ओ., मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पुलिस विभाग, अग्निशमन अधिकारी, श्रम विभाग, जल निगम, जिला कार्यक्रम विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के जिला स्तरीय समस्त अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरोपी को पुलिस गिरफ्त से छुड़वाने के नाम पर डेढ़ लाख ठगने वालों के खिलाफ दी तहरीर



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

दलित नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में युवक को पुलिस की गिरफ्त से छुड़वाने के नामपर उसके पिता से डेढ़ लाख रुपए ठगने वाले दो युवकों के खिलाफ पीड़ित दंपति ने कोतवाल को तहरीर देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि क्षेत्र के एक गांव की दलित किशोरी को भगा ले जाने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आने बदले आरोपी युवक को पुलिस से छुड़वाने के नाम पर नगर के मोहल्ला नजर पुर निवासी युवक सलीम के पिता अली हसन से डेढ़ लाख रुपए ठग लिए गए थे। उक्त मामले में किशोरी के बयानों के आधार पर पुलिस ने सलीम को रेप पॉस्को एक्ट के तहत जेल भेज दिया था। बेटे के जेल भेजे जाने से आहत जब अलीहसन ने उक्त दोनों युवकों से डेढ़ लाख की रकम वापसी की मांग की तो उन्होंने रुपए लौटने से साफ मना कर दिया। अलीहसन ने कोतवाल जुगुल किशोर पाल को नजरपुर निवासी हाशिम तथा खैरपुर निवासी रोमान नामक युवक के खिलाफ रुपए ठगने की तहरीर दी। वहीं अली हासन ने उक्त दोनों के रुपए बापस न करने की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सुनबाई। फिलहाल कोतवाल ने एसआई नितिन मलिक को दोनो आरोपियों की धरपकड़ की जिम्मेदारी सौंप दी है।

# डीएम और एसडीएम के आदेशों पर भी मिर्जापुर पुलिस की लापरवाही भारी

**गांव के सीसी रोड को नहीं करवाया अतिक्रमण मुक्त**

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाने की पुलिस छोटे छोटे विवादों को गंभीरता से नहीं ले रही है। यही नहीं एसडीएम और डीएम के निर्देशों को भी नजरंदाज करना मिर्जापुर पुलिस की आदत बन गई है। पुलिस की लापरवाही कभी भी किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। ऐसा ही एक मामला क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर का है। जरियनपुर गांव निवासी गंगा सिंह, आशीष कुमार, गौरव यादव, हिमांशु सिंह व शोभित कुमार आदि ने बताया कि गांव के स्कूल मार्ग (सीसी रोड) पर गांव के एक दबंग परिवार ने अपना ट्रेक्टर खड़ा करने के साथ ही पशुओं को चारा खिलाने के लिए चन्नी बनाकर सीसी रोड पर पशुओं को बांधकर आम रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है। ग्रामीणों ने आम रास्ते पर पशु बांधकर अवरुद्ध किए जाने की शिकायत सबसे पहले थाना पुलिस से की। किंतु पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत



को गंभीरता से नहीं लिया। परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम कलान को प्रार्थना पत्र देकर आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाए जाने की मांग की। एसडीएम ने ग्रामीणों की शिकायत की जांच हल्का लेखपाल से करवाई। जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर एसडीएम ने थाना पुलिस को सीसी रोड को अतिक्रमण मुक्त करवाए जाने के निर्देश दिए। किंतु पुलिस ने एसडीएम के निर्देश पर भी आम रास्ते में बनी चन्नी को हटवाकर अतिक्रमण मुक्त नहीं करवाया। परेशान ग्रामीणों ने विगत दिवस कलान तहसील में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी प्रार्थना पत्र देकर सीसी रोड पर किए गए अतिक्रम को हटवाए जाने की गुहार की। तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने भी सीसी रोड से अतिक्रमण हटवाए जाने के निर्देश मिर्ज़ापुर थाना पुलिस को दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि मिर्ज़ापुर पुलिस ने डीएम के आदेश को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सीसी रोड पर बंधे पशुओं से टकराकर कई लोग घायल हो चुके हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। फिर भी मिर्जापुर पुलिस सीसी रोड से अतिक्रमण हटवाने को तैयार नहीं है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की यह लापरवाही कभी भी किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकती है।

# मोदी व ट्रंप का पुतला फूंकने जा रहे किसान कार्यकर्ताओं से पुलिस ने छीने पुतले



**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारत अमेरिका की फ्री ट्रेड डील को लेकर भाकियू चढूनी गुट के कार्यकर्ताओं ने भारत के प्रधानमंत्री व अमेरिका के राष्ट्रपति का पुतला फूंकने के लिए राजीव चौक जा रहे थे तभी पुलिस ने कार्यकर्ताओं के हाथों से पुतले छीन लिए। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह डील भारत के किसानों के लिए डेथ वारंट है। भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला बनाकर राजीव चौक पर फूंकने के लिए जा रहे थे जब यह जानकारी पुलिस को हुई तो उन्होंने कार्यकर्ताओं से दोनों पुतले छीन लिए। कार्यकर्ताओं का कहना है कि भारत सरकार किसान विरोधी नीतियों तथा भारत अमेरिका फ्री ट्रेड डील भारत के किसानों के लिए डेथ वारंट है क्योंकि भारत मे खेती परिवार पालने व अमेरिका में खेती बिजनेस के लिए होती है। अमेरिका के किसानों वहां की सरकार करोड़ो रूपये सब्सिडी देती है। भारत के 85 प्रतिशत किसान ढाई एकड़ से कम है ओर अमेरिका का किसान हजारों एकड़ का मालिक है इसलिए भारत का किसान अमेरिका के किसान से मुकाबला नही कर सकता है इसलिए भारत का किसान इस फ्री ट्रेड डील से समाप्त हो जाएगा, इस कारण भारत अमेरिका फ्री डील रद्द की जाए, किसानों का संपूर्ण कर्ज माफी की जाए क्योंकि करीब 11 वर्षो में उधोगपतियों का करीब 16. 5 लाख रुपए भारत सरकार ने माफ किया है और इसी छोटे छोटे कर्ज से परेशान होकर अब तक भारत मे करीब 4 से 5 लाख किसान आत्महत्या कर चुके है। इस बीच जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष संजय मिश्रा, सोनवीर, जिला प्रभारी महेश चंद्र, कलियान, सुखपाल सिंह, अभय सिंह, महेश हरिपाल, खान सिंह, रतीराम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन योजना... टूटी लाइन, फूटे पाइप, कैसे मिलेगा स्वच्छ जल

**सड़कों पर वह रहा पानी, निकलने को भी परेशान है ग्रामीण**

**हारून खां**

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश योगी सरकार की बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना है। ग्रामीणों ने बताया कि योजना के लक्ष्य अंतर्गत गांव, गांव, घर, घर पीने हेतु स्वच्छ पानी पहुंचाने का कार्य यूपी सरकार ने किया लेकिन योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन का कहीं पाइप फटा तो कहीं पाइप लीकेज है। अमृत के समान लाखों लीटर जल बर्बाद हो रहा है। इसके जिम्मेवार अभिज्ञय बने बैठे।

आप को बता दें कि गर्मी का मौसम लगभग आगाज करने वाला है जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत मिलने बाला नीर सभी के लिए वरदान के रूप में साबित होता है। जल ही जीवन है, बाली कहावत सत्य है। बगैर जल के इन्सान तो क्या पेड़, पक्षी, पशु, खेत, खलिहान, फसलें किसी की कल्पना नहीं की जा सकती। इस पर योगी सरकार ने प्रति व्यक्ति को स्वच्छ जल मुहैया कराने के लिए मिशन के अंतर्गत पाइप लाइने बिछबाई गई। लेकिन जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते कहीं तो पाइपलाइन फूटी पड़ी, जिससे लाखों लीटर पानी बहकर नाली तालाबों में जमा हो रहा। इसी तरह कहीं पाइप लीकेज है जिससे सड़क पर आवागमन में बाधा पड़ रही है। उत्तर प्रदेश योगी सरकार की बड़ी ही सराहनी महत्वाकांक्षी जल जीवन



मिशन योजना का लक्ष्य था। हर घर को स्वच्छ पानी पहुंचाना यह सरकार का सपना लगभग सरकार तो होता नजर आ रहा है। लेकिन इसके जिम्मेवार कर्मचारी हो या अधिकारी बिल्कुल मौन रूप धारण किए हुए हैं उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगता जन शिकायतों के बावजूद भी जनता की समस्याओं का कोई निराकरण नहीं हो रहा है और अमृत के समान जल बर्बाद हो रहा है। ब्लाक सिंधौली के ग्राम पंचायत चांदा के गांव जमदुइया, जमदिया ग्राम पंचायत भूरखेड़ा में महीनों से बीच सड़क से पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। ग्राम पंचायत बबरा में पाइप लाइन कई महीनों से लेकज, हरीबल्लवपुर में तो मैंन पाइप लाइन का पाइप फूटा जो मैंन रोड के किनारे पर है। पाइप फूटने से लाखों लीटर पानी तालाबों में भरकर जमा हो रहा है सड़क के किनारे पाइप फूटने से कोई अप्रिय घटना ना घटित हो जाए इसका डर बना हुआ है। ग्रामीणों की कई बार शिकायतों के बावजूद एन समस्याओं की आज तक किसी ने शुद्धि लेना मुनासिब नहीं समझा संबंधित कोई भी कर्मचारी इन समस्याओं की आज तक कोई शुद्ध नहीं लेने आया। ग्रामीणों की मांग है कि इन समस्याओं का तुरंत निराकरण कराया जाए जो जनहित में होगा।

# एसडीएम ने कान्हा गौशाला के लिए किया जमीन का निरीक्षण

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गोवंश सरंक्षण के योजना के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा कान्हा गौशाला निर्माण के मद्देनजर एसडीएम ने नगर से सटे ग्रामीण क्षेत्र स्थित जमीन का निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश सरकार की गोवंश संरक्षण योजना के तहत नगर पालिका प्रशासन द्वारा कान्हा गौशाला निर्माण के लिए लगातार जमीन की तलाश की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को दोपहर एसडीएम सदानंद सरोज ने ईओ सत्येंद्र प्रकाश के सानिध्य में गौशाला निर्माण के लिए नगर के बाहर चुंगी रकवा सेंटमेरी स्कूल के समीप स्थित एक जमीन का निरीक्षण किया।एसडीएम द्वारा उक्त जमीन की बाबत जानकारी लिए जाने पर क्षेत्रीय लेखपाल तरुण प्रताप सिंह ने बताया



कि मौके पर करीब 25 बीघा जमीन मौजूद है। जिसमें गौशाला का निर्माण होना संभव है। एसडीएम ने ईओ सत्येंद्र प्रकाश से योजनांतर्गत कान्हा गौशाला के निर्माण से संबंधित वार्ता की। ईओ के मुताबिक उन्हें गौशाला निर्माण के लिए करीब एक एकड़ जमीन ही चाहिए। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया है गोवंश संरक्षण के लिए जमीन अधिग्रहित कर शीघ्र गौशाला निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उधर ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि जैसे ही जमीन उन्हें मिल जाएगी। वह तत्काल गौशाला निर्माण के लिए शासन को प्रपोजल भेज देंगे।

# जनम लियो चारो भैया, अवध में बाजे बधैया..., राम जन्म का प्रसंग सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुमुक्षु आश्रम में चल रही श्री रामकथा के चौथे दिन कथाव्यास संत विजय कौशल जी महाराज ने प्रभु श्रीराम के जन्म का प्रसंग भक्तों के समक्ष इस अंदाज में प्रस्तुत किया कि श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। कथाव्यास ने सुनाया कि मनु और शतरूपा ने नैमिषारण्य में हजारों वर्षो तक कठिन तपस्या की। इससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उनसे वर मांगने को कहा। उन्होंने कहा कि, ÷ हे! प्रभु हमें आपके जैसा पुत्र चाहिए।÷ भगवान ने उन्हें उनके पुत्र के रूप में अवतरित होने का वरदान दिया। त्रेतायुग में भगवान विष्णु प्रभु श्रीराम के रूप में अवतरित होकर राजा दशरथ के पुत्र बने। राक्षसों के आतंक से जब त्राहि त्राहि मचने लगी तो नर, नारी, ऋषि, मुनि सब भगवान से रक्षार्थ प्रार्थना करने लगे। अवध के चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ संतान न होने की वजह से काफी उदास रहते थे। जब वे अपने इस कष्ट तो गुरु वशिष्ठ से कहते हैं तो वे पुत्रप्राप्ति हेतु यज्ञ करते हैं। यज्ञ के प्रसाद को ग्रहण करके राजा दशरथ को तीन रानियों से चार पुत्र प्राप्त होते हैं। प्रभु श्रीराम के जन्म पर पूरे अवध में बधाइयां बजने लगती हैं। चहुंओर जय जयकार होने लगती है एवं पूरा नगर राजभवन की ओर दौड़ पड़ता है। इसके अतिरिक्त कथाव्यास ने महाभारत का एक प्रसंग



भी श्रोताओं के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि जब अर्जुन और दुर्योधन दोनों प्रभु श्रीकृष्ण से मिलने गए, तो दुर्योधन अहंकारवश उनके सिराहने बैठ गया और अर्जुन उनके चरणों के पास बैठे रहे। जब प्रभु की आंखें खुलीं तो उन्होंने कहा कि मैंने पहले अर्जुन को देखा है, इसलिए मैं उसी की सहायता पहले करूंगा। अर्जुन सहायतास्वरूप प्रभु को ही मांग लेते हैं और अंततः युद्ध में उनकी जीत होती है। कथा के आरंभ से पूर्व व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान श्री रामचंद्र सिंघल एवं श्रीमती उमा सिंघल ने किया। आरती के उपरांत हुए प्रसाद वितरण में डॉ आलोक कुमार सिंह, श्री ईशपाल सिंह, डॉ रामनिवास गुप्ता, मीरा अग्रवाल, मिथिलेश अग्रवाल आदि का योगदान रहा। इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर श्री हरिहरानंद जी महाराज, अनंत श्री स्वामी अभेदानंद सरस्वती जी महाराज, अनंत श्री स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज, स्वामी गंगेश्वरानंद जी महाराज एवं स्वामी विवेकानंद सरस्वती जी महाराज ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कथा श्रवण करने हेतु शाहजहांपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अरविंद सिंह एवं बेबी सिंह, प्रमोद चंद्र सेठ, एस.पी. सिटी देवेंद्र सिंह, सीओ सिटी पंकज पंत, बाबूराम गुप्ता, नरेश मेहरोत्रा, एडवोकेट के.सी. खन्ना, प्रबंध त्रिपाठी, कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव प्रोफेसर अवनीश मिश्र सहित मुमुक्षु शिक्षा संकुल की सभी संस्थाओं के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220816355 का प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है,जो काफी खोजने के बाद भी नहीं मिले। जसनदीप सिंह पुत्र कुलविन्दर सिंह नि.ग्रा.- कूरा, थाना-बंडा, शाहजहांपुर।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र गुरूप्रीत सिंह को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से उसका अब कोई सरोकार नही है। **प्रताप सिंह पुत्र बचन सिंह नि.ग्रा.- बैकुण्ठापुर, थाना-खुटार,जिला-शाहजहांपुर।**

# शाहजहांपुर की जूतामार लाट साहब का जुलूस...., कोतवाल देते हैं इनाम

**भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में निकलता है जुलूस, सीसीटीवी से होती है निगरानी**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर की बड़े लाट साहब की होली बरेली मंडल में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में मशहूर हैं। यहां पर बड़े लाट साहब का जुलूस निकाला जाता हैं, जिसमें जूता, चप्पलों की लाट साहब पर बरसात होती हैं। इस जुलसू पर स्थानीय प्रशासन के साथ ही प्रदेश सरकार की भी नजर रहती हैं। जुलूस मार्ग में पड़ने वाली मस्जिदों और मजारों को तिरपाल से ढक दिया गया है। साथ ही पिछले साल की तुलना में करीब डेढ़ गुना अधिक पुलिस बल और 200 से ज्यादा मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारियों



की तैनाती की जाएगी। शहर में करीब आठ किलोमीटर के दायरे में निकलने वाले बड़े और छोटे 'लाट साहब' जुलूस की निगरानी के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

शाहजहांपुर में दशकों पुरानी जूतामार होली' परंपरा के तहत बड़े और छोटे लाट साहब के जुलूस निकाले जाते हैं, जिनमें प्रतीकात्मक रूप से लाट साहब भैंसा गाड़ी पर बैठकर निकाले जाते हैं। जिस प्रकार ब्रज की लठ्ठमार होली प्रदेश में प्रसिद्ध हैं, वैसे ही शाहजहांपुर की जूतामार लाट साहब होली भी ऐतिहासिक दृष्टि से कई मायने रखती है। 300 साल पुरानी होली पर निकलने वाले लाट साहब की प्रथा आज भी जिंदा है। शहर के चौक स्थित सेठ जी के मकान से बड़े लाट जुलूस का निकाला जाता है, फिर लाट साहब पैदल पैदल चलकर फूलमती मंदिर जाकर मत्था टेकते है, वहां से कोतवाली चौक पहुंचते हैं। जहां पर कोतवाल द्वारा लाट साहब को सलामी दी जाती है, जिसके बाद भैंसागाड़ी पर सवार होकर पूरे शहर में लाट साहब का जुलूस निकाला जाता है और लाट साहब के ऊपर फूलवर्षा के साथ साथ जूतों की वर्षा की जाती है। इस बार रामपुर के एक युवक को लाट साहब बनाया गया है। जुलूस की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन की ओर से धार्मिक स्थलों, बिजली के ट्रांसफार्मर व पोल भी ढकने शुरू कर दिए गए हैं। जुलूस निकलने वाले रुटों में संवेदनशील इलाकों में बेरीकेडिंग कर दी गई है। जुलूस की निगरानी प्रदेश स्तर से की जाएगी। ड्रोन, सीसीटीवी कैमरों व वीडियोग्राफी के माध्यम से जुलूस की एक एक गतिविधियों को कैद जाएगा। अराजक तत्वों से निपटने के लिए पर्याप्त मजिस्ट्रेट, फोर्स तैनात किए जा रहे हैं। जुलूस को देखने के लिए अभी से शहरवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

## कार्यालय नगर पंचायत कांट, जनपद- शाहजहांपुर

पत्रांक-278/न0पं0 काट / 2025-2026 दिनांक 27 फरवरी, 2026

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सम्बन्धित ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कांट, शाहजहांपुर द्वारा निविदा सूचना के माध्यम से निकाय निधि/राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से आनलाईन सम्पत्ति कर प्रबंधन प्रणाली हेतु अप्लीकेशन डेवलपमेन्ट कर प्रबंधन प्रणाली के सम्बंध में वेब बेस्ड अप्पलीकेशन डेवलपमेंट का कार्य किया जाना है जिसके अन्तर्गत सम्पत्ति पंजीकरण, बिल जनरेशन, भुगतान व रिपोर्ट आदि शामिल हैं। इस उक्त कार्य हेतु निविदा दरें दिनांक 20.03.2026 को सायं 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। जो दिनांक 23.03.2026 को 03:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत कांट में खोली जायेगीं। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 19.03.2026 को अपरांह 02:00 बजे तक की जायेगी। उक्त कार्य हेतु निविदा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | दरें | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Web Based Online Property Tax Application development<br>* Property Registration<br>* Demand/Bill Generation & Print<br>* Online/Offline Payment option<br>* Reports of Demand & Payments | - | 9,985.00 | 590.00 | 01 वर्ष |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कांट,**
**शाहजहांपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कांट,**
**शाहजहांपुर**

## विदेश नीति को बदलते प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजरायली संसद में जाकर हमास की न केवल आलोचना की, बल्कि तीन साल पहले 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की तुलना भारत में मुंबई के आतंकी हमले से कर दी। माना कि दोनों में निर्दोष लोगों की ही जान गई, लेकिन सोचने वाली बात ये है कि नरेन्द्र मोदी को यूपीए सरकार में हुआ मुंबई हमला अगर याद आया तो खुद की सरकार में हुए पुलवामा और पहलगाम जैसे बड़े आतंकी हमलों को वो कैसे भूल गए। होता तो यही है कि इंसान को हाल की बात पहले याद आती है और पुरानी बात बाद में। लेकिन मोदी जी के साथ उल्टा ही हो रहा है। उन्हें अपने कार्यकाल का कुछ याद नहीं रहता, केवल कांग्रेस की सरकारों की बातें याद पड़ती हैं। अपने संबोधन में मोदी ने गजा शांति पहल को क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में एक रास्ता बताया। यानी सीधे-सीधे अमेरिका की तारीफ उन्होंने की। इसके साथ ही इजरायल के साथ एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि कहीं भी आतंकवाद शांति को हर जगह खतरे में डालता है। गौर कीजिए कि मोदी ने इजरायल की कुर्बानियों का जिक्र किया लेकिन गजा में मारे गए 70 हजार लोगों की हत्या और हमदर्दी के लिए एक शब्द नहीं कहा, वो कह भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्हें तो ट्रंप और नेतन्याहू से दोस्ती निभानी है। मोदी ने गजा नरसंहार को पूरी तरह नजरन्दाज किया, यहां तक तो ठीक है, लेकिन दुख इस बात का है कि अपने साथ-साथ उन्होंने पूरे देश की जनता को इजरायल के साथ खड़ा दिखाया। मोदी ने कहा, मैं भारत की जनता की ओर से हर खोई हुई जान के लिए गहरी संवेदना लेकर आया हूं और हर उस परिवार के लिए जिनका संसार 7 अक्टूबर 2023 को हमास के बर्बर आतंकवादी हमले में टूट गया। हम आपका दर्द महसूस करते हैं। हम आपका दुख साझा करते हैं। भारत इजरायल के साथ मजबूती से, पूरे विश्वास के साथ, इस पल में और उसके आगे भी खड़ा है। कोई भी कारण नागरिकों की हत्या को जायज नहीं ठहरा सकता। कुछ भी आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकता। कितने सुविधाजनक तरीके से मोदी ने गजा में नेतन्याहू के इजरायली आतंकवाद का जिक्र तक नहीं किया। जबकि खुद इजरायल की जनता अपनी सरकार के ऐसे बर्बर रवैये के खिलाफ है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मोदी के भाषण पर उन्हें इतिहास की याद दिलाते हुए नेहरू के इजरायल के निर्माण पर आइंस्टीन को लिखे पत्र में व्यक्त विचारों का हवाला दिया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया- अप्रैल 1955 में आइंस्टीन के निधन से कुछ समय पहले, आइंस्टीन और नेहरू ने परमाणु विस्फोटों और हथियारों के मुद्दे पर पत्रों का आदान-प्रदान किया था। नेहरू ने 11 जुलाई 1947 को आइंस्टीन को जवाब में लिखा, मैं मानता हूं कि जबकि मेरी यहूदियों के लिए बहुत अधिक हमदर्दी है, मुझे अरबों की दुर्दशा के लिए भी उतनी ही हमदर्दी है। किसी भी घटना में, पूरा मुद्दा दोनों पक्षों की ओर से उच्च भावना और गहरे जुनून का हो गया है। नेहरू ने यहूदियों के नजरिए पर सवाल उठाते हुए कहा, मैंने फिलिस्तीन की इस समस्या पर अच्छा ध्यान दिया है और दोनों पक्षों द्वारा जारी की गई किताबों और पैम्फलेट्स को पढ़ा है, फिर भी मैं यह नहीं कह सकता कि मैं इसके बारे में सब जानता हूं, या मैं क्या किया जाना चाहिए पर अंतिम राय देने के लिए सक्षम हूं। मुझे पता है कि यहूदियों ने फिलिस्तीन में एक अद्भुत काम किया है और वहां के लोगों के स्तर को ऊंचा उठाया है, लेकिन एक सवाल मुझे परेशान करता है। इन सभी उल्लेखनीय उपलब्धियों के बाद, वे अरबों की सद्भावना हासिल करने में क्यों विफल रहे? नेहरू ने लिखा-वे अरबों को अपनी इच्छा के विरुद्ध कुछ मांगों को मानने के लिए क्यों मजबूर करना चाहते हैं? नजरिए का तरीका ऐसा रहा है जो समझौते की ओर नहीं ले जाता, बल्कि संघर्ष की निरंतरता की ओर ले जाता है। मुझे कोई संदेह नहीं कि गलती एक पक्ष तक सीमित नहीं है बल्कि सभी ने गलती की है। मुख्य समस्या फिलिस्तीन में ब्रिटिश शासन की निरंतरता रही है। तो यहां जयराम रमेश ने इजरायल और फिलीस्तीन दोनों पर नेहरू जी के विचार बता दिए। गौरतलब है कि जर्मनी में हिटलर ने यहूदियों पर भीषण अत्याचार किया था, जिस पर सभी की सहानुभूति यहूदियों के साथ थी। लेकिन इजरायल में बस कर यहूदियों ने जिस तरह फिलीस्तीन के लोगों को उनके ही घर से बेदखल करने की लगातार कोशिश की और इसमें अमेरिका ने जैसे इजरायल को बढ़ावा दिया, भारत कभी भी उसके पक्ष में नहीं रहा। इसलिए इजरायल और फिलीस्तीन दोनों राष्ट्रों को भारत ने मान्यता दी, मगर इजरायल से एक दूरी बनाकर रखी, वहीं फिलीस्तीन के साथ नैतिकता के नाते भारत हमेशा खड़ा रहा। आज नरेन्द्र मोदी इस समीकरण को पूरी तरह बदल चुके हैं।

# दक्षिण एशिया सुरक्षा पर वाशिंगटन का आक्रामक रवैया भारत के लिए भी सिरदर्द

नित्य चक्रवर्ती

12 फरवरी के राष्ट्रीय चुनाव में अपनी पार्टी की शानदार जीत के बाद बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान को बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बने हुए सिर्फ एक हफ्ता हुआ है। 60 साल के प्रधानमंत्री, जो ब्रिटेन में 17 साल के देश निकाला के बाद स्वदेश लौटे हैं, से उम्मीद की जा रही थी कि वे देश की खराब अर्थव्यवस्था और इसके प्रशासन को फिर से दुरुस्त करने को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देंगे, लेकिन उनके ध्यान का केन्द्र अचानक बदल गया है, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका प्रशासन बहुत ज्यादा सक्रिय हो गया है और नई सरकार से चीन के खिलाफ रूख अपनाने के लिए कहकर बांग्लादेश के अंदरूनी मामलों में दखल दे रहा है। अमेरिका की तरफ से ऐसा खुला दावा हाल के महीनों में नहीं देखा गया है। असल में, अंतरिम सरकार के पहले के आधे समय में अमेरिकी दूतावास के अधिकारी इतने सक्रिय नहीं थे, लेकिन 12 फरवरी के चुनाव पास आते ही हालात बदल गए।

बांग्लादेश को लेकर ट्रंप प्रशासन के नजरिए में अचानक बदलाव आया। नए अमेरिकी राजदूत ब्रेंटक्रिस्टेंसन ने इस साल 12 जनवरी को ढाका में अपना कार्यभार संभाला, अर्थात 12 फरवरी के चुनाव से ठीक एक महीना पहले। तब सेब्रेंट समेत अमेरिकी अधिकारी बीएनपी और जमात दोनों नेताओं को साध रहे हैं ताकि चीनी राजदूत योवेन को मात दी जा सके, जो पिछले तीन सालों से ढाका में सक्रिय हैं और सरकार और राजनीतिक पार्टियों के हर स्तर पर बड़े सम्पर्क बना रहे हैं।

प्रधानमंत्री तारिक रहमान और उनके विदेश मंत्री खलीलुर रहमान के पद संभालने के बाद, जो एक बहुत अनुभवी विदेश सेवा अधिकारी थे, ने हमेशा की तरह तीन बड़े देशों भारत, अमेरिका और चीन के साथ रिश्तों की पुनर्समीक्षा की और बांग्लादेश के फायदे के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए, इस पर बात की। अभी-अभी घोषित अमेरिका-बांग्लादेश व्यापार समझौते की समीक्षा पर भी चर्चा हुई। तीनों बड़े देशों के साथ रिश्तों में संतुलन बनाने के मुद्दे दृष्टिपटल पर थे। जब शनिवार 21 फ्रवरी को शुरुआती बातचीत चल रही थी, तो अमेरिकी राजदूत ब्रेंटक्रिस्टेंसन ने बिना बांग्लादेश का नाम लिए एक कड़े बयान में कहा कि, वह दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते असर को लेकर परेशान हैं।

ट्रंप की तरफ से तारिक को भेजे गए पत्र में यह भी कहा गया था कि अमेरिका-बांग्लादेश साझेदारी आपसी सम्मान और एक मुक्त और खुला भारत-प्रशांत को बढ़ावा देने में एक जैसे फायदे पर आधारित है। इसका असल में मतलब है कि अमेरिका अब चीन के खिलाफ अपनी भारत-प्रशांत सुरक्षा रणनीति में बांग्लादेश को एक भागीदार के तौर पर चाहता है, ठीक वैसे ही जैसे ट्रंप ने अपनी चीन विरोधी सुरक्षा रणनीति में भारत को एक भागीदार के तौर पर शामिल किया है।

इस प्रकार तारिक रहमान के लिए, अपनी स्थिति को स्थिर किये जाने से पहले ही, उन्हें अमेरिका की तरफ से यह धमकी मिल रही है कि अगर नई सरकार अमेरिका के साथ बेहतर रिश्ते बनाना चाहती है, तो उसे चीन के खिलाफ अमेरिका की रणनीति का हिस्सा बनना होगा। जाहिर है, अगले दिन चीन ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी, जब चीनी दूत योवेन ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से मुलाकात की और कहा कि चीन बांग्लादेश की सर्वप्रथम बांग्लादेश नीत्यि को मानने की घोषणा की तारीफ करता है और ढाका को चीन का सहयोग हर जगह होगा और यह किसी तीसरे देश के खिलाफ नहीं है। तारिक सरकार ढाका की धरती से अमेरिकी दूतावास के चीन विरोधी रवैये से बहुत शर्मिंदा है, लेकिन सरकार अमेरिका को बड़े भाई की भूमिका निभाने से रोकने के लिए बहुत कम काम ही कर सकती है। ढाका में राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि बांग्लादेश और चीन के बीच पिछले रक्षा समझौते से अमेरिका चिंतित है। अमेरिका चाहता है कि बांग्लादेश रक्षा सहयोग के लिए चीन के साथ अपनी भविष्य की बातचीत को आगे न बढ़ाए। जहां तक धारणा का सवाल है, बांग्लादेश के लोग ज्यादातर भारत और अमेरिका दोनों के खिलाफ भावनाएं रखते हैं। 5 अगस्त, 2024 को हसीना सरकार के गिरने के बाद से पिछले अठारह महीनों में, अमेरिका के लिए भावनाओं में गिरावट की तुलना में लोगों के बीच चीन का प्रभाव बढ़ा है।

2025 की शुरुआत में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. यूनुस के चीन दौरे में, बांग्लादेश के अलग-अलग जिलों में औद्योगिक क्षेत्र बनाने में चीन के निवेश में एक बड़ी कामयाबी मिली। बांग्लादेश में भारतीय सीमा के पास ड्रोन के लिए एक फैक्टरी लगाने का समझौता हुआ। तारिक सरकार से अब अमेरिका ने उस समझौते की नए सिरे से समीक्षा करने को कहा है। हाल ही में हस्ताक्षरित हुए अमेरिकी व्यापार समझौते की एकतरफा शर्तों ने दिखाया है कि कैसे नए बांग्लादेशी प्रधानमंत्री तारिक रहमान को वॉशिंगटन और बीजिंग के साथ रिश्तों को लेकर एक नाजुक संतुलन बनाने के चुनौतीपूर्ण कार्य से जूझना पड़ रहा है, क्योंकि दोनों उनके देश में असर डालने की होड़ में हैं। एक तरफ अमेरिका अपने बाजार तक पहुंच, सुरक्षा सहयोग और विनियामक लाभ का प्रचार कर रहा है, तो दूसरी ओर चीन अवसंरचना, औद्योगिक समेकीकरण और रक्षा उपकरणों की आपूर्ति का वादा कर रहा है। चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और एक बड़ा अवसंरचनात्मक निवेशक बना हुआ है, जो बंदरगाहों के आधुनिकीकरण से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों तक के परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रहा है। अमेरिका बांग्लादेश का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और लंबे समय से इसका सबसे बड़ा विदेशी निवेशक रहा है, हालांकि प्रत्यक्ष विदेशी पूंजीनिवेश (एफडीआई) स्टॉक तेजी से गिरा है। जून 2023 तक के वित्तीय वर्ष में लगभग 4 अरब डॉलर से गिरकर सितंबर 2025 तक यह लगभग 1 अरब डॉलर तक नीचे आ गया है, विशेषकर यूनुस राज के दौरान राजनीतिक उथल-पुथल और निवेशकों के कमजोर भरोसे की वजह से।

सितंबर 2025 तक बांग्लादेश में चीनी एफडीआई स्टॉक लगभग 3 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। बीजिंग ने कई दूसरे कम विकसित देशों के साथ-साथ बांग्लादेशी निर्यात को शून्य-टैरिफ पहुंच भी दिया है। पहले 2022 में 98 प्रतिशत उत्पादनों को सीमाशुल्क-मुक्त पहुंच दिया और बाद में इस पेशकश को बढ़ाया। चीन बांग्लादेश को एक बड़ी रक्षा प्रणाली आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी जगह बनाए रखने के लिए बहुत उत्सुक है। अब ट्रंप प्रशासन इस पर एतराज कर रहा है। पहले के सालों में ऐसी स्थिति नहीं थी।

बीजिंग बांग्लादेश में हो रहे विकासक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद डॉ. यूनुस से उनकी बैठक में मिले और बांग्लादेश के साथ रिश्ते बढ़ाने में व्यक्तिगत दिलचस्पी दिखाई ताकि यह दक्षिण एशियाई देश चीनी मदद से अच्छी-खासी नौकरियां पैदा कर सके। चीन नहीं चाहेगा कि अमेरिका के दबाव की वजह से उसके समझौते रद्द हो जाएं।

तारिक रहमान पर उनके सलाहकारों और थिंक टैंक की तरफ से बहुत ज्यादा दबाव है कि वे बांग्लादेश प्रथम नीति पर टिके रहें और बीएनपी चुनावी घोषणापत्र के मुताबिक बांग्लादेश की रणनीतिगत स्वायत्तता को ध्यान में रखकर काम करें। अगले कुछ दिन बताएंगे कि क्या तारिक में अमेरिका के दबाव को नजरअंदाज करने और सिर्फ बांग्लादेश के हितों को ध्यान में रखकर काम करने की हिम्मत है?



*सितंबर 2025 तक बांग्लादेश में चीनी एफडीआई स्टॉक लगभग 3 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। बीजिंग ने कई दूसरे कम विकसित देशों के साथ-साथ बांग्लादेशी निर्यात को शून्य-टैरिफ पहुंच भी दिया है। पहले 2022 में 98 प्रतिशत उत्पादनों को सीमाशुल्क-मुक्त पहुंच दिया और बाद में इस पेशकश को बढ़ाया। चीन बांग्लादेश को एक बड़ी रक्षा प्रणाली आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी जगह बनाए रखने के लिए बहुत उत्सुक है। अब ट्रंप प्रशासन इस पर एतराज कर रहा है। पहले के सालों में ऐसी स्थिति नहीं थी। बीजिंग बांग्लादेश में हो रहे विकासक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद डॉ. यूनुस से उनकी बैठक में मिले और बांग्लादेश के साथ रिश्ते बढ़ाने में व्यक्तिगत दिलचस्पी दिखाई ताकि यह दक्षिण एशियाई देश चीनी मदद से अच्छी-खासी नौकरियां पैदा कर सके। चीन नहीं चाहेगा कि अमेरिका के दबाव की वजह से उसके समझौते रद्द हो जाएं। तारिक रहमान पर उनके सलाहकारों और थिंक टैंक की तरफ से बहुत ज्यादा दबाव है कि वे बांग्लादेश प्रथम नीति पर टिके रहें और बीएनपी चुनावी घोषणापत्र के मुताबिक बांग्लादेश की रणनीतिगत स्वायत्तता को ध्यान में रखकर काम करें। अगले कुछ दिन बताएंगे कि क्या तारिक में अमेरिका के दबाव को नजरअंदाज करने और सिर्फ बांग्लादेश के हितों को ध्यान में रखकर काम करने की हिम्मत है?*

विचार

# इथनाल ब्लेन्डिंग समस्या है समाधान नहीं

अरविन्द मोहन

चंपारण की चीनी मिलों के आसपास बचपन गुजारने के चलते उनके कचरे से निकलने वाली बास और राजनैतिक चर्चाओं की याद हमेशा के लिए मन में रह गई है। कई बार किसान मिल में गन्ना उतारकर खाली बैलगाड़ी में मिल का छोआ वाला कचरा उठा लाते थे और अपने खेत में खाद की तरह इस्तेमाल करते थे। इसकी दुर्गंध तो मिलों दूर से भी ज्यादा लगती थी और लोग कुछेक दिन उन खेतों की तरफ जाने से बचते थे। नेता लोग इसी छोआ अर्थात मोलासेज से केमिकल कारखाना लगवाने या श्पेट्रोल बनानेश् और बगास अर्थात गन्ने की सीठी से कागज बनाने का प्लांट लगवाने की बात करते थे।

हमारे कुमारबाग में बेतिया राज की जमीन खाली थी। वहीं आसपास की चीनी मिलों से इन बाई-प्रॉडक्टों से स्वर्ग बसाने का वादा होता था जो आज तक पूरा नहीं हुआ। गन्ने से पेट्रोल बनाने की बात उन दिनों कचरे से सोना बनाने जैसी लगती थी पर बायो डीजल और बायो पेट्रोल का जमाना भी आया। हमारे यहां झटरोपा से तेल बनाने का प्रयोग चला तब तक अमेरिका ने मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से बायो पेट्रोल बनाना शुरू करा दिया क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बेतहाशा बढ़ने लगी और सौ डालर प्रति बैरल का रेट भी पीछे हो गया। ऐसे में मक्का वगैरह से पेट्रोल बनाना 75 डालर प्रति बैरल जितने रेट पर संभव हो तो कौन मानता? हमारे यहां भी झटरोपा वाला प्रयोग तभी हुआ और अनाज से तेल बनाने की चर्चा शुरू हुई। वह तो हुआ नहीं लेकिन नितिन गडकरी के परिवहन मंत्री बनने वाले राज में इसी छोआ अर्थात मोलासेज से पेट्रोल बनाने और पेट्रोल में मिलाकर बेचने का काम शुरू हुआ जो आज परवान पर है। यह काम सिर्फ गन्ना चीनी मिलों का न होकर सारे ब्रुअरीज(शराब कारखाने) के कचरे से होना शुरू हुआ है। करीब बीस फीसदी ब्लेन्डिंग के बिना पेट्रोल बिकता नहीं और कुछ पेट्रोल की खपत में बीस फीसदी का मतलब बहुत बड़ा हुआ। कीमत और विदेशी मुद्रा की बचत का हिसाब लगाएं तो और उजली तस्वीर दिखेगी पर जल्दी ही इस मामले में भी उत्पादन क्षमता जरूरत से ऊपर निकल जाएगी यह कल्पना से परे की चीज है। लेकिन आज यह स्थिति आ गई है। गन्ने के अलावा कुछ कृषि उत्पादों के इस्तेमाल की चर्चा भी है। लेकिन अमेरिका से जिस लटकी हुई व्यापार संधि को श्सपनों का सौदाश् बताया जा रहा है उसमें मक्के की कुछ खास किस्म के आयात की बात भी थी और माना जाता है कि इसका प्रयोग इथनाल बनाने में हो सकता है।

वैसे भारत खुद भी बड़े पैमाने पर मक्का पैदा करने लगा है जो मुर्गीपालन और मछलीपालन समेत देश की पूरी जरूरत से ज्यादा ही है। ऐसे में अगर हम अभी ही इथनाल अपनी जरूरत से ज्यादा बनाने लगे हों तो अमेरिका से मक्का आयात करने का तर्क समझना मुश्किल है। अभी वह व्यापार समझौता हो, मक्का आयात हो उसका इस्तेमाल इथनाल बनाने में हो जैसे सारे लेकिन परंतु पर क्यों जाएं, अभी तो मौजूदा स्थिति ही इस कारोबार को परेशान करने वाली है। देश में इथनाल बनाने की कुल क्षमता 18 अरब लीटर की है जबकि पेट्रोलियम कंपनियां 11 से 12 अरब लीटर माल खरीदती हैं। देश में अब बिना इथनाल मिला पेट्रोल बिकता ही नहीं और मिलावट भी बीस फीसदी मात्रा तक है। इतना होने पर भी पूरा देशी इथनाल खपाने में परेशानी हो रही है। उधर तीन अरब लीटर और उत्पादन क्षमता इस साल बढ़ेगी। तब क्या होगा यही सोचकर व्यवसाय के लोग चिंतित हैं। यह सही है कि महंगे पेट्रोल के साथ बिकने से अच्छी कीमत वसूल होती है लेकिन खुद इथनाल की कीमतों और मांग आपूर्ति का हिसाब बहुत अनिश्चितता वाला है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों कंपनियां, इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम यह सारा माल खरीदकर तेल में मिलाकर बेचती हैं। अब हो यह रहा है कि पेट्रोल की खपत में तो मात्र छह फीसदी सालाना की वृद्धि है जबकि इथनाल उत्पादन की क्षमता ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है।



अगर तीन अरब लीटर की क्षमता और बढ़ी तो यह वृद्धि 20 फीसदी हो जाएगी। फिर कीमतों और आपूर्ति का खेल एक अन्य स्तर पर जाएगा, अगर अमेरिकी मक्का भी इस खेल में शामिल हुआ तो क्या दृश्य होगा? यह कल्पना ही की जा सकती है और यह विकल्प भी नहीं है कि मिलावट को बीस फीसदी से बढ़ा दिया जाए। क्योंकि इथनाल की मिलावट से ईंधन की ऊर्जा का स्तर कम होता है-बीस फीसदी की मिलावट से यह गिरावट छह फीसदी की होती है और इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाना भी हो चुका है। अभी तक अदालत ने ग्राहकों के दावे को दरकिनार रखा है। एक दूसरी शिकायत इस मिलावटी ईंधन का गाड़ी के इंजन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की है। माना जाता है कि पिछले दिनों मिलावट की सीमा बढ़ाने पर भी विचार हुआ था लेकिन तभी सोशल मीडिया में यह बहस छिड़ गई कि मिलावटी ईंधन का गाड़ियों के इंजन पर बुरा असर होगा।

यह बात खास तौर से भारत में बिकने वाली गाड़ियों पर लागू होती है क्योंकि यहां इस विशेष ईंधन से चलने वाले इंजन लगाए ही नहीं जाते। इथनाल मिश्रित ईंधन की कीमत घटाने की मांग भी उठती रही है लेकिन उसकी कीमत ज्यादा होने के नाम पर सरकार ने इस मांग को ठुकरा दिया था पर असल में तो इथनाल बाई-प्रोडक्ट ही है जो चीनी और शराब जैसे उद्योगों से निकलने वाले कचरे से बनता है। उसकी कीमत की एक सीमा होनी चाहिए। इससे उस अमेरिकी या पश्चिम जगह के अभियान पर भी अंकुश लगेगा जो अनाज को सड़ाकर इथनाल बनाने को लाभकर मानने से शुरू होता है। जैसे ही पेट्रोलियम पदार्थ 75 डालर बैरल के ऊपर पहुंचते हैं वे मक्का, गेहूं और अन्य अनाजों से इथनाल बनाने लगते हैं और जब पिछली बार यह दर सवा सौ के ऊपर पहुंची थी तब तो इतना अनाज इथनाल में जाने लगा कि दुनिया में अनाज की कमी और गरीब देशों में तंगी शुरू हो गई थी। हमारे पड़ोसी पाकिस्तान में तो आटे की लूट शुरू हो गई थी। कम से कम उस स्थिति से तो बचना ही होगा और इथनाल की कीमतों को एक सीमा में रखना होगा।

साहित्य



## दूरियाँ मिटाने का प्रयास...!

**संजय एम तराणेकर**

तुम आए तो आया हैं 'मुझे' सब याद,
यूंहीं तुमने की थी आने की फरियाद।
कस्मे तो तुम ही खाते रहें न आने की,
हमने कभी बात नहीं की हैं जाने की।

सिहर उठता है 'मन' पिछली यादों से,
जोशीलें संवाद, हरकतों एवं इरादों से।
क्या? हस्ती बनी दुनिया की नजरों में,
नज़रें नीची हो गई 'खुद' की नजरों में।

यूं करिए दूरियों को मिटाने का प्रयास,
जिसका सभी को हो भरपूर आभास।
धुल जाए पिछले 'ग़लत' हुए व्यवहार,
याद रखो यहीं तो है तुम्हारे पालनहार।





## राशिफल

**मेष:-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। आलस्य कतई न करें।

**वृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन:-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**कन्या:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता के लिए प्रयत्नशील होगा।

# पेंटागन ने ईरान के खिलाफ बड़े ऑप्रेशन के खतरे की दी चेतावनी

पेंटागन ईरान के खिलाफ लंबे मिलिट्री कैंपेन को लेकर प्रैसिडैंट ट्रम्प के सामने चिंता जता रहा है। उसने सलाह दी है कि जिन वॉर प्लान पर विचार किया जा रहा है, उनमें अमरीका और सहयोगी देशों के नुकसान, कमजोर एयर डिफेंस और जरूरत से ज्यादा फोर्स होने जैसे रिस्क हैं। मौजूदा और पुराने अधिकारियों ने कहा कि ये चेतावनियां ज्यादातर ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने डिफेंस डिपार्टमैंट में और नैशनल सिक्योरिटी काऊंसिल की मीटिंग्स के दौरान दी हैं लेकिन पेंटागन के दूसरे लीडर्स ने भी ऐसी ही चिंताएं जताई हैं।

ईरान पर हमलों के लिए जिन ऑप्शन पर विचार किया जा रहा है, उनमें शुरुआती सीमित हमलों से लेकर सरकार को गिराने के मकसद से कई दिनों तक हवाई कैंपेन चलाना शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि सभी ऑप्शन में रिस्क होता है लेकिन खास तौर पर लंबे कैंपेन से अमरीकी सेना और हथियारों के स्टॉक पर काफी खर्च आ सकता है, अगर ईरान जवाबी कार्रवाई कर पाता है, तो इससे रीजनल पार्टनर्स की सुरक्षा मुश्किल हो सकती है। अगर अमरीका बड़ी मात्रा में एयर-डिफेंस हथियारों और दूसरी चीजों का इस्तेमाल करता है, जिनकी आपूर्ति कम है, तो इससे चीन के साथ भविष्य में होने वाले संभावित झगड़े की तैयारियों पर भी असर पड़ सकता है।

अमरीका ने 2003 के ईराक युद्ध के बाद से मिडल ईस्ट में सबसे ज्यादा एयर पावर इकट्ठी की है, जिसमें एक एयरक्राफ्ट-कैरियर स्ट्राइक ग्रुप भी शामिल है। दूसरा कैरियर अब मेडिटेरेनियन में है। केन की चेतावनियों के बारे में मीडिया रिपोटर्स के बाद, ट्रम्प ने सोमवार को बाद में सोशल-मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट किया, ''जनरल केन, हम सब की तरह, जंग नहीं देखना चाहेंगे लेकिन अगर ईरान के खिलाफ मिलिट्री लैवल पर जाने का फैसला होता है, तो उनकी राय है कि यह आसानी से जीता जा सकेगा।''

ट्रम्प प्रशासन अभी भी ईरान के साथ एक संभावित डील पर बातचीत कर रहा है, जिससे अमरीका को उम्मीद है कि तेहरान के न्यूक्लियर वैपन की तरफ जाने के रास्ते बंद हो जाएंगे, जिसे ईरानी नेताओं ने आगे बढ़ाने से मना कर दिया है, साथ ही उसके बैलिस्टिक-मिसाइल प्रोग्राम और हिजबुल्लाह और हमास जैसे रीजनल प्रॉक्सी मिलिशिया को उसके सपोर्ट पर रोक लगेगी। ईरान ने किसी भी अमरीकी हमले का जितना हो सके उतना कड़ा जवाब देने की धमकी दी है और सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पिछले हफ्ते कहा था कि उनकी सेना एक अमरीकी युद्धपोत को डुबो सकती है। किसी भी मिलिट्री ऑप्रेशन में जोखिम होता है लेकिन ईरान के खिलाफ लगातार अभियान शायद ट्रम्प द्वारा शुरू किए गए सबसे जटिल और खतरनाक मिलिट्री ऑप्रेशनों में से एक होगा, जिसमें अमरीका को मिडल ईस्ट में एक बड़े युद्ध में खींचने की क्षमता है। अधिकारियों के मुताबिक, ईरान पर किसी भी हमले के दौरान, कई बार बमबारी करने पर अमरीकी पायलट ईरानी एयर डिफेंस के लिए असुरक्षित हो सकते हैं। ईरानी मिसाइलें मिडल ईस्ट में मौजूद अमरीकी सैनिकों के बेस को निशाना बना सकती हैं। ईरान अपनी मिसाइलों और ड्रोन से इसराईल में आबादी वाले सैंटर को भी निशाना बना सकता है, जैसा कि उसने पिछले जून में ईरान, इसराईल और अमरीका के बीच 12 दिन के युद्ध के दौरान किया था। कुछ अधिकारियों ने कहा कि अमरीका को उम्मीद है कि ईरान अपनी सरकार की रक्षा के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देगा और अमरीका के पास ईरानी मिसाइल हमलों का मुकाबला करने के लिए सिर्फ 2 हफ्ते के लिए ही इंटरसैप्टर हैं, जिससे अमरीकी हथियारों के जखीरे में पैट्रियाट, थाड और एस.एम.-3 हथियारों का सीमित स्टॉक और कम हो जाएगा। हाल के हफ्तों में, अमरीका ने जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, बहरीन और इसराईल को और थाड और पैट्रियाट एंटीमिसाइल सिस्टम भेजकर मिडल ईस्ट में अपने एयर डिफेंस को मजबूत करने की कोशिश की है।



एक नेवी अधिकारी के मुताबिक, अमरीका ने ईरानी खतरों को मार गिराने के लिए मिडल ईस्ट और मेडिटेरेनियन के पानी में 13 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर भी भेजे हैं। पिछले जून में जब अमरीका ने ईरानी मिसाइल हमलों से इसराईल को बचाने में मदद की थी, तो इस लड़ाई से अमरीकी इंटरसैप्टर सप्लाई में खतरनाक कमी का पता चला। पिछले साल वसंत में जब अमरीका ने यमन में ईरान के सपोर्ट वाले हूती विद्रोहियों के खिलाफ लगभग 2 महीने तक बमबारी की थी, तब भी हथियारों के स्टॉक पर दबाव था।

अमरीका का सबसे बड़ा वॉरशिप फोर्ड पिछले जून से समुद्र में है और अब 11 महीने की तैनाती के लिए तैयार है, जो किसी अमरीकी वॉरशिप के सबसे लंबे लगातार मिशन का रिकॉर्ड तोड़ देगा। नाविकों पर बहुत ज्यादा काम का बोझ है और कुछ तो घर लौटने के बाद नेवी छोडने पर भी विचार कर रहे हैं। पहले भी बहुत ज्यादा काम करने वाले क्रू की वजह से गलतियां और हादसे हुए हैं। अप्रैल और मई 2025 में, 8 महीने की तैनाती के आखिर में, एयरक्राफ्ट कैरियर यू.एस.एस. हैरी एस. ट्रूमैन ने रैड सी में हूती विद्रोहियों के हमलों का मुकाबला करते हुए कई जैट फाइटर खो दिए थे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले दो मनचलों की ग्रामीणों ने धुनाई कर किया पुलिस के हवाले

**हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना के एक गांव में माँ के साथ खेत पर गयी किशोरी को छेड़ने वाले दो मनचलों को ग्रामीणों ने पकड़कर उनकी धुनाई कर दी और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित मां के अनुसार 25 फरवरी को वह अपनी 16 वर्षीय पुत्री के साथ खेत में काम कर रही थी। तभी थाना छेत्र के ग्राम लालपुर निवासी अजय और अंकित ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। पुत्री के शोर मचाने पर आसपास खेत में कार्य कर रहे ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया और दोनों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

### एसपी के आदेश पर किशोरी को भगाने वाले आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली छेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की है। पीड़ित माँ के अनुसार उसकी 16 वर्षीय पुत्री को दो फरवरी की शाम को थाना के ग्राम गहोरा धीरू राठौर पुत्र रामवीर अपने चाचा संदीप, अशोक और अपनी माँ के सहयोग से बहला फुसला कर भगा ले गया।उसने पुत्री को काफ़ी तलाश किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पीड़िता की लिखित तहरीर पर एसपी द्वारा पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को शीघ्र बरामद करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना पुलिस ने आपत्ति जनक वीडिओ वायरल करने के मामले में एक गांव निवासी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री का आपत्ति जनक वीडियो वायरल होने की सूचना पर पुलिस ने जाँच के आधार पर थाना छेत्र के ग्राम मानपुर के मजरा मगनपुर निवासी आशीष पुत्र रामू के विरुद्ध आई टी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल, एक रेफर

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली छेत्र में अलग अलग दो स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल हुए हैं जिन्हे सीएचसी लाया गया जहाँ से एक युवक को इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। एक घटना में पाली थाना क्षेत्र के ग्राम गुजीदेई निवासी लालाराम यादव पुत्र केशव राम यादव गुरुवार की रात 8 :00 बजे गांव से आ रहे थे। सहोरा पेट्रोल पंप के पास पेट्रोल लेने के लिए उन्होंने जैसे ही अपनी बाइक मोड़ी वैसे ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल को तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया गया।दूसरी घटना में शुक्रवार को दोपहर तीन बजे शाहाबाद थाना छेत्र के ग्राम रामपुर हृदय निवासी रामवीर पुत्र राजेंद्र अपनी पत्नी और बच्चे के साथ शाहाबाद ख़रीददारी करने आ रहे थे कस्बे के महुआटोला चुंगी से सिरोमन नगर मार्ग पर सामने से आ रहे ग्राम कोलिया पोस्ट बरवान फराज निवासी रामलखन पुत्र भगवानदीन ने तेज रफ़्तार में उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे रामवीर पत्नी बच्चे सहित घायल हो गया घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया जहा से गंभीर रूप से घायल रामवीर को इलाज हेतु ट्रामा सेंटर शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। घायल रामवीर के पिता राजेंद्र ने कोतबाली पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी है।

### त्यौहारों पर आपसी सौहार्द ही जनपद की सबसे बड़ी ताकतः डीएम



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने आगामी त्यौहार होली एवं रमजान को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से संवाद स्थापित करते हुए प्रशासन ने उनके सुझावों को गंभीरता से सुना और आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आश्वस्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। जनपद की गंगा–जमुनी तहजीब को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि साफ–सफ़ाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क प्रकाश व्यवस्था तथा आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता समय से सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि जनपद में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थलों की पहचान कर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, मिश्रित गश्त, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा अफ़वाहों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने भी प्रशासन के साथ सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि त्योहारों को परंपरागत उत्साह के साथ, परंतु आपसी सम्मान और मर्यादा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, सम्भ्रांत नागरिक आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

**सवायजपुर/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



अमृतपुर थाना क्षेत्र के कस्बे के पास बाबूजी ढाबा के समीप बुधवार एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के रोंगटे खड़े हो गए। जानकारी के अनुसार, कमलेश सिंह पुत्र नेपाल सिंह निवासी सेमरझाला, थाना पाली, अपनी रिश्तेदारी रेगापुर में आए हुए थे। वापस लौटते समय बाबूजी ढाबा के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे हादसे में कमलेश सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक सवार शिवा पुत्र गंगा बख्श गंभीर रूप से घायल हो गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। घटनास्थल का दृश्य देख लोगों के रोंगटे खड़े हो गए।सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज राहुल सिंह, उपनिरीक्षक राघवेंद्र भदौरिया, उपनिरीक्षक रवि सोलंकी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल शिवा को जिला अस्पताल भेजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिससे माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोग सड़क पर तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने के प्रति चिंता जता रहे हैं।

# महिला कोटेदार के साथ मारपीट में कोटेदार हुए लामबंद

▸ **कोटेदारों ने प्रदर्शन कर एसडीएम से की वार्ता**

**शाहाबाद हरदोई।** आवश्यक कार्य से 24 फरवरी को तहसील आई महिला कोटेदार के साथ किसान नेताओं द्वारा अवैध वसूली को लेकर की गयी मारपीट के मामले में शुक्रवार को करीब दो दर्जन कोटेदारों ने लामबंद होकर एसडीएम से वार्ता कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की।

कोटेदारों के अनुसार 24 फरवरी को महिला कोटेदार आवश्यक कार्य से तहसील शाहाबाद आई थी आगपुर निवासी सत्यवीर और कठवा निवासी गोलू ने तहसील में रोककर उससे धन उगाही की मांग की उसके द्वारा मना



करने पर विपक्षियों ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगे उसके शोर मचाने पर तहसील में मौजूद लोगों ने उसे छुड़वाया। एसडीएम अंकित तिवारी ने कोटेदारों से वार्ता कर जाँच में दोषी पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने और कठोर कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया है।

## अलग-अलग हुई मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

अलग अलग थाना क्षेत्रों मे हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गौरिया निवासी पूनम पत्नी मुनेश के अनुसार 16 फरवरी की शाम करीब छह बजे गांव निवासी वेदपाल पुत्र पियारे ने पत्नी अनीता और हरिबाबू पुत्र रामभरोसे के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज कर लाठी डण्डो से मारपीट कर घायल कर दिया शोर सुनकर उसकी सास कुसुमा उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया।

मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम करावा के मजरा अगनेपुरवा निबासी मुन्वर पुत्र साकिर के अनुसार 21 फरवरी को सुबह करीब 9 बजे वह सुरेन्द्र सिंह के साथ खेत पर बैठा था तभी पुरानी किसी रंजिश को लेकर मारुश पुत्र इरशाद, आयुब पुत्र वाजिद और अब्बास पुत्र रज्जाक लाठी डंडा लेकर खेत पर आये और उसे गाली गलौज कर लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। सुरेन्द्र सिंह के बचाने पर आरोपी उसे जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

## एसपी के आदेश पर बिना तलाक दूसरा विवाह करने पर पत्नी ने पति सहित नौ पर लिखाई रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली शाहाबाद के ग्राम रामपुर हृदय नया गांव निवासी पीड़िता ने पति द्वारा बिना तलाक लिए दूसरा विवाह कर लिए जाने पर एसपी को लिखित शिकायती पत्र देकर पति सहित नौ लोगों पर साजिश करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। एसपी अशोक कुमार मीणा के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है।

पीड़िता जुबली पत्नी नरवीर के अनुसार उसका विवाह 14 मार्च 15 को नरवीर पुत्र बाबूराम के साथ हुआ था।विवाह के बाद से उसका पति, ससुर, सास सुशीला देवी, जेठ वीर बहादुर, जेठानी रिंकी, ननद रेनू, नीलम,अंजली और पूजा ने उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। उसका आठ वर्षीय पुत्र भी है। उसके द्वारा उत्पीड़न के कई वाद न्यायालय में विचाराधीन हैं।

वह पुत्र के साथ मायके में रह रही है। उसके पति ने विपक्षी गणों के साथ मिलकर 17 फरवरी को किसी महिला के साथ दूसरा विवाह कर लिया।सूचना पर वह पुत्र के साथ पति के घर गयी तो वहां विवाह समारोह चल रहा था। उसने विरोध किया तो पति ने कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। विपक्षी उसकी और उसके पुत्र की सम्पत्ति के लालच में हत्या करना चाहते हैं।

एसपी के आदेश पर पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाएं त्योहारः वीरेंद्र पंकज

**हरपालपुर, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

होली व रमजान त्योहारों के मद्देनजर शुक्रवार को कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।जिसमें ग्राम प्रधान तथा सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

शुक्रवार की शाम कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज ने उपस्थित ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्तियों से आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण मनाने की अपील की।उन्होंने लोगो से होली त्योहार पर ग्रामीण क्षेत्रों में अराजकता फैलाने बालो व अन्य



समस्याओं के बारे में जानकारी देने को कहा।प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि होली पर हुड़दंगियों के खिलाफ कड़ी कर्यवाई की जाएगी इसलिए सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से परम्परागत आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं।बैठक में डीजे संचालको को भी सख्त हिदायत देते हुए नोटिस दी गयी कि वह होली त्योहार पर डीजे न बजाएं,एसएचओ ने कहा कि अगर बिना अनुमति डीजे बजता है तो डीजे जब्त कर कड़ी कर्यवाई की जाएगी।इस मौके पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक व पत्रकार मौजूद रहे।

# सैकडों भक्तों की उपस्थिति में मां ज्वालाजी की ज्योति का हुआ आगमन

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

संडीला कोतवाली क्षेत्र के गंगऊजरहा गांव में मां भगवती ज्वाला देवी मंदिर स्थल पर अनवरत सप्तम महायज्ञ के समापन दिवस पर आज शुक्रवार सुबह हिमाचल प्रदेश से ज्वाला मां की ज्योति का आगमन हो गया। जिसे लेकर आंसू तिराहा से मंदिर तक सैकड़ो भक्तों की भीड़ का तांता लगा रहा। ज्योति दर्शन के लिए सुबह से ही मंदिर धाम पर श्रद्धालु जुटने लगे थे, पर दोपहर को जैसे ही ज्योति लेकर आए वाहन ने भक्तों की भीड़ के साथ गांव में प्रवेश किया सड़क पर आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों नागरिकों ने जय माता दी के जयकारे लगाते हुए



ज्योति के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गांव भ्रमण करते हुए पवित्र ज्योति परंपरा अनुसार मां भगवती ज्वाला देवी मंदिर पहुंची। जहां पर उसे विधि विधान पूर्वक विराजमान कराया गया। मौके पर मौजूद भक्त संदीप सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता जी की ज्योति को लाकर पूजा अर्चना पश्चात स्थापित किया गया है। कार्यक्रम की आयोजक मां ज्वाला जी स्वयं रही। उन्होंने कहा कि आज शुक्रवार की रात्रि में 20वां विशाल मां ज्वाला जी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात होती भोर देवी स्वरूप कन्या भोज एवं दिनांक 28 फरवरी को विशाल संत ब्राह्मण एवं नगर भंडारे का आयोजन प्रस्तावित है। इससे पूर्व 20 फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा था जिसमें सुदूर जनपदों से आए तमाम कथा प्रेमियों ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया। जिसमें मुख्य रूप से श्रीश्री 1008 महंत मूर्ति दास महाराज का महती योगदान रहा।

## विद्युत लाइन का तार टूट कर स्कूल में गिरा, बाल-बाल बचे बच्चे और प्रधानाचार्य

▸ **शिकायत करने के बावजूद भी नहीं किया गया ठीक**

**भरखनी/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भाबर केशवपुर प्राथमिक विद्यालय के ऊपर से 11000 की लाइन निकली हुई है जो पूर्णता जर्जर अवस्था में है जिसको हटवाने यह स्थानांतरण करवाने के लिए भाभर केशवपुर के वर्तमान प्रधान कृपा शंकर पांडे ने इस समस्या से विद्युत विभाग अनंगपुर और जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कई बार अवगत करवाया परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। 27 2 2026 को विद्युत लाइन का तार टूट कर स्कूल में गिर पड़ा जिससे स्कूल में पढ़ रहे बच्चे और अध्यापक बाल बाल बच गए। समस्या गंभीर होते हुए भी विद्युत विभाग इस पर ध्यान नहीं दे है। घटना के संदर्भ में अनंगपुर विद्युत विभाग के अधिकारी भैया लाल पाल से बात की गई तो उन्होंने कोई ठोस जवाब नहीं दिया। घटना के संदर्भ में भाभर प्राथमिक स्कूल के प्रधानाचार्य से बात की गई तो उन्होंने बताया की घटना की सूचना विद्युत विभाग और उच्च अधिकारियों को भी कई बार दे चुके हैं पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। आखिर विद्युत विभाग इतनी बड़ी लापरवाही कैसे बरत रहा है जहां किसी के नौनिहाल पढ़ रहे हैं समस्या गंभीर होने के बावजूद भी उच्च अधिकारी इस घटना पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# विज्ञान प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने किया उद्घाटन



▸ **इसरो द्वारा संचालित विज्ञान प्रदर्शनी का छात्र-छात्राओं को कराया भ्रमण**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी ग़ज़ल भरद्वाज के प्रयाशों के फलस्वरूप ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा संचालित बस में अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित उपकरणों एवं मॉडलों की एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश राठौर द्वारा किया गया, उनके साथ में सदर विधायक राकेश गोस्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एडीएम, सीडीओ, एसडीएम, तहसीलदार, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीओ सिटी, व्योगी शाश्वत, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इसरो वैन में बच्चों ने इसरो वैन का भ्रमण किया तथा डेमो के माध्यम से अंतरिक्ष ज्ञान प्राप्त किया और उसका अध्ययन करके शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े महोबा की पावन धरती जो वीरों की धरती है बच्चे अपना अनुभव साझा करें और जिले के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े और यही बच्चे एक दिन साइंटिस्ट या वैज्ञानिक बन कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करें और प्रदेश का भी नाम रोशन होगा हर एक बच्चा दिल्ली से आए हुए साइंटिस्ट से सवाल जवाब करें जिससे आपका ज्ञान बढ़ सके और इसरो लैब के बारे में जानकारी प्राप्त करें डेमो देखना और पढ़ने में बहुत अंतर है पढ़ने के साथ-साथ सभी बच्चे प्रैक्टिस भी करें और उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि महोबा जनपद में 40 इसरो लैब की स्थापना हो रही है, इसरो वैन के माध्यम से दूर दराज से आए हुए छात्र-छात्राओं इस इसरो वैन का एक्सपीरियंस कर पाएंगे हर ब्लॉक में इसरो वैन जाएगी और बच्चे अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जान सकेंगे। हर चीज को विजुलाइज कर पाओ जो चीज हो रही है पर कैसे हो रही है हर चीज पर आप सवाल भी पूछ पाओ कोई चीज आप देखते हो आपके सामने हो रही है जो एक जिज्ञासा में हो रही है उसको कभी शांत नहीं होने दो जब आप सोशल साइंस पढ़ते हो उसको बोरिंग तरीके से ना पड़े आप उसके विषय में समझो क्या वजह रही होगी उसके आगे क्या उसका प्रभाव पड़ेगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े युवकों को रौंदा, एक की मृत्यु, एक घायल

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पत्योरा खदान बालू लादने जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े दो युवकों को कुचल दिया। एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ग्राम पंचायत पत्योरा के मजरा शिवरामपुर डेरा निवासी शिवरतन 18 वर्ष पुत्र शिवनरायन निषाद गांव निवासी अपने दोस्त ध्रुव कुमार 20 वर्ष पुत्र रामखिलावन निषाद के साथ नहर के पास मोड में सड़क किनारे बाइक खड़ी कर बतिया रहे थे। तभी खदान जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को रौंद दिया। इस घटना में शिवरतन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ध्रुव कुमार



गंभीर रूप से घायल हो गया। इसको एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिये सदर अस्पताल भेजा गया है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा गया है। मृतक तीन बहनों और दो भाइयों में छोटा था और मुंबई में रहकर मजदूरी करता था। मुंबई से एक सप्ताह पूर्व वह गांव लौटा था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पिता शिवनरायन, मां भूरी, भाई रमाशंकर निषाद का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। ग्राम प्रधान अरविंद निषाद ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया है।

## प्रभारी मंत्री ने जल्ला गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैजनाथ सिंह स्मृति द्वार का किया अनावरण

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

27 फरवरी विकास खंड क्षेत्र के जल्ला गांव में कंडोर गांव निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैजनाथ सिंह स्मृति द्वार का अनावरण प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद द्वारा तिरंगा फहरा कर किया गया। तथा तिरंगा यात्रा ब्लॉक से लेकर कार्यक्रम स्थल तक देश भक्ति गीत के साथ निकाली गई।विकास खंड क्षेत्र के कन्डौर गांव निवासी रामसहाय सिंह के दो पुत्र थे। बेनी सिंह व बैजनाथ सिंह जिसमें बेनी सिंह के चार पुत्र महराज सिंह, जगत सिंह , जगनायक सिंह, व कल्याण सिंह थे। तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैजनाथ सिंह के चार पुत्र जगरूप



सिंह, शिवनायक सिंह, लोकेंद्र सिंह, तथा महंत गोकुल दास है। जो मवई जार में मंदिर में महंत है। इस कार्यक्रम के संयोजक उमाकांत सिंह जो कि बैजनाथ सिंह के प्रपौत्र है। उनके द्वारा स्मारक द्वार का निर्माण जल्ला गांव से कंडोर गांव जाने वाले मार्ग में कराया गया है। इसका अनावरण जिले के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के प्रपौत्र द्वारा उनकी स्मृति में प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाना उनको याद करना है। तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। तथा देश हित के कार्यों युवा वर्ग को आगे आना चाहिए। पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए। उनके द्वारा देश की आजादी में योगदान देने के लिए नमन किया। अंत में अनिरुद्ध प्रताप सिंह मुन्नू सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पारा, कंडोर, जल्ला, आदि गांवों के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना पुलिस मौजूद रही।

## मंडप विसर्जन के लिए गयी किशोरी यमुना में डूबी

**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन के कुठौंद क्षेत्र के ग्राम भदेख में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया था। गांव की 12 वर्षीय किशोरी यमुना नदी में मंडप विसर्जन के बाद नहाने के दौरान डूब गई। बच्ची की पहचान गीता पुत्री गयाप्रसाद निषाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गीता अन्य बच्चों के साथ यमुना में नहाने गई थी। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से वह डूबने लगी और देखते ही देखते लापता हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण तत्काल नदी किनारे पहुंच गए और बच्ची की तलाश में जुट गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई है और स्थानीय लोगों की मदद से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन की ओर से गोताखोरों को बुलाने की तैयारी की जा रही है। खबर लिखे जाने तक बच्ची का पता नहीं चल सका था।

# प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर ने जनपद को दी करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात

▸ **प्रभारी मंत्री ने नगर पालिका महोबा, चरखारी एवं नगर पंचायत कुलपहाड़, कबरई को दी करोड़ों की अहम परियोजनाओं की सौगात**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं महोबा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश कुमार राठौर 'गुरु' ने जनपद के सर्वांगीण विकास को गति देते हुए करोड़ों रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन को धरातल पर



उतारते हुए, प्रभारी मंत्री ने जनपद की चारों निकायों- नगर पालिका परिषद महोबा, नगर पालिका परिषद चरखारी, नगर पंचायत कबरई और नगर पंचायत कुलपहाड़ के लिए अहम परियोजनाओं की सौगात दी है। इन कार्यों से न केवल शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का भी सुंदरीकरण सुनिश्चित होगा। इन विकास कार्यों को मुख्य रूप से 'वंदन योजना', 'मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (सीएम-वीएनवाई)' पं. दीनदयाल नगर विकास योजना और स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत स्वीकृत किया गया है। इस दौरान नगर पालिका परिषद महोबा की ओर से धार्मिक स्थलों के विकास हेतु वंदन योजना के अंतर्गत माँ चन्द्रिका देवी मन्दिर परिसर और बौद्ध मठ के पास नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण किया गया। वहीं ट्यूब वेल से बौद्ध मठ तक और कारकदेव मन्दिर से बौद्ध मठ तक इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण एवं खनिज न्यास निधि एवं वंदन योजना के तहत शहर के विभिन्न वार्डो में लगभग 1.75 करोड़ रुपये की लागत के सी.सी. रोड और नाली निर्माण कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद चरखारी द्वारा सुगम आवागमन हेतु पं. दीनदयाल नगर विकास योजना के तहत वार्ड रूपनगर और कजियाना में लगभग 1.17 करोड़ रुपये की लागत से तीन प्रमुख सी.सी. रोड का निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को सौंपा गया। इसी क्रम में नगर पंचायत, कबरई द्वारा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत 88 लाख रुपये की लागत से नगर में आधुनिक पुस्तकालय और अम्बेडकर नगर वार्ड में चिल्ड्रेन पार्क इंटरलॉकिंग एवं नाली के निर्माण का लोकार्पण किया गया। साथ ही 1.85 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन रानी लक्ष्मीबाई पार्क के पास योगशाला और एक बहुउद्देश्यीय स्थल (कम्युनिटी सेन्टर) का शिलान्यास किया गया एवं वंदन योजना के तहत 1.54 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन पांच पहाड़ी मंदिर, बूढ़े हनुमान मंदिर और राम जानकी मंदिर में शेड व सीसी रोड निर्माण का भी शिलान्यास किया।

## सूचना

मैं आफरीन पुत्री मो. तैय्यब निवासी मनिहारी सरायं थाना नगीना जिला बिजनौर से मुस्लिम धर्म की महिला हूं, परंतु मुझे मुस्लिम धर्म पसंद न होने के कारण मैं आज दिनांक 27 फरवरी 2026 से हिंदू धर्म अपना रही हूं, तथा अपना नाम आफरीन से बदल कर अंजू प्रख्यापित करती हूं, आज के बाद से मैं आफरीन के स्थान पर अंजू नाम से जानी व पहचानी जाऊं तथा भविष्य में स्वयं व मुझसे उत्पन्न होने वाली संताने हिंदू धर्म की मान्यताओं को मानेगी।

# जिला जज ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) का किया आकस्मिक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिवानी रावत, सिविल जज सी0डि0/सचिव के अतिरिक्त आकांक्षा गुप्ता अतिरिक्त मजिस्ट्रेट तृतीय, सूरज सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी उपस्थित रहे। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संस्था में रह रही बालिकाओं/किशोरियों को मिल रही सुविधाओं, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना था। इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने बारीकी से सम्प्रेक्षण गृह किशोरी का निरीक्षण करते हुए प्रभारी अधीक्षिका एवं अन्य स्टाफ को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए, ताकि संस्थागत बालिकाओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। सभी बालिकाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की बीमारी या आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सा अधिकारी से समन्वय बनाए रखने पर बल दिया गया। बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इस पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षण सामग्री में सुधार तथा नियमित कक्षाओं के संचालन हेतु निर्देशित किया गया। बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण (कौशल विकास) से जोड़ने पर बल दिया गया। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएं, जिससे संस्था से बाहर जाने के बाद वे रोजगार से जुड़ सकें। बालिकाओं के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए उनकी दिनचर्या में योग और ध्यान को अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए गए। इससे उनमें अनुशासन और एकाग्रता बढ़ेगी। बालिकाओं के बहुमुखी विकास के लिए खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। खेल के मैदान एवं इनडोर खेलों की सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि संस्था में रह रही प्रत्येक बालिका को बिना किसी भेदभाव के सभी सुविधाएं (स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, कौशल विकास) समान रूप से मिलें। साथ ही, संस्था के भीतर उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने की हिदायत दी गई।

## वन अधिकारियों की मिलीभगत से वन माफिया हरे भरे पेड़ो पर चला रहे आरा



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सरकार एक ओर पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी तरफ वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी वनमाफियों से मिलीभगत कर हरे भरे पेड़ की परमिट जारी कर हरियाली कर नष्ट करने पर आमादा हैं।भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी) के जिलाध्यक्ष ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। जिला अध्यक्ष विधि चंद यादव ने बताया कि हैदरगढ़ व सुबेहा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हरे-भरे आम , महुवा गुलर , जामुन के पेड़ की कटान कर खुलेआम ट्रेक्टर व पिकप पर लादकर आरामशीन ठेकी पर डंप की जा रही है। पुलिस व वन विभाग के अधिकारी परमिट का हवाला देकर मौन धारण किए है। कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी) के जिलाध्यक्ष विधि चंद यादव ने हरे पेड़ों की कटान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने वन संरक्षक, लखनऊ, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर अवैध कटान पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की है। वर्तमान में बम्हरौली और बहरामपुर गांवों में बौर व फलदार आम व जामुन के दर्जनों फलदार पेड़ों को काटा गया है। ठेकेदारों का कहना है कि उनके पास कटान का परमिट है, लेकिन इसमें यह नहीं दर्शाया गया है कि पेड़ सूखे थे या हरे सिर्फ यह दर्शा दिया कि यह पेड़ विकास कार्य में बाधा बन रहे थे। इसलिए परमिट जारी की जा रही है आरोप है कि गलत कारण दिखाकर परमिट जारी किए गए।

काटे गए पेड़ो को ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप से तेज रफ्तार में ढोया जा रहा है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। विधि चंद यादव ने विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि गलत तरीके से परमिट जारी करवाने में भूमिका निभाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जिससे अवैध कटान पर अंकुश लगाया जा सके।

## अमरूद के पेड़ में दुपट्टे से लटकते मिले प्रेमी युगल के शव



**बेलहरा-बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को प्रेमी युगल के शव संदिग्ध परिस्थितियों में अमरूद के पेड़ में टुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से लटकते मिले। दोनों गुरुवार को रोजा इफ्तार के बाद घर से लापता थे। काफी खोजबीन के बाद सुबह एक बन्द घर मे लगे अमरूद के पेड़ में टुपट्टे से लटकते पाए गए।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दशवंतपुर निवासी हसनैन (22) व लालपुर करौता निवासी सीबा (20) गुरुवार को रोजा इफ्तार के बाद दोनों घर से लापता हों गए थे। देर रात तक जब दोनों घर नही पहुचे तो दोनों परिवार के लोगों ने तलाश शुरू कर दी। मगर दोनो का कुछ पता नही चल सका,शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे परिवार के लोग युवती सीबा के घर के नजदीक खाली पड़े मारूफ के मकान में देखा तो अंदर का नजारा देख होश उड़ गए। लोगो ने देखा की अमरूद के पेड़ में दोनों के शव अलग-अलग टुपट्टे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में लटक रहे थे। पास में एक स्टूल भी पड़ा था। इस पर तुरंत घर का दरवाजा खुलवाया गया। इस दौरान घटनास्थल पर लोगो की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा,चौकी प्रभारी उपेन्द्र सिंह भदौरिया पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पहुचे। पुलिस की उपस्थिति में शव नीचे उतारे गए। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में दोनों एक दूसरे से प्रेम प्रसंग करते थे। दोनों की मानसिक स्थिति भी ठीक नही थी। दोनों शैतानी आत्माओ से प्रेरित थे। दोनों का एक ही साथ में झाड़ फूक भी होता रहता था। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा का कहना है कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। दोनों मानसिक तनाव में थे,पीएम रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई की जायगी।

## श्रीमद्भगवत कथा सुनने गए वृद्ध की छत से गिरकर मौत



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** असन्दरा थाना क्षेत्र के बबुरी गांव में शुक्रवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसे में हो रही घर मे श्रीमद्भागवत की खुशियां मातम में बदल दिया। छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल 72 वर्षीय वृद्ध की सीएचसी पहुंचने से पहले ही दर्दनाक मौत हो गई। बबुरी गांव निवासी नन्हा लाल श्रीवास्तव के घर बीते एक सप्ताह से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा था। रविवार को भंडारे की तैयारी थी, जिसे लेकर घर में चहल-पहल और उत्साह का माहौल था। परिजन अपने-अपने कार्यों में व्यस्त थे। इसी बीच किसी काम से नन्हा लाल छत पर गए, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे आ गिरे। तेज आवाज सुनते ही परिजन दौड़ पड़े, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। परिजन उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

यह खबर सुनते ही सीएचसी परिसर में चीख-पुकार मच गई। बेटे सदमे से बार-बार बेहोश हो रहे थे, वहीं पुत्री 'पापा-पापा' कहकर बिलखती रही। अपनों का यह दर्द देख वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें भर आई। अचानक हुए इस हादसे से गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में चल रहा श्रीमद् भागवत पाठ भी स्थगित कर दिया गया। गांव के लोग स्तब्ध हैं और परिवार को ढांढस बंधाने के लिए ग्राम प्रधान सहित लोगों का तांता लगा है। एक पल में खुशियों का उजड़ जाना हर किसी के दिल को झकझोर गया। वही हुआ जो कहा गया है कि ' होवाहि वही जो राम रुचि रखा,का करी तर्क बढावहीँ शाखा।

## बीएसएफ कमांडेंट को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत



**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट बाराबंकी।** पूरे संतोषी मजरे सनौली गांव निवासी एवं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कमांडेंट रहे स्वर्गीय सर्वेश तिवारी को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार देर शाम भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह टिकैत उनके आवास पर पहुंचे और दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि बीएसएफ कमांडेंट सर्वेश तिवारी का लंबी बीमारी के बाद एक सप्ताह पूर्व लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनका जीवन देश सेवा को समर्पित रहा और उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। उनके अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ ही राज्य मंत्री श्री शर्मा सहित शासन-प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे थे। गुरुवार शाम श्रद्धांजलि सभा के दौरान महेंद्र सिंह टिकैत ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि सर्वेश तिवारी जैसे अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। इस अवसर पर मध्यांचल जोन के जिलाध्यक्ष एवं दिवंगत के पुत्र उत्कर्ष तिवारी, भाई अमरेश तिवारी, सुधीर तिवारी, हर्ष तिवारी सहित भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोगों की आंखें नम थीं और हर कोई दिवंगत कमांडेंट की देशभक्ति, सादगी और सेवा भावना को याद कर भावुक हो उठा।

## खबरें एक नजर में

### त्योहारों को लेकर थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक



**डलमऊ समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को कोतवाली डलमऊ में आगामी होली एवं ईद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक तहसीलदार मंजरी सिंह एवं क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी व थाना प्रभारी राघवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गई बैठक में उपस्थित लोगों से पारंपरिक स्थान पर होलिका दहन करने और त्योहार को लेकर भाईचारा बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई क्षेत्राधिकारी ने त्योहारों में खलल डालने, हुड़दंगियों व अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई सभी को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की और नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाने वालो और हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी बैठक में एस एस आई अबरार हुसैन, एस आई दीनानाथ द्विवेदी, ग्राम प्रधान अखिलेश यादव, अंकिल दीक्षित, सभासद जितेंद्र सोनकर, विनोद निषाद सहित संभ्रांत एवं ग्राम प्रधान, डीजे संचालक के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

### खराब सड़क पर ग्रामीणों का विरोध, लगाया 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का बैनर



**लालगंज समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के चकमलिक भीटी गांव में वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज़ ग्रामीणों ने गांव के मुख्य मार्ग पर 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का बैनर लगाकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद सड़क की मरम्मत या निर्माण नहीं कराया गया। बरसात के दिनों में सड़क पर कीचड़ और जलभराव हो जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन जीतने के बाद गांव की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। इसी नाराज़गी के चलते ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा, तब तक वे मतदान का बहिष्कार करने पर विचार करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

## स्कूल समायोजन का असर : दूरी बढ़ी तो मासूमों ने छोड़ी पढ़ाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद में विद्यालयों के समायोजन का असर अब नाबालिग बच्चों की पढ़ाई पर साफ दिखाई देने लगा है। विकास खण्ड क्षेत्र मुसाफिरखाना में प्राथमिक विद्यालयों के समायोजित होने के बाद अब स्कूल की दूरी काफी बढ़ गई है, जिसके चलते कई मासूम बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है। परिजनों का कहना है कि छोटे बच्चों के लिए प्रतिदिन कई किलोमीटर दूर स्कूल जाना संभव नहीं है। पीड़ित अभिभावकों ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा की गई गलत रिपोर्टिंग के कारण उनका स्थानीय विद्यालय बंद कर दिया गया। 'स्कूल चले हम' जैसे सरकारी अभियानों के बावजूद बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता दिख रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि जिले में दर्जनों स्कूलों को अचानक समायोजित कर दिया गया।

## जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों के साथ स्वयं भी दौड़ लगायी गयी। परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों से अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आदि क निरीक्षण किया गया तथा 112-पीआरवी व थानों के वाहनों में आवश्यक भीड़ व दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बंदूक और खोखा के साथ हर्ष फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में हर्ष फायरिंग के बढ़ते क्रेज पर पुलिस द्वारा अंकुश लगाने और अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बृहस्पतिवार को थाना जामो पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल हर्ष फायरिंग करने वाले अभियुक्त हनुमान प्रसाद तिवारी पुत्र स्व तुलसीराम तिवारी निवासी ग्राम सूखी मजरे बाजगढ़ थाना जामो को एक 12 बोर एसबीबीएल लाइसेंसी बंदूक, एक खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि बीते 4 फरवरी को उसने ग्राम सूखी में एक तिलक समारोह में अपनी उसी लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग की थी। अभियुक्त द्वारा लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुए हर्ष फायरिंग की गई थी जिसके संबंध में थाना जामो पर आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। शस्त्र लाइसेंस के निरस्तीकरण हेतु संबंधित को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में विनोद कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जामो, उ.नि. दलजीत सिंह, उ.नि. संतोष कुमार, हे.का. राधाकान्त पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## आबकारी विभाग की छापेमारी में 78 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में होली पर्व के दृष्टिगत अवैध कच्ची शराब की बिक्री एवं तस्करी के रोकथाम हेतु शुक्रवार को गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम- भवसिंहपर, जलालपुर माफी, खेखरुआ, भूलीनगर, कचनाव व थौरी में आकस्मिक दबिश दी गयी। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक व थाना जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम थौरी, भूलीनगर व कचनाव से लगभग 78 ली. अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 250किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही मे 4अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। आबकारी दुकानों का सघन निरिक्षण किया गया। उक्त संयुक्त दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक व थाना - भाले सुल्तान शहीद स्मारक से पुलिस बल के रूप में 2 उप निरीक्षक मय स्टाफ - थाना भले सुल्तान शहीद स्मारक, व समस्त आबकारी स्टाफ तीरथनाथ, शमशेर कुमार, संजय सरोज व सर्वेश वर्मा शामिल रहे।

## जीरो टॉलरेंस की नीति के बीच खैराबाद में बड़ा सवाल

### क्या डीएम स्वयं करेंगे इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण ?

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश सरकार भले ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने का दावा करती हो, लेकिन सीतापुर जनपद के विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत जैतीखेड़ा के तेजा सिंह पुरवा में कराए गए इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य को लेकर उठे सवाल अब प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गए हैं। **निजी हित या सार्वजनिक उपयोग?**

ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि जिस स्थान पर इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया गया, वह पूर्ण रूप से सार्वजनिक उपयोग का स्थल नहीं है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि कार्य निजी हित में कराया गया और अब उसका भुगतान सरकारी धन से कराने की तैयारी की जा रही है। यदि यह सही पाया जाता है तो यह सीधे तौर पर सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला बन सकता है। **भुगतान को लेकर दबाव की चर्चा-** सूत्र बताते हैं कि ब्लॉक स्तर पर इस कार्य को लेकर आपत्तियां दर्ज की गई थीं। इसके बावजूद भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि खंड विकास अधिकारी खैराबाद नीरज दुबे पर जूनियर इंजीनियरों और ग्राम पंचायत सचिव से भुगतान स्वीकृत कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

यदि बिना तकनीकी जांच और सत्यापन के भुगतान होता है, तो यह वित्तीय अनियमितता मानी जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय हो सकती है।

**क्या डीएम करेंगे स्वयं निरीक्षण?**

मामले की गंभीरता को देखते हुए अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिलाधिकारी राजा गणपति आर स्वयं मौके पर पहुंचकर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे?

प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो जिला स्तर पर इस प्रकरण की जानकारी पहुंच चुकी है और उच्चाधिकारियों द्वारा रिपोर्ट तलब की जा सकती है।

यदि जिलाधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करते हैं तो इससे न केवल सच्चाई सामने आएगी बल्कि पूरे मामले में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

## डीएम की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। विशेष रूप से नामान्तरण, वरासत, सीमांकन, भू-अधिग्रहण, भूमि विवाद निस्तारण, राजस्व वसूली एवं जनशिकायतों के निराकरण की प्रगति पर विभागवार चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक तहसील स्तर पर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राजस्व कार्यों में शिथिलता कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामान्तरण एवं वरासत से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करते हुए शिकायतकर्ताओं को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि राजस्व वसूली की प्रगति नियमित रूप से मॉनिटर की जाए तथा लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाए। भूमि विवाद एवं अन्य जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु राजस्व अधिकारियों को जनता से संवाद बढ़ाने और मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लंबित प्रकरणों की समीक्षा लगातार की जाएगी और प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा की मजिस्ट्रीरियल जांच समय से पूर्ण करायी जाये। चारागाह की जमीनों का चिन्हाकन कराते हुए पशु चिकित्सा विभाग से समन्वय स्थापित कर चारा बुआई का कार्य कराया जाये। लम्बित विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही समय से पूर्ण करायी जाये। फार्मर रजिस्ट्री, अंश संशोधन, धरौनी आदि से संबंधित कार्यो को समय से पूर्ण कराये जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर सभी रिकार्ड अद्यतन रखे जाये। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित वादों का निस्तारण जल्द से जल्द सुनिश्चित करें।

## एडीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए। बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गो पर अवैध रूप से निर्मित अवैध कटों को बंद कराना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित रूप से प्रभावी पेट्रोलिंग किया जाना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर पार्किंग व्यवस्था, सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित की गयी प्रवर्तन कार्यवाही, इन्ट्रीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटाबेस में विभिन्न विभागों द्वारा रोड एक्सीडेन्ट के सम्बन्ध में एन्ट्री को अद्यतन किया जाना।

# अराजकतत्वों से परेशान ऑटो चालकों ने किया प्रदर्शन

- सौरिख तिराहे पर आटो में नहीं बैठाने देते सवारियां
- सवारी बैठाने को लेकर आए दिन होता है विवाद



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के सौरिख तिराहे पर प्राइवेट बस चालकों की दबंगई चरम पर पहुंच गई है। सवारियों को बसों में बैठाने के नाम पर यूनियन के सदस्य ऑटो चालकों के साथ अभद्रता, मारपीट कर उन्हें धमकाते रहते हैं। अराजकतत्वों से परेशान ऑटो चालकों ने तहसील रोड पर टेंपो खड़े कर विरोध प्रदर्शन कर न्याय की गुहार लगाई। ताजा घटना में बस यूनियन के कारिंदों ने जबरन ऑटो से सवारियां उतारकर अपनी बसों में ठूंस दीं। विरोध करने पर एक ऑटो चालक को सरेराह जमकर धमकाया गया। इस तरह के मामले आए दिन हो रहे हैं। ऐसे में परेशान आटो चालकों ने तहसील रोड पर अपने आटो लाइन से खड़े कर विरोध प्रदर्शन किया। पीड़ित ऑटो चालक ओमवीर सिंह व सीटू राजपूत समेत कई अन्य चालकों ने बताया कि वह लोग आटो चलाकर किसी तरह परिवार चलाते हैं, लेकिन बस यूनियन उन्हें काम करने नहीं दे रही। सवारियों को ऑटो से घसीटकर उतारा जा रहा है, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस कार्रवाई नहीं करती, तो मजबूरन बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा। अराजकतत्वों से परेशान होकर दर्जनों ऑटो चालकों ने तहसील रोड पर वाहन खड़े कर प्रदर्शन किया। उन्होंने बस यूनियन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और प्रशासन से सुरक्षा की मांग की। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि गुंडागर्दी करने वाले बस मालिकों व यूनियन सदस्यों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो, ताकि वह बिना डर के अपना काम कर सकें।

## 2570 परीक्षार्थियों ने छोड़ी गणित और विज्ञान की बोर्ड परीक्षा

**कन्नौज।** वर्ष 2025/26 की आयोजित हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा छोड़ने का दौर तेजी से जारी है। शुक्रवार को भी बोर्ड परीक्षा के 2570 परीक्षार्थियों ने गणित और भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा सख्ती के चलते छोड़ दी। बताते चलें कि, शुक्रवार को जिले के 95 परीक्षा केंद्रों पर सुबह पाली में हाईस्कूल की गणित विषय की परीक्षा सम्पन्न कराई गई। इसमें पंजीकृत 19207 परीक्षार्थियों में 17813 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया जबकि 1394 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार शुक्रवार को दूसरी पाली में इंटर की भौतिक विज्ञान की परीक्षा सम्पन्न कराई गई। जिले के 95 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में पंजीकृत 17684 परीक्षार्थियों को प्रतिभाग करना था। इसमें 16508 परीक्षार्थियों ने जहां अपनी परीक्षा में प्रतिभाग किया वहीं 1176 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी।

# सुशासन की ओर महत्वपूर्ण कदम है संवाद सेतु: प्रिया शाक्य

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को मजबूत बनाने के लिए शुरू की गई संवाद सेतु व्यवस्था की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने जमकर सराहना की है। उन्होंने इसे सुशासन की ओर बड़ा कदम बताते हुए समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को बधाई दी। प्रिया शाक्य ने कहा कि गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू संवाद सेतु (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या, अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने या देरी से जवाब देने का प्रभावी समाधान साबित होगी। इस नई पहल के तहत सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की कॉल 10 मिनट के अंदर रिसीव करने या कॉल बैक करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यदि ऐसा नहीं होता, तो कमांड सेंटर के माध्यम से तुरंत अलर्ट जारी होगा और कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था संवाद को अधिक पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध बनाएगी, जिससे जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण संभव होगा। पहले कई बार फोन न उठने से काम प्रभावित होता था, लेकिन अब उम्मीद है कि संवाद सेतु से यह समस्या जड़ से खत्म हो जाएगी। यह पहल सभी जनप्रतिनिधियों चाहे वे किसी भी दल के हों, के लिए समान रूप से उपलब्ध है और योगी सरकार की जवाबदेही बढ़ाने वाली नीतियों का हिस्सा है। प्रिया शाक्य ने असीम अरुण के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की व्यवस्था से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल बनेगा, जिसका सीधा लाभ जनता को मिलेगा।

# सांस्कृतिक प्रस्तुति व पुरस्कार वितरण शिविर संपन्न

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



ग्राम कमालपुर के पंचायत भवन में चल रहे नेहरू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुति, पुरस्कार वितरण और प्रेरक संदेश के साथ हुआ। सभी वॉलेंटियर्स ने ग्राम कमालपुर का भ्रमण किया और पिछले छह दिनों में आयोजित जागरूकता अभियानों के बाद ग्रामवासियों से आत्मीय भेंट की। स्वयंसेवकों आन्या श्रीवास्तव, दिव्यांशी यादव, पलक, कोमल सविता, खुशी दीक्षित, वरुण, कौशल, दिव्यांशी मिश्रा, सायमीन, कनक, कनिष्का, सिम्मी, सगुन आदि ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। काजल और कंचन की टीम ने ढोलक पर लोकगीत गाकर माहौल को जीवंत किया। अंतिम सत्र में प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने 11 अप्रैल से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करने की अपील की। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' प्रतियोगिता में स्मृति पाठक प्रथम, काव्या गुप्ता द्वितीय, मुस्कान तृतीय रहीं, जबकि पलक, खुशी और सुहानी को सांत्वना पुरस्कार मिले। प्रो. बबिता यादव, डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, डॉ. राजीव कुमार सिंह और डॉ. रवि प्रताप सिंह चौहान ने वॉलेंटियर्स की मेहनत, अनुशासन और सीखे गए ज्ञान को जीवन में अपनाने की सलाह दी। उन्होंने जनजागरूकता को सतत अभियान बनाने पर जोर दिया। एनएसएस प्रभारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने सभी वॉलेंटियर्स और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। आन्या श्रीवास्तव और पलक के संचालन में हुए कार्यक्रम में पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# सीसीए को मिला सेट के लिए स्कूल कोड

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



सिटी चिल्ड्रेन्स एकेडमी (सीसीए) को अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण परीक्षा सेट व पीसेट आयोजित करने के लिए कॉलेज बोर्ड से स्कूल कोड मिल गया है। यह जानकारी देते हुए संस्था के सीईओ विश्वास प्रधान ने बताया कि इस परीक्षा के स्कोर के आधार पर बच्चे नेशनल व इंटरनेशनल स्कॉलरशिप अर्जित कर सकते हैं तथा उन्हें दुनिया के नामचीन उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश लेने में वरीयता प्राप्त होती है। इस प्रकार हमारे बच्चों के लिए विश्व के बहुप्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के द्वार खुल गए हैं। प्रधानाचार्य नीरा प्रसाद के. ने बताया कि सेट एक स्टैंडर्ड टेस्ट है जिसके आधार पर हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, कैलिफोर्निया व टैक्सास विश्वविद्यालयों के साथ-साथ अन्य विश्व स्तरीय उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश वरीयता मिलती है। स्कूल कोड मिलने के बाद अब बच्चों को यह परीक्षा देने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, साथ ही उन्हें विद्यालय में ही इस परीक्षा की विशेष तैयारी भी कराई जाएगी। प्रबंधक प्रदीप प्रधान व प्रशासिका सुधा प्रधान ने सभी अभिभावकों और बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि छिबरामऊ व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों के लिए स्वर्णिम भविष्य की राह अब और आसान हो जाएगी।

# होली से पहले मिठाई की दुकानों पर कार्रवाई, 15 चालान कटे

- बाट-माप विभाग ने मारा छापा
- प्रिंट रेट से अधिक बिक्री पाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



बाट-माप विभाग ने होली से पहले मिठाई की दुकानों पर छापामार कार्रवाई की और 15 चालान काट दिए। विधिक माप विज्ञान के वरिष्ठ निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा ने अपने सहायक प्रेम शंकर के साथ कई दुकानों का निरीक्षण किया और दुकानदारों को जागरुक करते हुए कहा जिन व्यापारियों का इलेक्ट्रानिक कांटा (तराजू) 100 किलोग्राम या अधिक का है, वह मूल्यांकन के लिए आनलाइन आवेदन करें। धर्म कांटा व पेट्रोल पंप आदि भी इसी प्रक्रिया का पालन करें, जिससे उनके कांटे-बांट का मूल्यांकन किया जा सके। इसका निर्धारित शुल्क भी ऑनलाइन जमा हो जाएगा। व्यापारी अपने कांटे बांट में मूल्यांकन मुहर लगवा लें, ताकि निरीक्षण के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसी व्यापारी को समस्या है तो वह कार्यालय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यदि चेकिंग के समय मूल्यांकन नहीं पाया गया तो जुर्माना लगाया जाएगा। इसलिए कार्रवाई से बचने के लिए समय से मूल्यांकन अवश्य करवा लें। उन्होंने कहा जो दुकानदार सील बंद पैकेट में सामान बेचते हैं उसे पर नाम पता वजन लिखा होना चाहिए। प्रिंट रेट से अधिक बिक्री पाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### गणित का पेपर देख छात्रा की हालत बिगड़ी

एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल भिजवाई गई परीक्षार्थी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के जेडी जनता इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र देख एक छात्रा की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर उसे सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। उपचार के बाद छात्रा की हालत में सुधार हो सका।

क्षेत्र के घिलोई गांव की रहने वाली कक्षा 10 की छात्रा रीतू पुत्री राजेश शुक्रवार की सुबह कक्ष संख्या-4 में परीक्षा दे रही थी। जैसे ही उसे प्रश्न पत्र मिला और उसने देखा तभी अचानक उसकी तबियत बिगड़ने लगी। छात्रा की हालत देख कक्ष निरीक्षकों के हाथ पांव फूल गए। उन्होंने इसकी सूचना केंद्र व्यवस्थापक ज्ञानेशचंद्र दुबे को दी। उन्होंने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे सौ शैया अस्पताल भिजवाया। साथ ही उसके परिजनों को भी मामले की सूचना दी। प्रधानाचार्य ल ने बताया कि छात्रा पहले से ही बीमार थी। अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे अस्पताल भिजवा दिया गया था। अब उसकी हालत में काफी सुधार हैं। सूचना पर उसके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार तीन बोरिंग मजदूर घायल

सौरिख रोड पर सेंट पौल स्कूल के सामने हुआ हादसा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के सौरिख रोड पर सेंट पौल स्कूल के सामने सडक़ क्रास करते समय तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन बोरिंग मिस्त्री घायल हो गए। तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बैजू निवासी समर मिस्त्री सर्वेश (55) पुत्र प्रताप सिंह, घिलोई गांव निवासी रामवीर (38) पुत्र राजकुमार और मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी रामशंकर शर्मा (60) पुत्र छोटेलाल शुक्रवार सुबह बाइक से रंधीरपुर गांव जा रहे थे। वहां वह लोग दो दिन से सबमर्सिबल पंप की बोरिंग का काम कर रहे हैं। सौरिख रोड पर सेंट पॉल स्कूल के पास कट को क्रॉस करते समय छिबरामऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की और उन्हें निजी वाहन से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया।

### बंधक बनाकर युवक से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कल्यानपुर गांव में दबंगों ने एक युवक को कमरे में बंधक बनाकर उसे बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले की छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कल्यानपुर गांव निवासी विकास कठेरिया पुत्र राकेश कठेरिया ने गांव के कैलाश यादव, अखिलेश यादव, केशव यादव, अंशू यादव, आलोक यादव व अलकेश यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 फरवरी की रात करीब 8 बजे वह अपने घर से अजय पाल के घर जा रहा था। तभी रास्ते में कैलाश, अखिलेश ने उसे रोक लिया और जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि उसके मोहल्ले में वह क्यों आता है। तभी पीछे से केशव यादव ने उस पर डंडा चला दिया और फिर वह सभी उसे खींचकर कमरे में ले गए। वहां अंशू यादव, आलोक यादव, अलकेश ने कमरा बंदकर लाठी-डंडों और साइकिल की चेन से बेरहमी से मारपीट की। चीखपुकार सुनकर जब मोहल्ले के लकी यादव व अनीता तथा सचिन उसे बचाने आए, तो उन लोगों पर भी हमला बोल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।

# अधिवक्ताओं ने खेली होली, फाग गीतों पर झूमे लोग

- तहसील परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

तहसील परिसर में होली पर्व से पूर्व अधिवक्ताओं द्वारा रंगारंग होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने ढोलक और हारमोनियम की मधुर धुनों पर पारंपरिक फाग गीत गाकर होली के रंगों का आनंद लिया। अबीर-गुलाल उड़ाते हुए सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया।

फाग गायन के बीच कई अधिवक्ता और उपस्थित लोग खुद को रोक नहीं सके और संगीत की ताल पर नृत्य करते नजर आए। पूरे तहसील परिसर में रंग, संगीत और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में ...फागुन में उड़े रे गुलाल, अंगना आयो होरी का त्यौहार, ...अरे खेले मसाने में होरी कन्हैया, रंग डारे हंस-हंस गइयां चरैया, ...होरी खेलें साजनवा संग, भींज गयो चुनरिया रंग, ...आओ रे भइया फाग गाइए, ढोलक की ताल मिलाइए, ...लाल गुलाल उड़ाय रहे, गांव नगर सब गाय रहे, ...फागुन आयो रंग बरसायो, हंसी खुशी सबके मन भायो आदि होली और फाग गीतों पर लोग झूम उठे। इस दौरान वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया।

## बिजली बिल राहत योजना के तीसरे चरण का अंतिम दिन आज, शेष राशि जमा करने का आह्वान





**छिबरामऊ (कन्नौज)।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के विद्युत वितरण खंड छिबरामऊ के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती ने सभी बिजली उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण सूचना दी है। उन्होंने कहा विभाग द्वारा संचालित बिजली बिल राहत योजना-2025-26 के तीसरे चरण की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 है। इस योजना के तहत उपभोक्ता पुराने बकाया बिलों पर राहत प्राप्त कर सकते हैं और बिजली कटौती या लाइन डिस्कनेक्ट होने की समस्या से स्थायी मुक्ति पा सकते हैं। अधिशासी अभियंता ने बताया कि छिबरामऊ खंड के अंतर्गत वर्तमान में 7148 उपभोक्ताओं ने योजना में सफलतापूर्वक पंजीकरण करा लिया है, लेकिन उन्होंने अभी तक शेष बकाया राशि जमा नहीं की है। यदि ये उपभोक्ता 28 फरवरी तक शेष धनराशि जमा नहीं करते हैं, तो वे योजना के लाभ से वंचित हो जाएंगे और पुरानी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने सभी पंजीकृत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शेष राशि जल्द से जल्द जमा कर दें, ताकि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहे और कोई परेशानी न हो। योजना का लाभ उठाने का यह अंतिम अवसर है। अधिक जानकारी के लिए स्थानीय विद्युत कार्यालय से संपर्क करें।

## परेड ग्राउंड में दिखा अनुशासन का दम, अपर पुलिस अधीक्षक ने ली सलामी

**कन्नौज।** रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को अनुशासन और फिटनेस की सख्त तस्वीर देखने को मिली। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड ग्राउंड में जवानों की टोलीवार ड्रिल कराई गई, जिसमें एकरूपता और तालमेल पर विशेष जोर दिया गया। ड्रिल के बाद पुलिसकर्मियों और रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से दौड़ लगवाई गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि परेड की गुणवत्ता और बेहतर बनाई जाए तथा अनुशासन में किसी प्रकार की शिथिलता न रहे। निरीक्षण के दौरान शस्त्र अभ्यास भी कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए जवानों का शारीरिक रूप से सक्षम और मानसिक रूप से सतर्क रहना जरूरी है। परेड के बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का व्यापक निरीक्षण किया।

# बाइक सवार को अनियंत्रित बस ने रौंदा, मौत

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



एक बहन को क्या मालूम था कि, उसका भाई अब उसको दोबारा देखने को कभी नहीं मिलेगा, परिजनों के साथ भाई के शव पर बिलख रही बहन के करुण कंदन और चीत्कार पर मानों मौके पर मौजूद हर किसी का हृदय द्रवित सा होता हुआ नजर आ रहा था। बताते चलें कि, मामला कन्नौज जिले में घटी एक सड़क दुर्घटना में अनियंत्रित बस की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत का है। जानकारी के मुताबिक, हरदोई जिले के भूपतिपुर नगला गांव निवासी 40 वर्षीय रामवरन बीते गुरुवार को कन्नौज जिले के जेवां अटारा गांव स्थित अपनी ब्याही बहन के ससुराल आए हुए थे। शुक्रवार को अपनी बहन से मिलने के बाद बाइक से अपने गृह जनपद स्थित गांव वापस लौटने के लिए रामवरन रवाना हुए थे। जैसे ही दोपहर के करीब बाइक सवार जलालपुर गांव के अंडरपास के निकट पहुंचे इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित बस के चालक ने अनियंत्रण के कारण बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के दौरान बस चालक जहां मौके से फरार होने में सफल हो गया वहीं बाइक सवार गंभीर हालत में घायल अवस्था में सड़क पर गिरा और उपचार के लिए तड़पने लगा। मौके पर आवागमन कर रहे राहगीरों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा। यहां हालत चिंताजनक देखते हुए बाइक सवार को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान ग्रामीण युवक की डाक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। मृतक के शव को पुलिस ने मोर्चरी में रखवाने के बाद मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी।

## जमीनी विवाद में गांव में भिड़े दो पक्ष, चले लाठी-डंडे

**कन्नौज।** जमीनी विवाद को लेकर गांव में दो पक्षों में विवाद इस कदर गहरा गया कि देखते ही देखते जमकर लाठी डंडे और पत्थरों के चलने का सिलसिला शुरू हो गया। मामला जिले के थाना ठठिया के गांव सत्सार का बताया गया है। बताते चलें कि, थाना क्षेत्र के उपरोक्त गांव निवासी रामपाल और राकेश के मध्य जमीन निर्माण कार्य को लेकर पहले विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों परिवारों के महिला पुरुष और बच्चे भी निकल आए। दोनों पक्षों में जमीन पर निर्माण कार्य को लेकर अपना अपना स्वामित्व बताए जाने और अन्य आरोपों को लेकर मामला मारपीट में बदल गया।

दोनो पक्षों में जमकर लाठी डंडे और पत्थरों के चलने का सिलसिला शुरू हो गया। विवाद में कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। इस दौरान गांव में किसी सख्श द्वारा विवाद का वीडियो भी वायरल कर दिया गया।

# विशेष स्वनिधि ऋण आवेदन एवं वितरण अभियान का आयोजन





गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

- होर्डिंग बैनर ध्वनि प्रसारण द्वारा नगर में हुआ था प्रचार प्रसार

शासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में विशेष स्वनिधि आवेदन एवं वितरण अभियान कार्यालय मैं कैंप का आयोजन किया गया जिसमें नगर के विभिन्न वार्डो से आए लाभार्थियों को पीएम स्व निधि प्रथम ऋण के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए गए। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद कार्यालय पटल सहायक प्रसनजीत मिश्रा ने बताया की अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर विशेष स्व निधि ऋण आवेदन एवं वितरण अभियान नगर पालिका कार्यालय में कैंप का आयोजन किया गय उन्होंने बताया कि पीएम स्व निधि योजना हेतु होर्डिंग बैनर एवं ध्वनि प्रसारण द्वारा नगर में लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि उक्त योजना के प्रथम चरण में रुपया 15000 तथा द्वितीय चरण में रुपया 25000 तथा तृतीय चरण में रुपया 50000 का रन लाभार्थी को चेक के माध्यम से प्रदान किया जाता है इस दौरान सीएमएम डूडा मेघना गुप्ता शैलेंद्र सिंह आकाश कुमार सक्सेना आरपी सिंह वीर सिंह मनोज कुमार त्रिपाठी जनार्दन मिश्रा सहित नगर पालिका के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने उठाई पानी की टंकी सही कराये जाने की मांग

जलालाबाद कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

ग्रामीणो व शहरी क्षेत्रो के लोगो को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिये सरकार ने हर घर नल योजना की शुरूआत की इस योजना का उद्देश्य है कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की पहुंच हो जिससे लोगो के स्वास्थ्य व जीवन स्तर मे सुधार हो सके। इस योजना का महत्व बहुत अधिक है कि ग्रामीण को घरो मे नल से स्वच्छ पानी उपलब्ध हो वही इस योजना के अन्तर्गत क्षेत्र के ग्राम गौरियापुर मे सरकार द्वारा विगत वर्षो पूर्व एक पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराकर ग्रामीणो को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया गया। लेकिन इस समय ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है विगत महीन पूर्व से नलकूप खराब पड़ा हुआ कोई भी अधिकारी या कर्मचार इस ओर ध्यान नही दे रहा है जब ग्रामीणो ने पानी की समस्या को लेकर नलकूप आपरेटर मुन्नू सिंह बाथम से पूछताछ की पहले तो ग्रामीणो से अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा कि अभी तक नलकूप का ही पानी पीते रहे हो जाओ जब सही होगा तभी नलकूप से पानी उपलब्ध कराया जायेगा कभी कहता समर खराब है कभी कहता पाइप लाइन ठीक नही है। इस साफ जाहिर हो रहा है कि पंचायत कर्मियो लापरवाही से ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे। ग्रामीणो ने जिलाधिकारी से मांग करते हुये कहा है कि होली का त्योहार नजदीक है लोग पानी के लिये तरस रहे है, नलकूप सीघ्र ही ठीक कराया जाये नही तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य होगे।

# किसान आत्मनिर्भर बनेगा तभी देश खुशहाल होगा: दिनेश यादव

समधन, समृद्धि न्यूज।



किसान यूनियन धरती पुत्र आराजनैतिक के बैनर तले एक किसान पंचायत में किसानों ने कोल्ड स्टोरेज मालिकों के मनमाने रवैये से हर वर्ष भाड़ा बढ़ाने का मुद्दा उठाकर यूनियन से इस लड़ाई को सरकार से निराकरण कराने की मांग उठाई गई क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में शुक्रवार दोपहर किसान यूनियन धरती पुत्र आराजनैतिक के तत्वावधान में किसानों की एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री हर नागरिक को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दे रहे जबकि देश की तमाम कम्पनियों के उद्योगपति अपनी तैयार की हुई सामान का बाजार में बेचने से पहले उसकी कीमत निर्धारित कर देते हैं और देश का अन्नदाता किसान जो हम सबका पेंट भरने का काम करता है उसकी ओर से भारी लागत लगाकर तैयार की हुई फसल की कीमत आज भी वहां खुद तय न कर के बिक्री कर पाना कितनी दुर्भाग्य की बात है जिससे देश के किसानों के हालात दिन पर दिन भुखमरी व कर्ज से डूबते जा रहे। पंचायत के दौरान किसानों ने कोल्ड स्टोरेज मालिकों की ओर से हर बार भाड़ा बढ़ाने के मुद्दे को जोरदारी से उठाया गया जिस पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रफीक लम्बू ने कहा कि इस सम्बन्ध में जल्द प्रदेश स्तर पर उठाकर निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा अगर समस्या का जल्द हल न हुआ तो यूनियन जन आंदोलन करने पर मजबूर होगी उन्होंने आगे कहा सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करें जिससे किसान खुशहाल हो सके।

यूनियन की महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा ने कहा देश तभी खुशहाल होगा जब अन्नदाता किसान की तैयार की फसलों का वाजिब मूल्य मिलेगा जिलाध्यक्ष आलोक यादव ने किसान पंचायत में विभिन्न समस्याओं को उठाने वाले किसानों को आभार व्यक्त करते हुए यूनियन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया इस अवसर पर यूनियन के राष्ट्रीय संरक्षक रामयश यादव, तेज प्रताप सिंह, आलोक कुमार एडवोकेट, गुंजन यादव, गौरव दुबे, अंजनी द्विवेदी, अनुराग कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, मोहित कुमार बाबा आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्रा0पं0 अमृतपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 26/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत अमृतपुर वि0ख0 राजेपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/02/2026 से 13/03/2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13/03/2026 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान व सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | बंटू के घर से रम्हौआ रोड तक साइडवाल नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 399628 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रामकुमार के घर से बदायूं रोड तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 314922 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तें:- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-(सचिन देव तिवारी) ग्रा0पं0 अमृतपुर, वि0ख0 राजेपुर सचिव- (करन सिंह)

# दंपति हत्याकांड का शीघ्र करेंगे खुलासेः डीआईजी

- घटनास्थल का किया निरीक्षण, एसपी को दिये निर्देश
- पुलिस को सीसीटीवी खंगालने के दौरान मिले सुराग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

डीआईजी हरीश चन्दर ने आज यहां कहा कि दंपति हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करेंगे। कानपुर रेन्ज के डीआईजी हरीश चन्दर ने आज दोपहर बाद कायमगंज जाकर दंपति हत्याकांड के बारे में जानकारी की। इस दौरान डीआईडी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि मारे गये वृद्ध दंपति बीमार चल रहे थे। उनको सबसे पहले मृत अवस्था में दूधिया ने देखा था। मृतकों के गले में निशान देखे गये हैं।

किसी करीबी व्यक्ति ने ही घटना को अंजाम दिया है। घटना के समय दरवाजा खुला था। मकान के अंदर स्ट्रगल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि दंपति के शवों का पैनल से पोस्टमार्टम किया जा रहा है। डीआईजी ने बताया कि घटना के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुराग मिल गये हैं।

हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस की पांच टीमें लगायी गयी हैं। घटना की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। पुलिस अधीक्षक इस घटना को



घटनास्थल पर मौजूद डीआईजी व पुलिस अधीक्षक आदि

पर्सनली देख रही हैं। वार्ता के दौरान स्थानीय विधायक सुरभि, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, सीओ राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डीआईजी ने घटना का शीघ्र खुलासा करने के मातहतों को निर्देश दिये हैं। चर्चा है कि पुलिस को सीसीटीवी कैमरे खंगालने के दौरान महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं।

घटना के बाद एक और चौंकाने वाली घटना सामने आयी है। बीती रात मृतक दंपति की बेटी गुनगुन गुरुग्राम से और मृतका पुष्पा की बहन चंदा देवी कानपुर से पहुंचीं। दोनों में पुरुषोत्तम की सम्पत्ति को लेकर काफी विवाद हुआ। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गये कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर सम्पत्ति हड़पने के आरोप लगाये। अनुमान लगाया जा रहा है कि सम्पत्ति के लालच में दंपति की हत्या तो नहीं की गयी। मालूम हो कि बीते दिनों मोहल्ला कंचा गंगा दरवाजा निवासी पुरुषोत्तम कौशल व व उनकी पत्नी पुष्पा कौशल की घर के अंदर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी थी।

### तीन लोगों को लिया गया हिरासत में

दंपति हत्याकांड में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। बताते चलें कि पुलिस को सीसीटीवी कैमरे खंगालने के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। हत्याकांड की सुई अपने करीबियों पर घूम रही हैं। पुलिस का कहना है कि वह जल्द से जल्द घटना का खुलासा करेगी।

# 10 दिन बाद भी नहीं हुआ ट्रेनों का ठहराव तो होगा आंदोलन

- लगातार उपेक्षा से लोगों में बढ़ता जा रहा है रोष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 15040 एवं 15041 के ठहराव को लेकर दिए गए ज्ञापन के 10 दिन बीत जाने के बाद भी रेलवे विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

क्षेत्रीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूर्व में लिखित रूप से मांग की थी कि इन ट्रेनों का शमशाबाद स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाए। जिससे स्थानीय यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सके, लेकिन अब तक विभाग की ओर से न तो कोई सकारात्मक जवाब आया है और न ही ठहराव शुरू किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन ट्रेनों के ठहराव से छात्रों, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। लगातार उपेक्षा से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र ही रेलवे प्रशासन ने इस मांग पर ध्यान नहीं दिया तो क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर एक बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी रेलवे विभाग की होगी। जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर अब सभी की निगाहें रेलवे प्रशासन के निर्णय पर टिकी हैं।

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा घायल



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण तथा सड़क के किनारे पड़ा घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर क्षेत्र के फर्रुखाबाद-बदायूं रोड पर गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे बाबूजी फैमिली ढाबा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.76एयू 9364 हीरो स्प्लेंडर ग्राम नगला हूसा से अमृतपुर कस्बे की ओर जा रही थी। इसी दौरान राजेपुर की ओर से आ रही मोटरसाइकिल संख्या डीएल12एसबी4172 पैशन से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में पैशन बाइक चालक कमलेश पुत्र नेपाल सिंह निवासी ग्राम सेमर झाला थाना मुंडेर जनपद हरदोई तथा हीरो स्प्लेंडर चालक शिवा पुत्र गंगा बख्श निवासी ग्राम नगला हूसा थाना अमृतपुर फर्रुखाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार कमलेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। हालांकि पुलिस ने आधिकारिक पुष्टि के लिए कमलेश को भी उपचार हेतु डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल शिवा का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद मौके पर स्थिति सामान्य रही। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



साक्षात्कार के दौरान मौजूद अभ्यर्थी

## सोशल आडिटरों का किया गया चयन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय परिसर में सोशल ऑडिटरों का अधिकारियों ने साक्षात्कार का चयन किया। विकासखंड कार्यालय परिसर में सोशल ऑडिट साक्षात्कार का चयन किया गया। जिला विकास अधिकारी डीडीओ तथा जिला सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर की टीम ने पहुंचकर लोगों का सोशल ऑडिटर के पद पर साक्षात्कार लेकर चयन किया। एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने अपना साक्षात्कार दिया। जिसमें कुछ लोगों का चयन किया गया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अधिकारी, जिला सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर सत्यवीर सिंह, कोऑर्डिनेटर गीतांजलि, प्रधानाचार्य नंदलाल, सहायक लेखा अधिकारी, के अलावा ब्लॉक सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# उन्मुखीकरण कार्यक्रम में छात्राओं व शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड कार्यालय परिसर में खंड शिक्षा कार्यालय में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी तथा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सुरभि का खंड शिक्षा अधिकारी तथा विकासखंड अधिकारी ने स्वागत किया। विकासखंड कार्यालय परिसर में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी तथा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक काकायमगंज डॉ. सुरभि रही। विधायक डॉ. सुरभि ने भी शिक्षकों को सम्मानित किया। प्राथमिक विद्यालय नगला झब्बू सिंह



शिक्षकों के साथ विधायक सुरभि

व कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों का गीत के माध्यम से स्वागत किया। समस्त विद्यालयों के शिक्षिकाओं ने स्वागत द्वार पर रंगोली बनायी। जिसके बाद विधायक ने रंगोली बनाने वाली शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, ग्राम प्रधान भटासा गोविंद गंगवार, सुमित शाक्य, मदारी गंगवार, शिक्षक सत्यवीर सिंह यादव, पंकज यादव, प्रदीप पाल, सुरेश चंद्र, शालिग्राम गंगवार, बृजेश गंगवार, प्रशांत कटियार, संजीव रंजन, आशीष यादव, वरिष्ठ लिपिक सुशील कुमार, लेखाकार सनोज यादव, अतुल कुमार मौजूद रहे।

# बेटे को जन्म देने के आठ दिन बाद बिगड़ी प्रसूता की हालत, मौत

- परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप, किया हंगामा
- सीएमओ बोले जांच के लिए गठित की गयी तीन सदस्यीय टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर के थाना कादरीगेट क्षेत्र स्थित एक नर्सिंग होम में 28 वर्षीय महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृतका ने आठ दिन पहले ही एक बेटे को जन्म दिया था। शहर के डिग्गीताल निवासी राखी 28 पत्नी शिवकांत कश्यप की शादी चार वर्ष पूर्व इटावा में हुई थी। प्रसव के लिए वह अपने मायके आई हुई थीं। एक सप्ताह पहले 20 फरवरी को इसी अस्पताल में उनकी सामान्य डिलीवरी हुई थी। डिलीवरी के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी और वह पूरी तरह स्वस्थ थीं।

बीती रात लगभग तीन बजे राखी की तबीयत अचानक बिगड़ गईए जिसके बाद परिजन उन्हें दोबारा उसी अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफने बिना समुचित जांच किए उन्हें दवा और इंजेक्शन दे दिया। इसके बाद उनकी हालत और बिगड़ गई और उनका पेट



मृतका का फाइल फोटो

फूल गया। पति शिवकांत कश्यप ने बताया कि उनकी पत्नी को दिखाने के लिए लाया गया था, लेकिन अस्पताल में क्या उपचार दिया गया, यह स्पष्ट नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपचार के बाद राखी की हालत लगातार बिगड़ती गई और अंततः उनकी मौत हो गई। परिजनों ने यह भी





अस्पताल के बाहर मौजूद पुलिस व लोग

आरोप लगाया कि हालत बिगड़ने पर किसी विशेषज्ञ डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई। महिला की छोटी बहन श्वेता ने कादरीगेट थाने में तहरीर देकर अस्पताल स्टाफके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में स्पष्ट रूप से अस्पताल स्टाफ की लापरवाही को राखी की मृत्यु का कारण बताया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय और सीएमओ अवनींद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर विस्तृत जानकारी ली। सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार ने बताया कि महिला की मौत के मामले में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी गई है। पोस्टमार्टम पैनल से कराया जाएगा। साथ ही अस्पताल को खाली करवाकर सील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यहां जो मरीज भर्ती थे। उनको एम्बुलेस से लोहिया अस्पताल भेजा गया।

## पिता के बाद अब मां का भी बच्चों के सिर से उठा साया



मृतका का फाइल फोटो

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर निवासी कुसुमलता पत्नी अखिलेश दर्जी की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उपचार के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और तीन छोटे बच्चे माता-पिता दोनों के साये से वंचित हो गए हैं। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व परमापुर के निकट सड़क हादसे में कुसुमलता गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। बताया गया कि समझौते के आधार पर उनका फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार को उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर थाना अमृतपुर पुलिस ने आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुसुमलता के चार बच्चे हैं। लगभग डेढ़ वर्ष पहले उन्होंने अपनी बड़ी बेटी दिव्यांशी की शादी हजियापुर में कर दी थी, जबकि घर पर अब हिमांशी लगभग 15 वर्ष, शिवांगी लगभग 17 वर्ष और बेटा अर्चित लगभग 12 वर्ष रह गए हैं। माता-पिता दोनों के निधन से तीनों बच्चों के सामने पालनृपोषण का संकट खड़ा हो गया है। मोहल्ले में घटना के बाद शोक का माहौल है। बच्चे अपनी मां के शव के घर पहुंचने का इंतजार करते रहे।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत ग्राम प्रधानों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया।

विकासखंड कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों का डिजिटल विषयक का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर प्रांजल शुक्ला, प्रतिभा कटियार,



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बीडीओ व प्रधान

विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह तथा ग्राम प्रधान दिनेश कुमार यादव, पवन कुमार, रामनिवास राजपूत, सुनील कुमार, इरशाद अली, अब्दुल मतलूब, राजीव यादव, मनोज कुमार यादव, रमेश चंद्र यादव, गोविंद गंगवार, सुमित कुमार शाक्य, धर्मवीर यादव, अभय राज, रणधीर सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुंबई से आए जैन श्रद्धालुओं ने भगवान विमलनाथ का किया अभिषेक पूजन

- सत्यप्रकाश अग्रवाल को उत्तर प्रदेश भामाशाह की उपाधि से किया गया सम्मानित

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

जैन आस्था के प्रमुख केंद्र कंपिल तीर्थ में गुरुवार को भक्ति और उत्साह का अनूठा दृश्य देखने को मिला। मुंबई से आए 300 जैन श्रद्धालुओं ने भगवान विमलनाथ के चरणों में शीश नवाकर सामूहिक अभिषेक एवं पूजन किया। तीर्थ परिसर मंत्रोच्चार और आराधना से गुंजायमान रहा।

श्री आर्य रक्षित तत्वज्ञान विद्यापीठ (मुंबई) एवं उत्तर प्रदेश कालिकाजी तीर्थ यात्रियों के संयुक्त तत्वावधान में यह यात्रा आयोजित की गई। यात्रा प्रभारी राजेश भाई के नेतृत्व में श्रद्धालु प्रातःकाल मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न की। दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष एक हजार साधकों के साथ पांच दिवसीय अष्टम तप साधना शिविर आयोजित करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान कंपिल तीर्थ के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने पर उद्योगपति एवं समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल को उत्तर प्रदेश भामाशाह की उपाधि से सम्मानित किया गया। उपस्थित गणमान्यजनों ने उन्हें उपरणा, शॉल और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। पंचकल्याणक यात्रा समिति की ओर से आयोजित सामूहिक अभिषेक



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित समाजसेवी सत्यप्रकास अग्रवाल व जैन समाज के लोग

में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। यात्रा प्रमुख राजेश भाई ने कहा कि यदि कंपिल में वार्षिक मेला नियमित रूप से आयोजित किया जाए और मुंबई से सीधी दैनिक रेल सेवा शुरू हो, तो यहां तीर्थयात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इससे स्थानीय स्तर पर पर्यटन और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सत्यप्रकाश अग्रवाल ने भी कहा कि मुंबई सहित पश्चिम भारत से श्रद्धालुओं की विशेष आस्था इस तीर्थ से जुड़ी है। नियमित रेल सेवा प्रारंभ होने पर प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं का आगमन संभव है।

मंदिर ट्रस्ट के सचिव मुकुंदजी शाह ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र में सुविधाओं के विस्तार और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

मुंबई, अहमदाबाद, गुजरात और राजस्थान सहित विभिन्न शहरों से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि जैन परंपरा में अष्टम तप और सामूहिक साधना का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। सामूहिक आराधना से जहां आत्मशुद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है, वहीं तीर्थ की गरिमा भी बढ़ती है।

# महिला का आम के बाग में शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी

- दुष्कर्म के बाद गला कसकर हत्या करने की जतायी जा रही आशंका

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के निकट स्थित एक आम के बाग में अज्ञात महिला का शव पड़ा होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक व कोतवाली प्रभारी ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम के माध्यम से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला की हत्या का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चर्चा के अनुसार महिला की दुष्कर्म के बाद गल कसकर हत्या की गयी है, क्योंकि उसकी जीभ बाहर निकल आयी थी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी गांव सुभानपुर निवासी अथर खां के आम के बाग में करीब 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव पड़ा होने की सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मृतका लाल-सफेद रंग का स्वेटर और काले रंग की प्रिंटेड पजामी पहने थी। गले पर किसी वस्तु से खींचकर कसने के गहरे निशान देख स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू होने लगीं। आशंका है कि पहले महिला के साथ दरिंदगी की गई



बाग में जांच पड़ताल करती पुलिस

और फिर साक्ष्य मिटाने के इरादे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह एवं फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। वही फॉरेंसिक टीम ने वीडियो व फोटोग्राफी के साथ साक्ष्य जुटाने के लिए नमूने एकत्र किए। मृतका की जीभ मुंह से बाहर निकल आई थी। इसीलिए हत्या की आशंका जताई जा रही है। समझा जा रहा है कि कहीं से हत्या कर शव यहां लाकर डाला गया होगा। चूँकि घटना स्थल श्यामनगर गांव के बेहद करीब है इसलिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की आवाजाही की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का प्रतीत होता है। आशंका है कि महिला की हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को बाग में लाकर फेंक दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों और दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस आसपास के थानों में महिला का हुलिया भेजकर शिनाख्त कराने में जुटी है।

### डीआईजी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, दिये निर्देश



आम के बाग में निरीक्षण करते डीआईजी

दंपति हत्याकांड के मामले में घटनास्थल का निरीक्षण करने आए डीआईजी हरीश चंदर ने बाग में मिले महिला के शव के घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। जहां उन्हें एसपी आरती सिंह ने बताया कि मृतका पैर में बिछुए तो पहने पर उसकी मांग में सिंदूर नहीं है। उन्होंने बताया कि मृतका के किसी से लिविंग रिलेशन भी हो सकते हैं। पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है। मृतका की शिनाख्त पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। डीआईजी ने एसपी को आसपास के थानों के अलावा अन्य जनपदों में भी पहचान कराने के निर्देश दिए।

# बिना टेंडर निर्माण, हैंडपंप व स्ट्रीट लाइट कार्यों में लाखों का कराया भुगतान

**ग्राम पंचायत में घोटाला...**

- ग्राम प्रधान ने विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का किया बंदरबांट
- प्रभारी डीपीआरओ बोले पूरे मामले की करायेंगे जांच

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड शमशाबाद की ग्राम पंचायत कुइयांधीर में नियमों को दरकिनार कर बिना टेंडर के निर्माण कार्य कराए जाने, हैंडपंप मरम्मत, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट और सीसी रोड निर्माण के नाम पर लाखों रुपये के भुगतान में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत में कई निर्माण कार्य बिना किसी टेंडर प्रक्रिया और सूचना प्रकाशन के कराए गए, जबकि शासनादेश के अनुसार निर्धारित सीमा एक लाख से अधिक के कार्यों में टेंडर प्रक्रिया अनिवार्य है। इसके बावजूद न तो निविदा आमंत्रित की गई और न ही कार्यों की सार्वजनिक सूचना दी गई। वहीं ग्राम प्रधान रानी देवी ने ग्राम पंचायत में हैंडपंप मरम्मत के नाम व स्वच्छता के नाम पर कई भुगतान किए गए हैं और हैंडपंप मरम्मत में वही पुरानी फोटो अपलोड करके जीओ टेक करके भुगतान किया गया।

जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को ग्राम पंचायत में ग्राम गौरव महिला स्वयं सहायता समूह के नाम पर 72,000 रुपये का भुगतान किया गया, जबकि सामुदायिक शौचालय बंद पड़ा है। 14 दिसंबर को दो हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 19790 व 19662 का भुगतान किया गया। उसी दिन 34,918 तथा 35,335 रु हैंडपंप रिबोर के नाम से रुपये अजय मशीनरी स्टोर फर्म के नाम से भुगतान दर्शाया गया। 11 अक्टूबर को नल मरम्मत के नाम पर 19,578 रुपये व 19,625 रुपये का भुगतान किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर हैंडपंप पहले से ही चालू थे और कुछ जगहों पर मरम्मत कार्य हुआ ही नहीं।




बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय



ग्राम पंचायत में लगी स्ट्रीट लाइट

**बिना टेंडर सीसी निर्माण के भुगतान:** ग्राम पंचायत में 1,85,125 रुपये, 1,55,211 रुपये, 2,07,671 रुपये कई बार सीसी निर्माण के नाम पर भुगतान किया गया, जबकि किसी भी कार्य का टेंडर अथवा निविदा सूचना प्रकाशन नहीं किया गया। 25 फरवरी को गामा देवी मंदिर से जयवीर सिंह के घर तक 95 मीटर सीसी सड़क के लिए 3,34,890 रुपये का भुगतान किया गया। इसी प्रकार लालू के घर से पंचायत घर तक सीसी निर्माण का भुगतान 4,85,337 रु भी बिना निविदा प्रक्रिया के कराया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर पहले से पड़े खड़ंजे पर मात्र दो से तीन सेमी0 सीसी डालकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

**स्ट्रीट लाइट खरीद में भारी अनियमितता:** ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान पति की चहेती बालाजी ट्रेडर्स नामक फर्म को स्ट्रीट लाइट के नाम पर 3,27,753 रुपये का भुगतान किया गया। जबकि सरकारी मानकों के अनुसार एक स्ट्रीट लाइट की अनुमानित लागत 3,870 रुपये निर्धारित है। आरोप है कि लगभग 50 से 60 स्ट्रीट लाइटें लगाकर प्रति लाइट 1,500 से 1,800 रुपये तक का गोलमाल किया गया। न तो कार्य की निविदा सूचना प्रकाशित की गई और न ही वास्तविक मूल्य का मिलान किया गया।

**अधिकारियों की भूमिका पर सवाल:** ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लगातार भुगतान बिना कार्य और बिना टेंडर किए गए हैं, जिनमें कुछ भुगतान ऐसे खातों में भी गए हैं जिनका कार्य से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। इससे पूरे मामले में प्रधान पति प्रेमपाल व सचिव अरुण यादव की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मामला शासन स्तर तक ले जाया जाएगा।

**क्या बोले? जिम्मेदार अधिकारी :** प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी कपिल कुमार से जब इस संदर्भ में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे मामले की जानकारी नहीं है, मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करायेंगे, जो भी दोषा होगा उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## माता-पिता बच्चों को मोबाइल से रखें दूर: बीडीओ

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद बीडीओ व जानकारी देते सचिन सिंह

विकास खण्ड कायमगंज के सभागार कक्ष में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। खण्ड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, आप जिस प्रकार से चाहें उन्हें उस सांचे में ढाल सकते हैं। बच्चे उसी प्रकार से जीवन में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मोबाइल से अपने बच्चों को बचाना प्रारंभ करें, इसके कई दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी अनाथ बच्चे को बाल सेवा योजना सामान्य से लाभान्वित कराना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी एवं कर्तव्य है और मानवता का भी कार्य है। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बाल ट्रैफिकिंग, बालश्रम, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दत्तक ग्रहण, चाइल्ड हेल्प लाइन नं0 (1098), इमरजेंसी नंबर 112 के साथ बाल सेवा योजना सामान्य के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि माता-पिता दोनों या किसी एक अथवा अभिभावक को खोने वाले बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य, पालन पोषण तथा शिक्षा जारी रखना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। ऐसे बच्चों के सपने टूट ना जाए इसलिए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिसमें 2500 रुपए प्रति माह प्रति बच्चा दिया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत गिरंद सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या कटियार, सुपरवाइजर कल्पना, खण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि अनुराग पाठक, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा, परामर्शदाता प्रवीण गुप्ता, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नेहा गौतम आदि उपस्थित रहे।

## बहुजन उत्थान समिति की शिकायत पर पार्क को कब्जे से कराया गया मुक्त



चेयरमैन प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत शमसाबाद के मो0 खानपुर में स्थित डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पार्क पर विगत कई वर्षों से अवैध कब्जेदारों को हटाने के लिए डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पार्क बहुजन उत्थान सेवा समिति ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि को प्रार्थना पत्र सौंपा। चेयरमैन ने संज्ञान में लेते हुए अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद एवं न.पं. की पूरी टीम व पुलिस प्रशासन के सहयोग से अवैध कब्जेदारों को 25 फरवरी को पार्क में हुए कब्जे को मुक्त करा दिया। पार्क में अस्थाई कब्जेदारों को अन्य स्थान पर भूमि चिन्हित कर उपलब्ध करा दी गई है। उक्त पार्क से अवैध कब्जा हटाये जाने उपरान्त डॉ. बी.आर. अम्बेडकर बहुजन उत्थान सेवा समिति के पदाधिकारियों रामसनेही, सदाराम, रामऔतार, फूलचन्द, अशोक बौद्ध, राजीव ने अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी का माल्यार्पण कर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि 58 लाख 64 हजार रूपये की धनराशि से अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्याकरण, अम्बेडकर मूर्ति स्थापना, डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण हेतु शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है। स्वीकृत उपरान्त उक्त कार्य कराया जायेगा।

## यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर रोक लगाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते समाज के लोग

यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर रोक लगाये जाने की यादव समाज की ओर से मांग की गई है।

राज्यपाल संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंप कर यादव समाज के लोगों ने मांग की है कि फिल्म निर्माता संदीप तोमर द्वारा निर्मित फिल्म यादव समाज की छवि को नकारात्मक एवं आपत्तिजनक रूप से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म के शीर्षक, कथानक एवं प्रस्तुति से प्रतीत होता है कि यह कृति एक विशिष्ट समुदाय की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने तथा समाज में भ्रम एवं आक्रोश उत्पन्न करने की मंशा से निर्मित की गई है। इस प्रकार की सामग्री न केवल यादव समाज की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाती है, बल्कि सामाजिक सौहार्द, शान्ति एवं कानून व्यवस्था के लिए भी गम्भीर चुनौती उत्पन्न कर सकती है। वर्तमान में समाज के विभिन्न वर्गों में तीव्र रोष व्याप्त है जिससे स्थिति संवेदनशील होती जा रही है। ऐसे में समाज द्वारा मांग है कि फिल्म को प्रतिबंधित किया जाये, जिससे यादव समाज व जन भावना को ठेस न पहुंचे। फिल्म के निर्माता, निर्देशक एवं सम्बन्धित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरूद्ध विधि अनुसार कानूनी कार्यवाही की जाए। भविष्य में किसी भी समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाली सामग्री पर प्रभावी निगरानी एवं नियंत्रण हेतु आवश्यक एवं ठोस कदम उठाए जाऐ। इस मौके पर कंचन यादव, रोहित यादव, प्रताप सिंह यादव, डॉ. हरिनंदन यादव, देवेन्द्र यादव, डॉ. रिषव यादव, नितिन यादव, प्रतिभा यादव, मोहित यादव, रामपाल सिंह, प्रदीप यादव, अखिलेश कुमार, गोपाल यादव, विनीत कटियार, विपिन यादव, कौशलेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विकास कार्यों की जिलास्तरीय समिति की बैठक संपन्न



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में जनपद के नगर निकायों में 15वें वित्त आयोग से आवंटित टाइड ग्रांट व अनटाइड ग्रांट तथा अवस्थापना निधि से कराये जाने बाले विकास कार्यो की जिलास्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी निकाय अपनी कार्य योजना की समीक्षा कर आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर चयन कर प्रस्तुत करें। इस अवसर पर पर अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व, सभी निकायों के अध्यक्ष अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड व निर्माण खंड, सभी ईओ व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बाल विवाह रोकथाम के प्रति किया गया जागरुक



छात्राओं को जानकारी देती निर्मला राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला कल्याण विभाग के आदेश अनुसार बाल विवाह रोकथाम हेतु 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत जिला अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी के निर्देशन में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ग्राम गांधी विकासखंड राजेपुर में बाल विवाह रोकथाम के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफवूमेन की जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत ने बाल विवाह हेतु बालिकाओं एवं अध्यापिकाओं को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण कराई एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को बालिकाओं को अवगत कराया। जिसमें स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत चार लाभार्थी चिन्हित किए गए एवं एक मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन ममता रानी, वन स्टॉफसेन्टर से सेंटर मैनेजर पूजा पाल एवं विद्यालय की अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।

### डीएन पीजी कालेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण पी.जी. कॉलेज फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर.एन. सिंह के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय में साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण एवं अन्य स्थानों की सफाई की एवं स्वच्छता व साफ-सफाई पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मो. अमीन ने स्वच्छता से होने वाले लाभ पर विस्तृत चर्चा की। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों द्वारा सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में लगभग 80 से अधिक छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. पंचम कुमार, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह, अनामिका मिश्रा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रशान्त कुमार, ओम प्रकाश सिंह, योगेन्द, अनुराग देशमुख आदि उपस्थित रहे।

## केडी बालिका डिग्री कालेज में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरुक

- महिला थानाध्यक्ष ने हेल्पलाइन नम्बरों की दी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व महिला थानाध्यक्ष/विद्यालय स्टाफ

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कालेज आवास विकास लोहिया पुरम में शुक्रवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला थाना अध्यक्ष मोनू शाक्य एवं ज्योति बघेल ने छात्राओं को नारी सुरक्षा, स्वाभिमान और नारी सम्मान के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

महिला थाना अध्यक्ष ने बताया कि मिशन शक्ति योजना वर्ष 2021 से प्रत्येक थाने पर संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत हर थाने में एक महिला उपनिरीक्षक व महिला आरक्षी की तैनाती की गई है तथा मिशन शक्ति केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से छात्राएं, महिलाएं और बालिकाएं अपनी किसी भी प्रकार की शिकायत-जैसे घरेलू हिंसा, ससुराल में उत्पीड़न, छेड़छाड़, रास्ते में परेशान करना या अन्य अत्याचार-दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी शिकायतें महिला हेल्पलाइन 1090 पर दर्ज की जा सकती हैं। साथ ही मोबाइल फोन के दुरुपयोग की स्थिति में संबंधित नंबर को ब्लॉक करने तथा 1090 व 9030 पर सूचना देने की जानकारी भी दी गई। यदि ये नंबर उपलब्ध न हों तो आपात स्थिति में 112 पर भी कॉल किया जा सकता है। प्राचार्या डॉ0 रुबी यादव ने छात्राओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत संचालित 6 से 8 माह के विभिन्न कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्राएं स्वरोजगार अथवा रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। छात्राओं को शब्द दिलाकर शपथ दिलाई गई कि वे जीवन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर चुप नहीं रहेंगी, बल्कि अपने नजदीकी थाने में जाकर महिला आरक्षी के पास अपनी शिकायत अवश्य दर्ज कराएंगी। साथ ही उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे अपनी किसी भी परेशानी को सबसे पहले अपने माता-पिता, अभिभावकों अथवा शिक्षिकाओं को अवश्य बताएंगी। कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर एवं आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। महाविद्यालय में नियमित उपस्थिति बनाए रखने वाली छात्राओं को पुस्तक देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की डॉ. मनीषा मिश्रा, ममता यादव, डॉ. रेजिना सहर, मिस प्रतिभा सिंह, डॉ. कायनात अख्तर, डॉ. ज्योत्सना शाक्य एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मनाया चन्द्रशेखर आजाद का शहादत दिवस



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा के नेतृत्व में क्रांतिकारी वीर शहीद चन्द्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मनाया गया। सभी ने चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। अध्यक्षता शिवाशीष कटियार ने की। संचालन कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद का 118वां शहादत दिवस मना रहे है। हम उनकी स्मृतियों को जीवित रखे। उन्होंने कहा कि आजाद का जन्म उत्तर प्रदेश के अलीराजपुर गांव में तिवारी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। 15 वर्ष की आयु में घर छोड़ दिया और देश को आजाद कराने के लिए क्रांति की आग में कूद पड़े। गोरे अंग्रेजों से कई जगह आमने-सामने होकर लड़ाई लड़ी और उनके छक्के छुड़ा दिये। आजादी की चिंगारी ऐसी सुलगी की पूरा देश गोरों के खिलाफ हो उठा। उन्होंने कुर्बानी का जज्बा लेकर अंग्रेजों से मुकाबला किया और देश के प्रति वीरता दिखाते हुए शहीद हो गये। युवाओं को उनके पदचिन्हों पर चलकर सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर नरेन्द्र कुमार शर्मा, शिवाजी कटियार, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, रामदत्त मिश्रा, पृथ्वीनारायन, डॉ. मेहंदी हसन, शिवकुमार, सुधा सिंह, पप्पी गुप्ता, राजेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एआरटीओ ने बताया कि जनवरी माह में जनपद में 42 सड़क दुर्घटनाओं में 26 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि माह जनवरी 2025 में जनपद में 24 सड़क दुर्घटनाओं में 17 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। माह जनवरी 2026 में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मृतकों की संख्या स्थिर रही है, राज्य मार्ग पर मृतकों की संख्या में कमी आई है। मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग तथा अन्य मार्गों पर वृद्धि हुई है। जनपद की सीमान्तर्गत कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि एवं मृत्यु दर के दृष्टिगत मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा-19 के अन्तर्गत चालन अनुज्ञप्ति के निरस्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश पुलिस व परिवहन विभाग को दिये गये। वाहन अधिनियम 1988 की धारा-19 के अन्तर्गत आभ्यासिक अपराधी या आभ्यासिक शराबी, संज्ञेय अपराध करने में मोटर वाहन का उपयोग, जनता को न्यूसेन्स या खतरा कारित करने की सम्भावना आदि के आधार पर चालन अनुज्ञप्ति के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाती है। धारा-19 का उद्देश्य स्पष्टतः जनहित एवं सड़क सुरक्षा की रक्षा करना है। जनपद में प्रत्येक माह एक या एक से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु वाली घटित प्रत्येक दुर्घटना की सूचना प्राथमिकी, चालन अनुज्ञप्ति की संख्या आदि विवरण पुलिस विभाग के माध्यम से लाईसेंसिंग प्राधिकारी/एआरटीओ (प्रशासन) को प्रेषित जायेगी। जनपद में 102 श्रेणी की 21, 108 श्रेणी की 22, नेशनल मेडिकल मोबाइल यूनिट की 2 तथा ए.एल.एस.की 5 एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। दुर्घटनाओं के मामलों में प्रायः 108 श्रेणी की एम्बुलेंस का प्रयोग किया जाता है। ए.एल.एस. श्रेणी की एम्बुलेंस का प्रयोग जिला अस्पताल से गम्भीर मरीजों को उच्च केन्द्रों पर ले जाने के लिए किया जाता हैं। जनपद में 48 एम्बुलेन्स की सूचना प्राप्त है। सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम 5 मई 2025 को अधिसूचित की गयी है, जिसके अन्तर्गत मोटर वाहनों के उपयोग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिये दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिनों के लिये प्रति पीड़ित 1.5 लाख रूपये तक के उपचार का प्रावधान किया गया है। बैठक में अधिशासी अभियन्ता (प्रा.ख.), लो.नि.वि. मुरलीधर, अधिशासी अभियन्ता (नि.ख.), लो.नि.वि. अशोक कुमार, अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय बृजभान सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, एसीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार यादव, डीएसओ सुरेन्द्र यादव, एआरएम राजेश कुमार तथा अन्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## रमजान में मोमिनों के तमाम गुनाह धुल जाते हैं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोजा रुहानी और जिस्मानी ताकत को बढ़ाने का अमल है। बंदा अल्लाह की रजा के लिए सुबह सादिक से लेकर गुरुवे आफताब तक के लिए खाने पीने से रुक जाता है और जिस्म के तमाम हिस्सों की बुराइयों से रोके रखता है। मुसलमानों के लिए रमजान बरकत का महीना है।






शाह मोहम्मद वसीम खान



मौलाना सैय्यद फरहत अली जैदी



मुजफ्फर हुसैन रहमानी

**शाह मोहम्मद वसीम खान** का कहना है कि अल्लाह अपनी रहमत से हमारे गुनाह माफ करेगा। रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में हमें ज्यादा से ज्यादा नेकी और इबादत करनी चाहिये, क्योंकि इस माह में अल्लाह रब्बुल इज्जत हर नेक काम का शबाब 70 गुना देता है। गरीबों में फितर, जकात, सदका, खैरात वगैरह उसके मुस्तहिक लोगों में ज्यादा से ज्यादा तकसीम करें। जिससे आने वाली ईद की खुशियों में गरीबों के बच्चे भी दूसरों के साथ बराबर से शरीक हो सकें। गरीब भी ईद की खुशियां मना सके। इस महीने में हमें बेहतर जिंदगी गुजारने के लिए और हमारी इस्लाह के लिए हमारे प्यारे नवी पर कुरान नाजिल फरमाया। **मौलाना सैय्यद फरहत अली जैदी** ने बताया मुसलमानों के लिए रमजान वह बरकत महीना है जिसमें अल्लाह अपनी रहमतों की बारिस करता है। जिसमें मोमिनों के तमाम गुनाह धुल जाते हैं। यह वह अजीम महीना है जिसमें अल्लाह ने तौरेव जुबूर, इंजील और कराने करीम नाजिल फरमाया। इसी माह में अल्लाह ने एक रात शबे कद्र की भी रखी है। जिसकी इबादत हजार रतों से अफजल है।

**मुजफ्फर हुसैन रहमानी** ने बताया कि सब एक साथ मिलकर इखत्यार में शरीक होते हैं। अल्लाह से दुआ की है कि सब एक हों सब नेक हों और अमन, चैन शुकून कायम रहे। सभी के बीच बच्चों और इखलाक कायम बना रहे। जहां की नफ्रतों की दुश्मनी खत्म हो लोगों के दिलों में दुश्मनी की कोई जगह न हो। रमजान, रोजा, इफ्तार, सहरी, जकात, फितर, तरावीह समेत यह सभी चीजें रमजान में मुबारकबाद का आगाह करती हैं। नमाज अदा करना मुसलमानों पर सबसे बड़ा फर्ज है। अल्लाह की इबादत करने में बंदे पीछे नहीं है। अल्लाह की इबादत करें व झूठ बोलने से बचें।

## महामंगलेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में हुआ रुद्राभिषेक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



रुद्राभिषेक में भाग लेते भक्तगण

नगर के प्राचीन मंदिर बाबा श्री महा मंगलेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम पुराना कोठा पार्चा फर्रुखाबाद छोटी काशी में सत्रहवाँ वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ भक्तों ने मनाया। प्रथम दिवस श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ श्रीराम जी राज्याभिषेक, हवन-पूजन, सुंदरकांड का पाठ श्री महा मंगलेश्वर नाथ एवं द्वादश ज्योतिर्लिंगों का वैदिक विधि से विद्वान पंडितो एवं श्री भक्तों ने रुद्राभिषेक किया। दिव्य श्रृंगार, पूजन महाआरती के साथ भक्तों ने बाबा के दर्शन किए और प्रसाद वितरण किया। धार्मिक अनुष्ठान के आचार्य पंडित मनोज अग्निहोत्री, मोहित त्रिवेदी ने बताया शिव के रुद्राभिषेक करने से देखने से और श्रवण करने से प्राणी मात्र को आध्यात्मिक सुख समृद्धि प्राप्त होती है और भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं और कृपा दृष्टि करते हैं, सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया। मुख्य यजमान सागर भारद्वाज, आयुषी भारद्वाज, रामजी बाजपेई, रामा बाजपेई, नपेंद्र एवं अंजू, निर्दोष शुक्ला, अलका शुक्ला, अपराजिता, कृष्णा, अर्पण, रजत अग्रवाल, सुशील एवं निधि शुक्ला, ओम शुक्ला, रामकुमार अवस्थी, शुभाशीष, अभिषेक, प्रमोद द्विवेदी एवं लक्ष्मी ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। आयोजन समिति से योगेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, गौतम भदोरिया, दीपक मिश्रा, सौरभ भदोरिया, आदेश राजपूत आदि में व्यवस्थाएं संभाली।

## वैज्ञानिक जागरुकता कार्यक्रम आज

- वाद विवाद निबंध प्रतियोगिता का किया जायेगा आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विज्ञान क्लब की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 28 फ़रवरी को वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, वाद विवाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने दी है।

### सूचना

मैंने नगर पालिका फर्रुखाबाद से पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था, जिसमें उसका नाम प्रनिका अग्रवाल दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। पुत्री का सही नाम पावनी अग्रवाल (PAVNI AGARWAL) है, जो सही है। जिसे मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करने की कृपा करें। **तरुन अग्रवाल पुत्र स्व0 संजीव अग्रवाल निवासी मकान नंबर 3/27 रकाबगंज कला, फर्रुखाबाद।**

## बड़ी बेटी जिंदगी से जूझ रही, अगले माह थी शादी, घर में मातम

# दो माह पहले बेटे की सड़क हादसे में मौत, अब मां-बेटी ने तोड़ी सांस

- दो माह पहले बेटे की सड़क हादसे में मौत के बाद परिवार दूसरी बड़ी त्रासदी का शिकार हो गया
- जहर खाने के बाद फांसी लगाने की आशंका, पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी है






**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र की संसारपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम काकोरी में शुक्रवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया। जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शहनाई बजने वाली थी, वहां अचानक चीख-पुकार और मातम छा गया। संदिग्ध परिस्थितियों में मां और दो बेटियों के फांसी पर लटकने का मामला सामने आया, जिसमें मां और एक बेटी की मौत हो गई, जबकि बड़ी बेटी जहर खाने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

**दोपहर में खुला दरवाजा तो उड़े होश**

ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे घर का दरवाजा बंद था। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर परिजनों और पड़ोसियों को संदेह हुआ। दरवाजा खटखटाने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो लोगों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक फूल कुमारी (50) पत्नी विजेंद्र और उनकी पुत्रियां निमिषा (19) व कंचन (25) फंदे से लटकी थीं। ग्रामीणों ने तुरंत तीनों को नीचे उतारा। उस समय कंचन की सांस चल रही थी और वह तड़प रही थी। आनन-फानन में ग्रामीणों और परिजनों ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. अजय वर्मा ने फूल कुमारी और निमिषा को मृत घोषित कर दिया। कंचन की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**पहले जहर, फिर फांसी की आशंका**

संसारपुर चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार मृतका के मुंह से झाग निकल रहा था। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि पहले जहर खाया गया और उसके बाद फांसी लगाई गई। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मौके से कुछ संदिग्ध सामग्री भी बरामद होने की बात कही जा रही है, जिसे जांच के लिए भेजा गया है।

**शादी की तैयारियां, अचानक छा गया सन्नाटा**

परिजनों ने बताया कि बड़ी बेटी कंचन की शादी मार्च माह में तय थी। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था। रिश्तेदारों को निमंत्रण भेजे जा रहे थे, खरीदारी चल रही थी। घर में खुशी का माहौल था। लेकिन इस घटना के बाद घर में मातम छा गया। परिजन बार-बार यही कह रहे हैं कि 'जिस बेटी की शादी की खुशियां मनाने की तैयारी थी, आज उसकी जिंदगी बचाने की दुआ मांगी जा रही है।'

**बेटे की मौत से पहले ही टूट चुका था परिवार**

फूल कुमारी का बड़ा बेटा पवन दिसंबर 2025 में पीलीभीत जिले के कजरी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में जान गंवा चुका था।

## नरदवल में चकबंदी विभाग की ग्राम चौपाल 10 विरासत प्रकरणों का मौके पर निस्तारण



**समृद्धि न्यूज़, फरधान खीरी।** ग्राम पंचायत नरदवल के पंचायत भवन में चकबंदी विभाग द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल में भूमि संबंधी समस्याओं की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया गया। चौपाल की अध्यक्षता बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय कुमार आनंद ने की, जबकि चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख द्वितीय दीपक कुमार एवं सहायक चकबंदी अधिकारी सुशील कुमार भी मौजूद रहे। चौपाल में कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 विरासत संबंधी प्रकरणों का मौके पर ही नियमानुसार निस्तारण कर दिया गया। शेष समस्याओं को नियमों के तहत कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि सीमांकन, खसरा-खतौनी में त्रुटियां, चक मार्ग पर अवैध कब्जा, आपसी बंटवारा विवाद, नामांतरण की लंबित फाइलें तथा पैमाइश से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। सहायक चकबंदी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत नरदवल में चकबंदी की कार्यवाही प्रगति पर है और ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। इस दौरान चकबंदी लेखपाल अरशद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बीडीओ ने लिया संज्ञान, लालापुर में नालियों की कराई गई सफाई

**निघासन, खीरी।** ब्लॉक निघासन क्षेत्र की ग्राम पंचायत लालापुर (बेलरायां क्षेत्र) में नालियों की सफाई को लेकर उठे मुद्दे पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद निघासन के बीडीओ जयेश ने संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया, जिसके बाद गांव में नालियों की सफाई कराई गई। बताया जाता है कि लालापुर में काफी समय से नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही थी। नालियों में जमा गंदगी के कारण स्थानीय लोगों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बाजार और एटीएम के आसपास गंदगी होने से आने-जाने वाले लोगों में भी असंतोष था। शिकायत सामने आने के बाद बीडीओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता बनाए रखना प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सफाई कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की है और उम्मीद जताई है कि आगे भी इसी प्रकार समस्याओं का समाधान समय पर किया जाएगा।

### अज्ञात बाइक सवार ने मारी टक्कर, पति-पत्नी गंभीर

**निघासन खीरी।** निघासन-पालिया स्टेट हाईवे पर लोनियान पुरवा मोड़ के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार अपनी पत्नी आरती देवी के साथ अपने घर नंदा पुरवा लुधौरी जा रहे थे। इसी दौरान लोनियान पुरवा मोड़ के पास सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में भर्ती कराया गया। सीएचसी में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल अज्ञात बाइक सवार की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### तीस फीट गहरे कूप में गिरे गोवंशीय पशु को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित निकाला

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर )।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में पोखरी मोहल्ले के पास तीस फीट गहरे कूप में गिरे गोवंशीय पशु (बैल)को शुक्रवार को अग्निशमन विभाग की रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में बबुरा कलां संपर्क मार्ग के किनारे सीवान में स्थित पुराने कूप में शुक्रवार सुबह गोवंशीय पशु (बैल)कुएं पास चरते हुए अचानक जगतविहीन पुराने कूप में जा गिरा।कूप में करीब चार फीट गहरा पानी होने की वजह से बैल पानी में डूबने से बच गया।बैल को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए ग्रामीण प्रदीप दुबे ने घटना की सूचना हेल्पलाइन नंबर 112 पर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पीआरवी 8242 के कांस्टेबल जितेन्द्र पटेल होमगार्ड चालक अनंत सिंह ने कूप में गिरे बैल को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अग्निशमन विभाग की रेस्क्यू टीम को सूचना दी। पूर्वाह्न 11 बजे के करीब पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम के लीडिंग फायर मैन सोहनलाल, फायरमैन चालक सुरेंद्र कुमार,फायर मैन ओमप्रकाश,अशरफ अली, प्रदीप कुमार ने ग्रामीण अखिलेश पाल, संदीप सिंह,सत्यम और दादू सिंह के सहयोग से घंटे भर की कड़ी मशक्कत के बाद कुएं में गिरे बैल को रस्सी से बांध कर ट्रैक्टर के सहारे कुएं से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुएं से बाहर निकलते ही रस्सी खुलने पर बैल ने खेतों की ओर दौड़ लगा दी। रेस्क्यू टीम द्वारा बैल को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाले जाने पर ग्रामीणों ने रेस्क्यू टीम की सराहना की।



### नौ महिलाओं की हुई नसबंदी

**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को परिवार नियोजन के तहत बंधयाकरण (नशबंदी)शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओ ने अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्ताओ के माध्यम से बन्ध्याकरण कराने के लिए पंजीकरण कराया शिविर में कुल नौ महिलाओ ने परिवार नियोजन के लिए बंधयाकरण नशबंदी के लिए उपस्थित हुई जिला मुख्यालय से आये सर्जन संतलाल ने महिलाओ का बंधयाकरण कराया है शिविर में महिलाओ के शत प्रतिशत नौ महिलाओ का बंधयाकरण नशबंदी किया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की परिवार नियोजन के तहत शिविर में कुल नौ महिलाओ ने पंजीकरण कराया था शत प्रतिशत नौ महिलाओ का बन्ध्याकरण नशबंदी सर्जन द्वारा किया गया है इस दौरान सहयोग में एआरओ संतोष कुमार,एलटी अनिल पटेल, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया रंगभरी एकादशी पर्व ड्रमंडगंज में निकाली गई प्रभातफेरी

**हलिया (मिर्जापुर )।** ड्रमंडगंज बाजार में शुक्रवार सुबह रंगभरी एकादशी पर्व पर एकादशी प्रभातफेरी समिति के अध्यक्ष अंजनी सोनी के नेतृत्व में बाजार वासियों ने गाजे बाजे के साथ भजन कीर्तन करते हुए प्रभातफेरी निकाली। परंपरानुसार रामलीला मैदान स्थित शिव मंदिर से अबीर गुलाल उड़ाते हुए प्रभातफेरी का शुभारंभ किया गया। शिव मंदिर से शुरू हुई प्रभातफेरी ड्रमंडगंज बाजार स्थित राधाकृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर होते हुए सेवटी नदी के तट पर स्थित दुर्गा मंदिर पर पहुंची। वहां से एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए प्रभातफेरी का रामलीला मैदान पर समापन किया गया। भगवान शिव, माता पार्वती व राधा, कृष्ण का स्वरूप धारण किए बालकों पर स्थानीय लोगों ने अबीर गुलाल व पुष्प वर्षा करते हुए उनका अभिनन्दन किया। भगवान शिव माता पार्वती व राधा कृष्ण का स्वरूप धारण किए आगे चल रहे बालक लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रभातफेरी में शामिल लोग फाग गीत गाते हुए हर हर महादेव व राधा कृष्ण का जय घोष करते हुए चल रहे थे।

## गैर-अधिकृत ढाबे पर रुक रहीं रोडवेज बसें, यात्रियों ने लगाए अधिक वसूली के आरोप, जांच के निर्देश

**पसगवां (खीरी)।** मैगलगंज क्षेत्र स्थित पन्नू फैमिली रेस्टोरेंट एंड ढाबा पर रोडवेज बसों के रुकने को लेकर यात्रियों ने सवाल उठाए हैं। यात्रियों का आरोप है कि बसें यहां निर्धारित समय से अधिक देर तक खड़ी रहती हैं और खानपान सामग्री के नाम पर अधिक कीमत वसूली जाती है। विरोध करने पर अभद्रता की शिकायतें भी सामने आई हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के मुख्यालय से स्पष्ट निर्देश हैं कि बसें सफर के दौरान केवल अनुबंधित ढाबों पर ही रुकेंगी। गैर-अनुबंधित (यात्री प्लाजा) स्थलों पर बस रोकने पर चालक-परिचालकों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर कुछ बसों के उक्त ढाबे पर रुकने की बात सामने आई है। यात्रियों का कहना है कि कई बार बसें यहां एक घंटे या उससे अधिक समय तक खड़ी रहती हैं, जिससे यात्रा समय प्रभावित होता है। साथ ही भोजन एवं अन्य सामग्री के दाम बाजार से अधिक बताए जा रहे हैं। हालांकि ढाबा प्रबंधन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस मामले में जब उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) सीतापुर राकेश कुमार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि पन्नू फैमिली रेस्टोरेंट एंड ढाबा, मैगलगंज निगम का अधिकृत ढाबा नहीं है। यदि किसी चालक-परिचालक द्वारा वहां बस रोकी जा रही है तो प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यात्रियों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है, ताकि यात्रा व्यवस्था पारदर्शी और नियमबद्ध बनी रहे।

# जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल में शुरू होगा डे केयर कैंसर सेंटर

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य उपलब्धि के रूप में जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध इस अस्पताल में शीघ्र ही कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी, बायोप्सी सहित आधुनिक उपचार सुविधाएं अपने ही जिले में उपलब्ध होंगी।

सीएमएस डॉ. आर.के. कोली ने बताया कि शासन के निर्देश पर स्थापित किए जा रहे इस सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देशन में एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ टीम ने भी सेंटर की तैयारियों का जायजा लिया। प्रारंभिक चरण में यह सेंटर छह बेड का होगा, जहां कैंसर की जांच, कीमोथेरेपी, बायोप्सी, बेहोशी की दवा देकर की जाने वाली जांचें, छोटे ट्यूमर की सर्जरी की तैयारी व संदर्भन, फॉलोअप, परामर्श और दर्द प्रबंधन जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि सेंटर के सुचारु संचालन के लिए चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ का राज्य स्तर पर विशेष प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। शासन द्वारा नामित डॉ. शिशिर पांडे, डॉ. विवेक यादव और डॉ. रचित मिश्रा को विशेषज्ञ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं स्टाफ नर्स नीरज कुमार, सर्वेश कुमार और वर्षा सिंह भी प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होते ही सेंटर को संचालित कर दिया जाएगा। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि अब तक कैंसर मरीजों को उपचार के लिए लखनऊ और दिल्ली जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी। डे केयर कैंसर सेंटर शुरू होने से मरीजों को अपने जिले में ही उच्चीकृत उपचार, परामर्श और देखभाल की सुविधा मिलेगी। यह सेंटर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जनपद की बड़ी उपलब्धि है, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत और उम्मीद की नई किरण भी साबित होगा।

**लखीमपुर खीरी में बड़ी स्वास्थ्य उपलब्धि**

# हमारे आँगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**



स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र बरौंधा में शुक्रवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालयों में संचालित पचास आंगनवाड़ी केंद्रों की आंगनबाड़ी और बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) हलिया दिलीप कुमार वर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसमुदाय को निपुण लक्ष्यों और मूलभूत साक्षरता के प्रति जागरूक किया जाना है। कार्यक्रम के तहत प्राथमिक अध्यापकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता का विकास करना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लक्ष्य बच्चों की मानसिकता क्षमता का विकास करना और शिक्षा के प्रति उनमें रुचि पैदा करना है। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ)हलिया प्रकाश चंद यादव ने कहा कि मानव जीवन के लिए शिक्षा वह आधार है जो बच्चों को एक सशक्त और उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करती है। कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन के विकास की कुंजी होती है। जिसके माध्यम से लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परिषदिय स्कूलों के बेसिक शिक्षा और बाल विकास विभाग के कर्मी मिलकर काम करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से छोटे बच्चों का शारीरिक मानसिक और भावनात्मक विकास करना और उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करना है। समस्त कार्यक्रमों का संचालन कंपोजिट विद्यालय बनवां के प्रधानाध्यापक राम सकल यादव ने किया।इस मौके पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौंधा के प्रधानाध्यापक करुणा शंकर दिवाकर द्विवेदी अखिलेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

## होली पर मिलावटखोरी व अवैध बिक्री पर सख्ती एसडीएम ने शराब दुकानों पर मारा छापा



**समृद्धि न्यूज़, मितौली (खीरी)।** होली के त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता ने सक्रियता दिखाते हुए आबकारी विभाग की टीम के साथ क्षेत्र की अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। छापेमारी के दौरान दुकानों के स्टाफ रजिस्टर का मिलान किया गया तथा उपलब्ध स्टॉक की क्वालिटी एवं क्वांटिटी की गहन जांच कराई गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की मिलावटी, अवैध अथवा ओवररेट शराब की बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर एवं गोदाम में रखी पेटियों का मिलान कर अनियमितताओं की पड़ताल की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि त्यौहार के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

एसडीएम ने बताया कि होली के मद्देनज़र क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है ताकि अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके और कानून व्यवस्था बनी रहे। आबकारी टीम को नियमित रूप से चेकिंग अभियान जारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## मृत बाइक चालक के पिता ने वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवरिया गांव निवासी नान्हक धरकार ने गुरुवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर हाईवा चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की गुरुवार को मेरा लड़का इंद्रमन अपने मोटर साइकिल बजाज क्यलिवर जिसका नंबर मिटा हुआ है घर से हलिया बाजार ट्रैक्टर का सामान लेने आये थे। और बाजार से सामान लेकर घर आ रहे थे की भटवारी पहड़ी के पास मोड़ पर मतवार की तरफ से हाईवा टेलर चालक शिव कुमार यादव निवासी महुवारी थाना विंध्याचल द्वारा लापरवाही पूर्वक तेजगति से गाड़ी को चलाते हुए मेरे लडके के मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मेरे लडके को गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मृत्यु हो गई मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर हाईवा चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पहुंचते ही दुकानदारों में मचा हड़कंप

- हलिया बाजार में तीन दुकानों का लिया नमूना
- भनक लगते ही कस्बा स्थित दर्जनों दुकानों का शटर गिरा कर मालिक हुए फरार

**हलिया (मिर्जापुर )।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह व खाद्य सुरक्षा अधिकारी एन एन झा के द्वारा शुक्रवार को सोठिया के एक डेरी फार्म से दूध का सैंपल नमूना लिया गया।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के आने की सूचना लगते ही हलिया कस्बा के दर्जनों दुकानदार शटर गिराकर इधर उधर हो गए ।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की टीम ने टीम सबसे पहले सोठिया कला स्थित एक डेरी फार्म पर पहुंचे जहां दूध का सैंपल नमूना लिया गया। यहां पर खोवा नहीं बनता पाया गया। इसके बाद टीम हलिया कस्बे में जा धमकी। तब तक दर्जनों खाद्य पदार्थ की दुकानों का संचालन करने वाले दुकानदार शटर गिरा कर भाग खड़े हुए। जांच टीम भटवारी, हथेड़ा, आदि जगह चक्कर लगाती रही लेकिन किसी दुकानदार का शटर नहीं खुला। टीम को पहुंचते ही अफरा तफरी मची रही इस संबंध में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर नजर मिलावटी खाद्य पदार्थो दूध, खोआ,दुकानों पर बन रही मिठइयों का निरीक्षण किया जा रहा है और नमूना सैपल जांच के लिए भेजा जा रहा है जिसके तहत तीन दुकानों में रखे खाद्य सामग्री का नमूना सैम्पल लिया गया है। इस दौरान टीम में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एफएसओ ओंकार नाथ यादव संदीप कुमार सिंह मौजूद रहे।

## ग्राम चौपाल में सीडीपीओ व एडी पंचायत ने सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मटिहरा के ग्राम सचिवालय में परिसर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के प्रतिनिधि सीडीपीओ दिलीप कुमार वर्मा व एडीओ पंचायत ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है चौपाल में ग्रामीणों की शिकायतो को सुनकर सीडीपीओ ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है । चौपाल में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी सीएचओ रितेश सिंह ने दिया गया एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने चौपाल में ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास आदि योजनाओ कि जानकारी दिया गया सीडीपीओ ने अन्न प्रसन्न व गोद भराई महिला का किया ।इसी प्रकार ग्राम पंचायत अहुगी खुर्द के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल मे नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि शिक्षक रविंद्र सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना ग्रामीणों द्वारा आवास, शौचालय, पेंशन, शौचालय पीएम सम्मान निधि के मांग को रखा शिक्षक ने समस्या को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है इस दौरान ग्राम सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ग्राम प्रधान मटिहरा आयत्री प्रसाद यादव, अहुगी खुर्द सुनील पाल पंचायत सहायक उमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

